Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षण में कहानी कहने की विधि हर एक स्तर पर शिक्षा के लिए सर्वाधिक उपयोगी हो सकती है।

44. In this situation of discomfort with respect to certain terms or concepts in social science, what is expected from a teacher ?
सामाजिक विज्ञान में कुछ शब्दावलियों अथवा संकल्पनाओं के संबंध में असहजता की स्थिति में एक शिक्षक से क्या अपेक्षित है?

(a) She should not bring up such issues in the classroom/उसे ऐसे विषयों को कक्षा में नहीं लाना चाहिए।
(b) She should avoid teaching such topics/उसे ऐसे विषयों के शिक्षण से बचना चाहिए।
(c) She should teach with sensitivity while respecting everyone's dignity/सभी के गौरव का सम्मान करते हुए उसे संवेदनशीलता के साथ-पढ़ाना चाहिए
(d) She should read out loud and go to next topic/उसे उच्च स्वर में पढ़ना चाहिए और अगले विषय पर जाना चाहिए

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान में कुछ शब्दावलियों अथवा संकल्पनाओं के संबंध में असहजता की स्थिति में एक शिक्षक सभी के गौरव का सम्मान करते हुए उसे संवेदनशीलता के साथ पढ़ाना अपेक्षित है।

45. If a teacher of Andhara Pradesh is teaching a topic of equality, the socio-economic conditions of which of the following may find a mention as a more relevant example for the discussion ?
अगर आंध्र - प्रदेश की एक शिक्षिका 'समानता' विषय का अध्यापन कर रही है तो निम्नलिखित में से किसकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों का उल्लेख परिचर्चा के लिए एक अधिक प्रासंगिक उदाहरण के रूप में होगा?

(a) The Chenchus/चेन्चू (b) The Baigas/बैगा
(c) The Mishmis/मिश्मिस (d) The Orans/ओरण

Ans. (a) : अगर आंध्र-प्रदेश की एक शिक्षिका 'समानता' विषय का अध्यापन कर रही है तो चेन्चू जनजाति की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों का उल्लेख परिचर्चा के लिए एक अधिक प्रासंगिक उदाहरण के रूप में होगा।

46. While teaching a topic such as food security, which of the following may be more appropriate in the social science class ?
सामाजिक विज्ञान की कक्षा में खाद्य सुरक्षा जैसे विषय को पढ़ाते समय, निम्नलिखित में से कौन-सा (से) अधिक उपयुक्त होगा?

(a) Students need to be taught only the textbook contents on food security/विद्यार्थियों को केवल खाद्य सुरक्षा पर पाठ्यपुस्तक की विषय-वस्तु ही पढ़ाए जाने की आवश्यकता है।
(b) Watching a film on Bengal famine/बंगाल में सूखे (अकाल) पर चलचित्र (फिल्म) देखना
(c) Archieved photographs of green revolution/हरित क्रान्ति के पुरालेखित फोटोग्राफ (चित्र)
(d) Interacting with students taking mid day meal/मिड डे मील/(दोपहर) भोजन लेते विद्यार्थियों के साथ पारस्परिक क्रिया

(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (A), (B) and (D)/केवल (A), (B) और (D)
(c) Only (A), (B) and (C)/केवल (A), (B) और (C)
(d) Only (B), (C) and (D)/केवल (B), (C) और (D)

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा में खाद्य सुरक्षा जैसे विषय को पढ़ाते समय निम्न कथन अधिक उपयुक्त होंगे -
(B) बंगाल में सूखे (अकाल) पर चलचित्र (फिल्म) देखना।
(C) हरितक्रांति के पुरालेखित फोटोग्राफ
(D) मिडडे मील/दोपहर भोजन लेते विद्यार्थियों के साथ पारस्परिक क्रिया।

47. Which of the following activities are appropriate to analyse and imagine the concept of colonialism by the midle level students ?
निम्न में से कौन-सी गतिविधियाँ मिडिल स्तर पर अधिगमकर्ताओं में उपनिवेशवाद के संप्रत्यय की कल्पना और उसके विश्लेषण हेतु उपयुक्त रहेंगी?

(A) Watching the movie Lagaan or similar movie in any modern Inian language/आधुनिक भारतीय भाषा में लगान या उस जैसी ही कोई फीचर फिल्म देखना।

(B) Deliver a lecture on the topic based on the textbook contents/पाठ्यपुस्तक में दी गई विषय वस्तु पर आधारित व्याख्यान (लेक्चर) देना।

(C) Role play on the life of Mahatma Gandhi in one of the movements/किसी एक आंदोलन में महात्मा गाँधी के जीवन पर बच्चों द्वारा भूमिका निर्वहन

(D) Dictate the details of important points on the way colonialism practised during British India/ब्रिटिश भारत में उपनिवेशवाद जिस तरह से था उससे संबंधित मुख्य बिन्दुओं को बोलकर लिखवाना।

Choose the appropriate option
उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) (A) and (D)/(A) और (D)
(b) (B) and (C)/(B) और (C)
(c) (A) and (C)/(A) और (C)
(d) (B) and (D)/(B) और (D)

Ans. (c) : मिडित स्तर पर अधिगमकर्ताओं में उपनिवेशवाद के संप्रत्यय की कल्पना और उसके विश्लेषण हेतु निम्न गतिविधियाँ उपयुक्त रहेगी -
(A) आधुनिक भारतीय भाषा में लगान या उस जैसी ही कोई फीचर फिल्म देखना।
(C) किसी एक आन्दोलन में महात्मागाँधी के जीवन पर बच्चों द्वारा भूमिका निर्वहन।

48. Cultural activities provide opportunities to social science students for .....
सांस्कृतिक गतिविधियाँ सामाजिक विज्ञान के छात्रों को प्रदान करती हैं–

(a) Self-expression/आत्म-अभिव्यक्ति के अवसर
(b) Discrimination/भेदभाव के अवसर
(c) Self-centredness/आत्मकेंद्रितता के अवसर
(d) Alienation/अलगाव

Ans. (a) : सांस्कृतिक गतिविधियाँ सामाजिक विज्ञान के छात्रों को आत्म अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान करती है।

49. Which of the following should be done by a social science teacher in order to address the diversity existed in the class and in society ?
एक सामाजिक विज्ञान शिक्षक द्वारा समाज और कक्षा में विद्यमान विविधता को संबोधित करने के लिए निम्नलिखित में से क्या किया जाना चाहिए?

(A) Inclue examples of multiple cultures in the class discussions/कक्षा परिचर्चाओं में बहु-संस्कृतियों के उदाहरणों को सम्मिलित करना

(B) Take up only example that are relevant to the majority/केवल उन्हीं उदाहरणों को उठाएँ (पर चर्चा करें) जो बहुसंख्यकों के लिए प्रासंगिक हो

(C) Encourage students to share their personal experiences in the class/विद्यार्थियों को कक्षा में अपने निजी अनुभवों को साझा करने के लिए प्रेरित करें

(D) Guide the students to appreciate the diversity/विद्यार्थियों को विविधता की सराहना करने हेतु सहायता करना

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)
(b) (A), (B) and (D)/(A), (B) और (D)
(c) (A), (C) and (D)/(A), (C) और (D)
(d) (B), (C) and (D)/(B), (C) और (D)

Ans. (c) : एक सामाजिक विज्ञान शिक्षक द्वारा समाज और कक्षा में विद्यमान विविधता को संबोधित करने के लिए निम्न कार्य किए जाने चाहिए–
(A) कक्षा परिचर्चाओं में बहु-संस्कृतियों के उदाहरणों को सम्मिलित करना।
(C) विद्यार्थियों को कक्षा में अपने निजी अनुभवों को साझा करने के लिए प्रेरित करें।
(D) विद्यार्थियों को विविधता की सराहना करने हेतु सहायता करना।

50. Which of the following questions promote critical thinking skills among social science students ?
निम्नलिखित में से कौन-से प्रश्न सामाजिक विज्ञान के विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन कौशलों को प्रोत्साहित करते हैं?

(A) Is it correct to say women should not be in politics ? Give reasons/क्या यह कहना सही है कि महिलाओं को राजनीति में नहीं होना चाहिए? कारण दीजिए।

(B) What are the differences between evergreen forest and deciduous forest ?/सदाहरति वनों और पतझड़ी वनों में क्या अन्तर है?

(C) What do you mean by earthquake ? Describe three waves that originate during earthquake/भूकंप से आपका क्या अभिप्रायः है? भूकंप में उत्पन्न तीन तरंगों की व्याख्या कीजिए।

(D) What does the word 'equality' means in the Preamble of the Constitution ?/संविधान की प्रस्तावना में 'समानता' शब्द का क्या अर्थ है?

Options :/ विकल्प :

(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (A) and (C)/केवल (A) और (C)
(c) Only (A) and (D)/केवल (A) और (D)
(d) Only (A), (C) and (D)/केवल (A), (C) और (D)

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान के विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन कौशलों को प्रोत्साहित करने के लिए निम्न प्रश्न प्रोत्साहित करेगा - 'क्या कहना सही है कि महिलाओं को राजनीति में नहीं होना चाहिए? कारण दीजिए।''

51. To create quality teachers for social science teaching in schools, which of the following aspects pre or in-service training programmes should take care of ?
विद्यालयों में सामाजिक विज्ञान शिक्षण के लिए गुणवत्ता वाले शिक्षक तैयार करने के लिए निम्नलिखित सेवापूर्व या सेवारत् , प्रशिक्षण कायक्रमों में किन आयामों का ध्यान रखना चाहिए?

(A) Emphasis on textbooks as the only source of pedagogy/शिक्षाशास्त्र के एकमात्र स्रोत के रूप में पाठ्यपुस्तकों पर बल

(B) Teachers should be oriented to encourage rote memorisation of the content/शिक्षक को विषय वस्तु के यंत्रवत् कंठस्थ करने को प्रोत्साहित करने के लिए उन्मुख होना चाहिए

(C) Teachers should be exposed to different strategic planning and collection of resources/शिक्षक को विभिन्न रणनीतिक योजना बनाने एवं संसाधनों के संग्रह हेतु अवसर देने चाहिए

(D) The use of Teacher Handbooks in the different disciplines of the social sciences should be made mandatory/सामाजिक विज्ञान के विभिन्न विषयों में शिक्षक-पुस्तिका (टीचर, हैंडबुक) का उपयोग अनिवार्य बना देना चाहिए।

Options :/ विकल्प :

(a) (A), (B) and (C) only/केवल (A), (B) और (C)

(b) (B) and (C) only/केवल (B) और (C)

(c) (C) and (D) only/केवल (C) और (D)

(d) (A) and (B) only/केवल (A) और (B)

Ans. (c) : विद्यालयों में सामाजिक विज्ञान शिक्षण के लिए गुणवत्ता वाले शिक्षक तैयार करने के लिए सेवापूर्व या सेवारत् निम्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयामों का ध्यान रखना चाहिए।
(C) शिक्षक को विभिन्न रणनीतिक योजना बनाने एवं संसाधनों के संग्रह हेतु अवसर देने चाहिए।
(D) सामाजिक विज्ञान के विभिन्न विषयों में शिक्षक-पुस्तिकों (टीचर, हैडबुक) का उपयोग अनिवार्य बना देना चाहिए।

52. Read the statements (A) and (R) and choose the appropriate option.
निम्नलिखित कथनों को (A) तथा (R) पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

Statement (A) : Holistic understanding of social science at the middle stage is possible through interdisciplinary approach
कथन (A) : माध्यामिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान की समग्र समझ अंतः शास्त्रीय उपागम द्वारा संभव है।

Statement (R) : Social science curriculum in India is organised mainly through disciplinary approach
कारण (R) : भारत में सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्या मुख्यतः विषयी उपागम द्वारा स्थापित/आयोजित की जाती है।

Choose the correct option :
सही विकल्प चुनें :

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।

(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही हैं लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (b) : माध्यामिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान की समग्र समझ अंतः शास्त्रीय उपागम द्वारा संभव है। भारत में सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्या मुख्यतः विषयी उपागम द्वारा स्थापित/ आयोजित की जाती है। अतः कथन (A) और कथन-(R) दोनों सत्य है तथा कथन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

53. With regard to understanding social science as a discipline, consider the following statements and choose the correct option.
सामाजिक विज्ञान को एक विषय-विशेष के रूप में समझने के संबंध में निम्नलिखित दो कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. The disciplines in social science have distinct methodologies and hence disciplinary boundaries should be preserved for a better understanding of the social phenomena/सामाजिक विज्ञान के विषय-विशेषों में विशिष्ट पद्धतियाँ है और अतः अनुशासनिक सीमाओं को सामाजिक परिघटना की बेहतर समझ के लिए संरक्षित करना चाहिए।

II. Social science as a discipline is interpretative in nature and hence do not lend itself to scientific inquiry/विषय-विशेष के रूप में सामाजिक विज्ञान स्वरूप से व्याख्यात्मक है और अतः वैज्ञानिक जाँच के लिए उपयुक्त नहीं है।

Options :/विकल्प :

(a) Only I is correct/केवल I सही है।

(b) Only I and II are correct/केवल II सही है।

(c) Both I and II are correct/I और II दोनों सही है

(d) Both I and II are incorrect/I और II दोनों गलत है।

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान मानव समाज का अध्ययन करने वाली शैक्षिक विधा है। इसमें मानवीय क्रियाओं और व्यवहारों का उनके सामाजिक परिवेश में क्रमबद्ध एवं व्यवस्थित अध्ययन किया जाता है। सामाजिक विज्ञान को एक विषय-विशेष के रूप में समझने के लिए निम्न कथन सही है–

(I) सामाजिक विज्ञान के विषय - विशेषों में विशिष्ट पद्धतियाँ है और अतः अनुशासनिक सीमाओं को सामाजिक परिघटना की बेहतर समझ के लिए संरक्षित नहीं करना चाहिए।

(II) विषय विशेष के रूप में सामाजिक विज्ञान स्वरूप में व्याख्यात्मक है अत; वैज्ञानिक जाँच के लिए उपयुक्त है।

54. What steps could be taken if one feels that the sources might be fabricated ?
अगर किसी को लगता है कि स्त्रोत गढ़ गए हो सकते हैं तो क्या कदम उठाए जाने चाहिए?

(A) Imagine about mental health of the person who documented the source/जिसने स्त्रोत का प्रलेखन किया था। उस व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य के बारे में पता लगाएँ।

(B) Check the material from which the source is made/उस सामग्री की पड़ताल कीजिए जिससे स्त्रोत बनाया गया।

(C) Carroborate the source with other accepted sources/स्त्रोत को अन्य स्वीकृत स्त्रोतों के साथ परिपुष्ट कीजिए।

Options :/ विकल्प :

(a) Only (C)/केवल (C)

(b) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)

(c) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)

(d) Only (B)/केवल (B)

Ans. (c) : अगर किसी को लगता है कि स्त्रोत गढ़े गए हो सकते हैं तो निम्न कदम उठाए जाने चाहिए–

(A) जिसने स्त्रोत का प्रालेखन किया था। उस व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य के बारे में पता लगाएँ।

(B) उस सामागी की पड़ताल कीजिए, जिससे स्त्रोत बनाया गया।

(C) स्त्रोत को अन्य स्वीकृति स्त्रोतों के साथ परिपुष्ट कीजिए।

55. Which of the following rubrics may be more appropriate for doing projects on the topic - French Revolution ?
'फ्रांस की क्रान्ति' विषय पर की जाने वाली परियोजना के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा रूबरिक अधिक उपयुक्त होगा?

(A) Analytical Rubric/विश्लेषणात्मक रूबरिक

(B) Checklist/जाँचसूची

(C) Holistic Rubric/समग्र रूबरिक

Options :/ विकल्प :

(a) Only (A)/केवल (A)

(b) Both (A) and (B)/(A) और (B) दोनों

(c) Only (C)/केवल (C)

(d) Both (B) and (C)/(B) और (C) दोनों

Ans. (a) : 'फ्रांस की क्रांति' विषय घर की जाने वाली परियोजना के लिए 'विश्लेषणात्मक रूबरिक' अधिक उपयुक्त होगा। विश्लेषणात्मक रूबरिक का उपयोग छात्र के निपुणता के स्तर के आधार पर विभिन्न प्रकार के कौशल का आकलन करने के लिए किया जाता है।

56. Which of the following questions attempt to assess factual knowledge of social science students ?
निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न सामाजिक विज्ञान के विद्यार्थियों के तथ्यात्मक ज्ञान के आकलन का प्रयास करता हैं ?

(A) Recently Article 370 has been removed from Indian constitution. What are pros and cons of this Act ?/हाल ही में भारतीय संविधान से अनुच्छेद 370 हटा दिया गया है। इस एक्ट के पक्ष और विपक्ष क्या हैं?

(B) Describe the movement of Sun from Tropic of Capricorn to Tropic of Cancer/मकर रेखा से कर्करेखा की ओर सूर्य की गति की व्याख्या कीजिए।

(C) Do you think the right to freedom of religion in India works properly ? Does it make India a secular state ?/क्या आप सोचते हैं कि भारत में धर्म के संबंध में स्वतंत्रता का अधिकार सही प्रकार से नियोजित हो पाता है? क्या वह भारत को एक धर्मनिरपेक्ष देश बनाता है?

(D) How is earth divided into different hemisphere ?/पृथ्वी को विभिन्न गोलार्धों गोलार्धों में कैसे विभाजित किया गया है?

Options :/ विकल्प :

(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)

(b) (B), (C) and (D)/(B), (C) और (D)

(c) (A) and (D)/(A) और (D)

(d) (B) and (D)/(B) और (D)

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान के विद्यार्थियों के तथ्यात्मक ज्ञान का आकलन करने के लिए निम्न प्रश्न है–

(B) मकर रेखा से कर्क रेखा की ओर सूर्य की गति की व्याख्या कीजिए।

(D) पृथ्वी के विभिन्न गोलार्द्धों को गोलार्द्धों में कैसे विभाजित किया गया है।

57. Who first used the concept of formative evaluation in the field of educational assessment ?
शैक्षिक आकलन के क्षेत्र में किसने सर्वप्रथम निर्माणात्मक मूल्यांकन के संप्रत्यय का उपयोग किया?

(a) Benjamin Bloom/बेंजामिन ब्लूम

(b) Michael Scriven/माइकल स्त्रिवन

(c) Lorin W. Anderson/लॉरिन डब्ल्यू एन्डरसन

(d) John Dewey/जॉन ड़िवी

Ans. (b) : माइकल स्त्रिवन ने शैक्षिक आकलन के क्षेत्र में सर्वप्रथम निर्माणात्मक मूल्यांकन के संप्रत्यय का उपयोग किया। निर्माणात्मक मूल्यांकन एक कार्यक्रम है, जो परियोजना या उत्पाद के विकास या कार्यान्वयन के दौरान प्रतिक्रिया एकत्र करने और विश्लेषण करने की एक प्रक्रिया है।

58. Match the following and choose the appropriate option./निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए और उपयुक्त विकल्प चुनिए :

I	II
(A) Placement evaluation नियोजन आकलन	**(i) Learner certification/शिक्षार्थी प्रमाणीकरण**
(B) Diagnostic evaluation नैदानिक आकलन	**(ii) Mastery of subject contents/ विषय सामग्री में प्रवीणता**
(C) Formative evaluation निर्माणात्मक आकलन	**(iii) Assessment of entry behaviour/ प्रवेश व्यवहार का आकलन**
(D) Summative evaluation/योगात्मक आकलन	**(iv) Solving learning difficulties उत्तरी पूर्वी, अमेरिका, अधिगम समस्याओं को हल करना**

(a) (A) - (iv), (B) - (ii), (C)-(i), (D)-(iii)
(b) (A)-(iii), (B) - (ii), (C)-(iv), (D)-(i)
(c) (A)-(iii), (B)-(iv), (c)- (ii), (d)- (i)
(d) (A)- (iv), (B)- (iii), (C)- (i), (D)-(ii)

Ans. (c) : सही सुमेलन निम्न है–

I	II
(a) नियोजन आकलन	(II) प्रवेश व्यवहार का आकलन
(b) नैदानिक आकलन	(I) उत्तरी पूर्वी अमेरिका अधिगम समस्याओं को हल करना।
(c) निर्माणात्मक आकलन	(IV) विषय सामग्री में प्रवीणता
(d) योगात्मक आकलन	(III) शिक्षार्थी प्रमाणीकरण

59. Which of the following may be followed to develop evaluation procedures according to the RTE Act 2009 ?
आर.टी.ई. एक्ट 2009 के अनुसार मूल्यांकन प्रक्रमों को विकसित करने के लिए निम्नलिखित में से किसका अनुसरण करना चाहिए?

(A) Promote child's knowledge, potentiality and talent/बच्चे के ज्ञान, क्षमता और प्रतिभा को प्रोन्नत करना
(B) Authentic and appropriate use of technology/प्रौद्योगिकी का प्रामाणिक एवं उपयुक्त उपयोग
(C) Make the child free of fear, trauma and anxiety/भय, सदमें एवं चिंता से बच्चे को मुक्त करना
(D) Encourage the child to express her or his views freely/बच्चे को उसके विचार स्वतंत्रता से व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करना

Options :
(a) Only (A), (B) and (C)/ केवल (A), (B) और (C)
(b) Only (B), (C) and (D)/ केवल (B), (C) और (D)
(c) Only (A), (C) and (D)/ केवल (A), (C) और (D)
(d) Only (A), (B) and (D)/ केवल (A), (B) और (D)

Ans. (c) : आर.टी.ई. एक्ट 2009 के अनुसार मूल्यांकन प्रक्रमों को विकसित करने के लिए निम्न का अनुसरण करना चाहिए–
(A) बच्चे के ज्ञान, क्षमता और प्रतिभा को प्रोन्नत करना।
(C) भय, सदमें एवं चिंता से बच्चे को मुक्त करना।
(D) बच्चे को उसके विचार स्वतंत्रता से व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करना।

60. Which of the following learning outcomes is mainly reflected in the questions :
निम्नलिखित प्रश्नों से कौन-से अधिगम प्रतिफल प्रतिबिंबित हो रहे हैं?

(i) Which state rank first in the production of spices in India ?/भारत में मसालों के उत्पादन में कौन-सा राज्य प्रथम स्थान पर है?
(ii) What are the geographical conditions favourable for production of spices ?/मसालों के उत्पादन के लिए कौन-सी भौगोलिक परिस्थितियाँ अनुकूल हैं?
(A) Classify, contrast and compare/वर्गीकृत कीजिए, विषमता दर्शाइयें और तुलना कीजिए।
(B) Evaluate and analyze information and its sources/जानकारी और उसके स्त्रोतों का मूल्यांकन एवं विश्लेषण कीजिए।
(C) Extrapolate, predict events and it's effects/बहिर्वेशन कीजिए, घटनाओं एवं उनके प्रभावों का पूर्वानुमान लगाइये
(D) Reason and assess cause and effect/कारण दीजिए, और कारण एवं प्रभाव का आकलन कीजिए।

Options :/ विकल्प :
(a) (A) only/केवल (A)
(b) (B) and (C) only/केवल (B) और (C)
(c) (A), (B) and (C) only/केवल (A), (B) और (C)
(d) (A) and (D) only/केवल (A) और (D)

Ans. (d) : प्रश्नों से निम्न अधिगम प्रतिफल प्रतिबिंबित होते हैं–
(i) भारत में मसालों के उत्पादन में कौन-सा राज्य प्रथम स्थान पर है?
(ii) मसालों के उत्पादन के लिए कौन-सी भौगोलिक परिस्थिति अनुकूल है।
(A) वर्गीकृत कीजिए, विषमता दर्शाइयें और तुलना कीजिए।
(D) कारण दीजिए, और कारण एवं प्रभाव का आकलन कीजिए।

HINDI

दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्न के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

गिजुभाई की शिक्षा पद्धति के केन्द्र में निर्विवाद रूप से बालक था, और उनका सम्पूर्ण चिन्तन व आयोजन उसी के इर्द-गिर्द रहा था, पर वे इस महत्वपूर्ण तथ्य को नहीं भूले कि बालक के शिक्षण से पूर्व माता-पिता का शिक्षण भी कम आवश्यक नहीं। शालाएँ जिस नीति को लेकर शिक्षण-प्रक्रिया का आयोजन करती हैं, माता-पिता को भी उसकी जानकारी होनी जरूरी है, साथ ही वे बालक के साथ व्यवहार में उस लीक से कहीं अलग न चले जाएँ, जो शालाओं ने बाल-विकास और बाल-शिक्षण के निमित्त रेखांकित की है। उनके बाल-शिक्षण के महत्वपूर्ण पक्ष हैं : बालक की इच्छा, उसका आनन्द, उसकी आजादी, उसका कर्तृव्य और क्रियाशीलता। गिजुभाई घर में बालक की रूचियों को महत्व देने, उस पर अपनी इच्छाएँ - आज्ञाएँ न थोपने, उसे स्वयं काम करने देने, उसके विकास हेतु घर में विविध सर्जनात्मक प्रवृत्तियाँ उपलब्ध कराने आदि के सुझाव देते हुए अभिभावकों से विशेष अपेक्षाएँ व्यक्त करते हैं कि बालक को स्वतंत्र - चेता बनाने के लिए घर में खुलेपन का माहौल दें। बालक को स्वतन्त्रता देने के पक्षधर गिजुभाई माता-पिता को स्वतन्त्रता और निरंकुशता का सूक्ष्म अन्तर भी समझाते है।

1. गिजुभाई के सम्पूर्ण चिन्तन एवं लेखन के केन्द्र में कौन है?

(a) शिक्षा नीतिकार (b) अभिभावक
(c) बच्चे (d) पाठ्यपुस्तकें

Ans. (c) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार गिजुभाई के सम्पूर्ण चिन्तन एवं लेखन के केन्द्र में 'बच्चे' है।

2. गिजुभाई के अनुसार माता-पिता को किसकी जानकारी होनी जरूरी है?

(a) पाठशाला की शिक्षण नीति
(b) पाठशाला का वित्त प्रबंधन
(c) पाठशाला का स्थापना दिवस
(d) पाठशाला की प्रबंधन समिति

Ans. (a) : गद्यांश के अनुसार गिजुभाई के अनुसार माता-पिता को पाठशाला की शिक्षण नीति की जानकारी होना जरूरी है।

3. गिजुभाई ने बालक के शिक्षण से पूर्व किसके शिक्षण को आवश्यक माना?

(a) विद्यालय के अधिकारियों का
(b) बालकों के माता-पिता का
(c) बालकों के सहपाठियों का
(d) नीतिकारों का

Ans. (b) : गिजुभाई ने बालक के शिक्षण से पूर्व बालकों के माता-पिता के शिक्षण को आवश्यक माना।

4. प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार बाल शिक्षण का महत्वपूर्ण पक्ष कौन-सा है?

(a) पाठ्यपुस्तकें (b) बच्चों के खिलौने
(c) बच्चों की क्रियाशीलता (d) बच्चों में अनुशासन

Ans. (c) : प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार बाल शिक्षण का महत्वपूर्ण पक्ष बच्चों की क्रियाशीलता है।

5. बच्चों की शिक्षा के संदर्भ में गिजुभाई अभिभावकों को क्या सुझाव देते हैं?

(a) बच्चों पर पूरी तरह से हावी रहना चाहिए।
(b) बच्चों को आदेश देते रहना चाहिए।
(c) बच्चों की क्षमता पर विश्वास नहीं करना चाहिए
(d) बच्चों को स्वयं काम करने देना चाहिए

Ans. (d) : बच्चों की शिक्षा के संदर्भ में गिजुभाई अभिभावकों को सुझाव देते हैं कि 'बच्चों को स्वयं काम करने देना चाहिए'।

6. गद्यांश की विषयवस्तु के आधार पर कहा जा सकता है कि गिजुभाई –

(a) मनोचिकित्सक थे (b) शिक्षाविद थे
(c) प्रशासनिक अधिकारी थे (d) प्रधानअध्यापक थे

Ans. (b) : गद्यांश की विषयवस्तु के आधार पर कहा जा सकता है कि गिजुभाई 'शिक्षाविद' थे।

7. 'क्रियाशीलता' में प्रत्यय है–

(a) त (b) ल + ता
(c) ता (d) ई

Ans. (c) : क्रियाशीलता में 'ता' प्रत्यय है।
प्रत्यय - शब्दों के बाद जो अक्षर या अक्षर समूह लगाया जाता है, उसे 'प्रत्यय' कहते हैं।

8. 'बाल- शिक्षण' का समास विग्रह है–

(a) बालक का शिक्षण (b) बालक और शिक्षण
(c) बालक में शिक्षण (d) बालक से शिक्षण

Ans. (a) : 'बाल-शिक्षण' का समास विग्रह 'बालक का शिक्षण' है। यह संबंध तत्पुरुष का उदाहरण है।
तत्पुरुष – तत्पुरुष समास में अंतिम पद प्रधान होता है।

9. किस शब्द में 'ता' प्रत्यय लगाकर नया सार्थक शब्द बनेगा ?

(a) शिक्षण (b) आनन्द
(c) विकास (d) स्वतंत्र

Ans. (d) : 'स्वतंत्र' शब्द में 'ता' प्रत्यय लगाकर नया सार्थक शब्द 'स्वतंत्रता' बनेगा।

दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्न के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

मैं हूँ उनके साथ खड़ी
जो सीधी रखते अपनी रीढ़
कभी नहीं जो तज सकते हैं
अपना न्यायोचित अधिकार।
कभी नहीं जो सह सकते हैं,
शीश नवाकर अत्याचार।
एक अकेले हों या उनके
साथ खड़ी हो भारी भीड़,
मैं हूँ उनके साथ खड़ी
जो सीधी रखते अपनी रीढ़।
निर्भय होकर घोषित करते
जो अपने उद्‌गार - विचार,
जिनकी जिह्वा पर होता है

उनके अंतर का अंगार,
नहीं जिन्हें चुप कर सकती है
आततायियों की शमशीर।

10. अपनी रीढ़ सीधी रखने वालों की कौन-सी विशेषता मुखरित हुई है?

(a) दूसरों के सामने शीश झुकाना
(b) सभी से समझौता कर लेना
(c) अन्याय के सामने सिर न झुकाना
(d) सदैव सीधे खड़े रहना

Ans. (c) : उपर्युक्त पद्यांश के अनुसार 'अपनी रीढ़ सीधी रखने वालों की विशेषता है- अन्याय के सामने सिर न झुकाना।

11. रीढ़ सीधी रखने से क्या अभिप्राय है?

(a) दण्डवत मुद्रा में पड़े रहना
(b) आत्मसम्मानी होना
(c) अपने ऊपर गर्व करना
(d) कभी विश्राम न करना

Ans. (b) : रीढ़ सीधी रखने से अभिप्राय है 'आत्मसम्मानी होना।'

12. 'मैं हूँ उनके साथ' पंक्ति का भाव है–

(a) उन लोगों का साथ निभाना
(b) उन लोगों के साथ कदमताल करना
(c) उन लोगों के साथ स्पर्धा करना
(d) उन लोगों के साथ मित्रता करना

Ans. (a) : उपर्युक्त काव्य के अनुसार 'मैं हूँ उनके साथ' पंक्ति का भाव है 'उन लोगों का साथ निभाना'।

13. 'जो अत्याचार के आगे चुप नहीं रहते हैं' यह भाव किस पंक्ति में आया है?

(a) कभी नहीं जो तज सकते हैं
(b) निर्भय होकर घोषित करते
(c) साथ खड़ी हो भारी भीड़
(d) नहीं जिन्हें चुप कर सकती आततायियों की शमशीर

Ans. (d) : 'नहीं जिन्हें चुप कर सकती आततायियों की शमशीर' इस पंक्ति का भाव है' जो अत्याचार के आगे चुप नहीं रहते हैं।'

14. 'शमशीर' का अर्थ है–

(a) धनुष (b) तलवार
(c) बंदूक (d) गुलेल

Ans. (b) : 'शमशीर का अर्थ 'तलवार' होगा।

15. 'न्यायोचित' में संधि विच्छेद है–

(a) न्याय + उचित (b) न्यायो + चित
(c) न्या + योचित (d) न्याय + ऊचित

Ans. (a) : न्यायोचित का संधि विच्छेद 'न्याय + उचित' है।
यह गुण संधि का उदाहरण है।
गुण संधि - यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'इ' या 'ई', 'उ' या 'ऊ' और 'ऋ' आए, तो दोनों मिलकर क्रमशः 'ए', 'ओ', और 'अर्' हो जाते हैं।

16. यदि शिक्षार्थी लक्ष्य भाषा के संदर्भ में कम अभिज्ञ है तो इस स्थिति में व्याकरण शिक्षण का क्या तरीका होना चाहिए?

(a) निगमनात्मक
(b) अध्यापक केन्द्रित
(c) कंठस्थीकरण को प्रोत्साहन
(d) अन्तः क्रियात्मक और शिक्षार्थी केन्द्रित

Ans. (d) : यदि शिक्षार्थी लक्ष्य भाषा के संदर्भ में कम अभिज्ञ है, तो इस स्थिति में व्याकरण शिक्षण 'अन्तः क्रियात्मक और शिक्षार्थी केन्द्रित' होना चाहिए।

17. ध्वनियों के आधार पर शब्द समूहों की श्रेणी को क्या कहा जाएगा?

(a) ध्वन्यात्मक समूहीकरण
(b) कोशविषयक समूहीकरण
(c) व्याकरणिक समूहीकरण
(d) अर्थविषयक समूहीकरण

Ans. (a) : ध्वनियों के आधार पर शब्द समूहों की श्रेणी को ध्वन्यात्मक समूहीकरण कहा जाएगा।
ध्वन्यात्मक समूहीकरण – इस विधि का गुण है कि समान ध्वनियों का अभ्यास बहुत हो जाता है। उच्चारण भी स्थित हो जाते हैं। बालक सहजता से ध्वनियों का उच्चारण सीख जाते हैं।

18. शिक्षार्थियों के वाचन कौशल को समृद्ध करने के लिए सबसे कम महत्वपूर्ण क्या है?

(a) उन्हें सस्वर पठन के लिए कहना
(b) बंद अंत वाले प्रश्न पूछना
(c) उन्हें अपनी भावनाएँ अभिव्यक्त करने के लिए कहना
(d) उन्हें विभिन्न प्रकार की वाचन संबंधी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना

Ans. (b) : 'बंद अंत वाले प्रश्न पूछना' शिक्षार्थियों के वाचन कौशल को समृद्ध करने के लिए सबसे कम महत्वपूर्ण है।

19. कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) पठन का तात्पर्य सामान्यतः पाठ्यसामग्री को डिकोड करना है
(b) पठन के समय पाठक अर्थ ग्रहण करते जाते हैं
(c) एक अच्छे लेखक को पता होना चाहिए कि उसके पाठक कौन हैं
(d) पठन और लेखन के लिए, व्यक्ति के पास पर्याप्त शब्द संपदा होनी चाहिए

Ans. (a) : निम्नलिखित विकल्पों में पठन का तात्पर्य सामान्यतः पाठ्यसामग्री को डिकोड करना है। कथन सही नहीं है जबकि अन्य विकल्प पठन के संबन्ध में सही है।

20. कौन-सी गतिविधि जीवन की वास्तविक स्थितियों में भाषा के प्रयोग में अधिक सहायता नहीं करेगी?

(a) श्यामपट्ट से नकल करना
(b) प्रामाणिक सामग्री का पठन
(c) समाचार सुनना
(d) प्रतिबिम्बात्मक जर्नल लिखना

Ans. (a) : श्यामपट्ट से नकल करने की गतिविधि जीवन की वास्तविक स्थितियों में भाषा के प्रयोग में अधिक सहायता नहीं करेगी। जबकि अन्य सभी गतिविधियाँ जीवन की वास्तविक स्थितियों में भाषा के प्रयोग में अधिक सहायता करेगी।

21. एक उत्साही अध्यापक किसी एक पारम्परिक कक्षा में भाषा कौशलों के विकास में शिक्षार्थियों की मदद कैसे कर सकती है?

(a) पूर्व निर्धारित पाठ्यक्रम द्वारा
(b) निर्धारित पाठ्यपुस्तकों द्वारा
(c) स्वयं निर्मित सामग्री के माध्यम से अतिरिक्त सूचनाएँ देकर
(d) साप्ताकि परीक्षाओं द्वारा

Ans. (c) : एक उत्साही अध्यापिका स्वयं निर्मित सामग्री के माध्यम से अतिरिक्त सूचनाएँ देकर किसी एक पारम्परिक कक्षा में भाषा कौशलों के विकास में शिक्षार्थियों की मदद कर सकती है।

22. लेखन विचारणीय रूप से जटिल चिंतन प्रक्रिया है। हालाँकि, अच्छे लेखन के लिए किसकी जरूरत नहीं है?

(a) योजना बनाने के लिए काफी समय लगाना
(b) पाठक के बारे में विचार करना
(c) लिखे हुए को पुनः पढ़ना, यदि आवश्यक है तो पुनर्लेखन और प्रारूप को अन्तिम रूप देना
(d) प्रक्रिया की अनदेखी करना केवल स्वरूप पर ध्यान देना

Ans. (d) : 'प्रक्रिया की अनदेखी करना, केवल स्वरूप पर ध्यान देना' अच्छे लेखन के लिए जरूरी नहीं है।

23. कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) श्रवण, वाचन, पठन और लेखन भाषा कौशल हैं
(b) लिखित भाषा वाचिक भाषा से भिन्न हो सकती है।
(c) लेखन आनन्द के लिए है अतः यह पाठक निर्देशित नहीं है।
(d) वाचन योजनाबद्ध नहीं हो सकता है पर लेखन में बहुत भलीभाँति योजना बनाने की जरूरत है

Ans. (c) : निम्नलिखित विकल्पों में 'लेखन आनन्द के लिए है अतः यह पाठक निर्देशित नहीं है। उक्त कथन सही नहीं है जबकि भाषा कौशल के सन्दर्भ में अन्य सभी कथन सही है।

24. किसी अध्यापक को कक्षा आठ के विद्यार्थियों को लेखन कौशल संबंधी शिक्षण देने के लिए पाठ योजना बनाते समय किस काम से बचना चाहिए?

(a) होटल में बुकिंग करने से जुड़ी सूचना प्राप्त करने के लिए ई मेल लिखना
(b) व्याख्यान के दौरान टिप्पणियाँ लिखना और उनका सारांशीकरण
(c) कक्षा प्रस्तुतीकरण हेतु स्लाइड आदि बनाना
(d) शिक्षार्थियों को ऐसा कार्य देना जो भाषा के रूप व नियमों को सीखने पर केन्द्रित हो

Ans. (d) : उपर्युक्त के संदर्भ में पाठ योजना बनाते समय अध्यापक द्वारा 'शिक्षार्थियों को ऐसा कार्य देना जो भाषा के रूप व नियमों को सीखने पर केन्द्रित हो' ऐसे कार्य देने से अध्यापक को बचना चाहिए।

25. एक जापानी विद्यार्थी अंग्रेजी, फ्रेंच और जापानी भाषा प्रवाहपूर्ण बोल लेती है। संभवतः यह .....।

(a) भाषा शिक्षार्थी है (b) एकलभाषी है
(c) बहुभाषिक है (d) द्विभाषिक है

Ans. (c) : एक जापानी विद्यार्थी अंग्रेजी, फ्रेंच और जापानी भाषा प्रवाहपूर्ण बोल लेती है। संभवतः यह 'बहुभाषिक है।'
ब्लूम फील्ड के अनुसार ''बहुभाषिकता की स्थिति तब पैदा होती है जब व्यक्ति किसी ऐसे समाज में रहता है जो उसकी मातृभाषा से अलग भाषा बोलता है और उस समाज में रहते हुए वह उस अन्य भाषा में इतना पारंगत हो जाता है कि उस भाषा का प्रयोग मातृभाषा की तरह कर सकता है।

26. विद्यालय में भाषा शिक्षण पाठ्यपुस्तकों के अलावा भी होना चाहिए। इस कथक के आलोक में, आप मिडित विद्यालय के शिक्षार्थियों के भाषा अधिगम को समृद्ध करने के लिए किस प्रकार के संसाधन व गतिविधियों का प्रयोग करेंगे?

(a) प्रामाणिक साहित्य का पठन
(b) निर्धारित पाठ्य पुस्तकों का पठन
(c) द्विभाषिक शब्दकोश का प्रयोग
(d) अध्यापक द्वारा निर्मित वर्कशीटों पर काम

Ans. (a) : मिडिल विद्यालय के शिक्षार्थियों के भाषा अधिगम को समृद्ध करने के लिए 'प्रामाणिक साहित्य का पठन' के संसाधन व गतिविधियों का प्रयोग करेंगे।

27. ..... एक वाक् विकार है जिससे एक ही शब्द बार-बार दोहराने से वाचन का प्रवाह बाधित होता है।

(a) हकलाना (b) त्रुटिपूर्ण उच्चारण
(c) अफेज़िया (d) डिस्फेज़िया

Ans. (a) : 'हकलाना' एक वाक् विकार है जिससे एक ही शब्द बार-बार दोहराने से वाचन का प्रवाह बाधित होता है।

28. विद्यार्थियों को अच्छे वाचन के लिए प्रशिक्षित करने हेतु कौन-सी युक्ति प्रयुक्त नहीं करनी चाहिए?

(a) सही उच्चारण का प्रदर्शन करके
(b) जिह्वा व होंठ की सही दशा का अभ्यास करके
(c) शब्दों का अनुसरण करने के लिए देखने का अभ्यास करके
(d) शिक्षार्थी को एक मिनट बोलने का अवसर देना जिससे उसकी गलती की पहचान हो सके

Ans. (c) : विद्यार्थियों को अच्छे वाचन के लिए प्रशिक्षित करने हेतु 'शब्दों का अनुसरण करने के लिए देखने का अभ्यास करके' युक्ति प्रयुक्त नहीं करनी चाहिए।

29. ग्राह्यभाषा कौशल कौन-से है?

(a) भाषा का प्रयोग करते समय स्वयं को सही करने में सक्षम
(b) व्याकरणिक संरचनाओं का सटीक उपयोग
(c) विभिन्न शैलियों में लेखन
(d) सूचनाओं के लिए श्रवण एवं पठन

Ans. (d) : 'सूचनाओं के लिए श्रवण एवं पठन' ग्राह्यभाषा कौशल के अन्तर्गत आता है।

30. उपचारात्मक अध्यापन का क्या उद्देश्य है?

(a) वर्तमान कार्यनीतियों में व्याकरण शुरू करना
(b) विद्यार्थियों के ज्ञान का परीक्षण
(c) शिक्षार्थियों ने जिन व्याकरणिक इकाइयों को सही तरह से नहीं सीखा है, उनका पुनः शिक्षण करना
(d) शिक्षार्थियों को व्याकरण पढ़ाना

Ans. (c) : 'शिक्षार्थियों ने जिन व्याकरणिक इकाइयों को सही तरह से नहीं सीखा है, उनका पुन; शिक्षण करना' उपचारात्मक अध्यापन का उद्देश्य है।

SANSKRIT

अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेषु उचिततमम् उत्तरं चित्वा लिखत -

कश्चन तरुणः विद्याभ्यासं समाप्य स्वग्रामम् आगतवान् । ग्रामं प्रति आगमनात् पूर्वं गुरुणा बोधितम् आसीत् - ''स्वाध्यायप्रवचनाभ्यां न प्रमदितव्यम् । प्रतिदिनम् अध्ययनम् अध्यापनं च करणीयम् अवश्यमेव'' इति। अतः ग्रामम् आगतः सः तरुणः अध्ययनं कुर्वन् यथाशक्ति अध्यापनम् अपि आरब्धवान्। तस्य अध्यापनम् उत्कृष्टं भवति स्म। अतः दिने दिने तस्य कक्ष्यायां छात्रसङ्ख्या प्रवृद्धा। ग्रामे अन्ये अपि केचन अध्यापयन्ति स्म। अस्य तरुणस्य अध्यापनस्य कारणतः अन्येषाम् अध्यापकानां कक्ष्यासु छात्रसङ्ख्यासु न्यूना जाता।

एतस्मात् अन्ये अध्यापकाः असूयां प्राप्तवन्तः। ते छात्राणां मातापितरौ मिथ्यां वार्ताम् उक्त्वा ग्रामे तस्य तरुणस्य विरोधं जनितवन्तः। तदीयां कक्ष्यां प्रति कोऽपि छात्रः यथा न गच्छेत् कथा कृतवन्तः।

एकस्मिन् दिने कक्ष्यासमये उपस्थिते अपि कोऽपि छात्रः कक्ष्यायां न दृष्टः। सः तरुणः ज्ञातवान् आसीत् यत् केचन जनाः असूयाम् अनुभवन्तः सन्ति इति। तेषाम् एव कुतन्त्रस्य फलम् एतत् इति सः अवगतवान् ।

छात्रेषु अनागतेषु अपि सः तरुणः अधीरः न जातः। कांश्चन शङ्कून् पुरतः संस्थाप्य सः अध्यापनम् आरब्धवान् । द्वित्राणि दिनानि एवमेव प्रवृत्तम् । तदा ग्रामीणाः तस्य अध्यापनश्रद्धाम् असूयाग्रस्तानां कुतन्त्रं च ज्ञातवन्तः। अतः ते सर्वे सम्भूय गत्वा तं तरुणं क्षमां याचन्तः उक्तवन्तः - 'इतिः परम् अस्मदीयाः बालाः भवतः कक्ष्यां प्रति नियततया आगमिष्यन्ति। ते भवता एव पाठनीयाः' इति। सः तरुणः प्रवृत्तस्य विषये खेदम् अप्राप्य बालानां पाठनं सहर्षम् अङ्गीकृतवान् ।

शङ्कून् पाठयन् पाठनव्रतं रक्षितवतः तस्य तरुणस्य नाम 'शङ्कुकः' इति एव ख्यातम् अभवत् । साहित्यशास्त्रक्षेत्रे तदीयं नाम प्रसिद्धम् अस्ति।

1. विद्याभ्यासं समाप्य तरुणः कुत्र आगतवान् ?

(a) नगरम् (b) आश्रमम्
(c) राजभवनम् (d) स्वग्रामम्

Ans. (d) : प्रसंगानुसार तरुणः विद्याभ्यासं समाप्य स्वग्रामम् आगतवान्। अर्थात् प्रसंग के अनुसार तरुण विद्याभ्यास को पूरा करके अपने गांव में आया।
समाप्त = सम् + आप् + ल्यप्
आगतवान् =आ + गम् + क्तवतु
राजभवनम् = राज्ञः भवनम् राजभवनम्

2. के असूयां प्राप्तवन्तः

(a) ग्रामीणजनाः (b) विद्यार्थिनः
(c) भृत्याः (d) अध्यापकाः

Ans.(d) : अध्यापकाः असूयां प्राप्तवन्तः। अर्थात् प्रसंग के अनुसार अध्यापक असूया को प्राप्त हो गये। तरुण नाम का युवक विद्याभ्यास को पूरा करके अपने गांव आता है। वहाँ छात्रों को पढ़ाना शुरु करता है। गांव के लगभग छात्र उसकी कक्षा में आने लगते है। इस कारण से अन्य अध्यापक ईर्ष्या को प्राप्त हो गये।
असूया - गुणों में दोष देखना असूया है।
प्राप्तवन्तः - प्र+आप्+क्तवतु (बहुवचन)
प्राप्तवान् प्राप्तवन्तौ प्राप्तवन्तः

3. तरुणस्य नाम किम् आसीत् ?

(a) शङ्कुकः (b) नागार्जुनः
(c) भरतः (d) सुश्रुतः

Ans. (a) : तरुणस्य नाम 'शङ्कुकः आसीत।
प्रसंगानुसार तरुण का नाम शङ्कुक था। गद्य के अनुसार जब तरुण पढ़ाने लगा, गांव के लगभग छात्र उसकी कक्षा में आने लगे, तब अन्य अध्यापकों को उससे असूया हो जाती है और वे ग्रामीणों से निन्दा कर तरुण की कक्षा में विद्यार्थियों का आना बंद करवा देते है। तब तरुण शङ्कुओं को रखकर पढ़ाना आरंभ करता है और उसका नाम शङ्कुक हो जाता है। शङ्कुक का रस निष्पत्ति के विषय में 'अनुमिति' वाद अत्यन्त प्रसिद्ध है।

4. शङ्कुकः कस्मिन् क्षेत्रे ख्यातः जातः?

(a) गणितशास्त्रे (b) आयुर्वेदे
(c) योगशास्त्रे (d) साहित्यशास्त्रे

Ans. (d) : शङ्कुक ''साहित्यशास्त्रे'' प्रसिद्ध जातः। अर्थात् 'शङ्कुक' साहित्य शास्त्र में प्रसिद्ध हुये।
शंकुक भरतनाट्य शास्त्र के व्याख्याता है। उनका मानना है ''रस प्रक्रिया के लिए एक नये तथ्य को प्रस्तुत करते है कि रस की स्थिति अनुकार्य (मूलपात्र) में होती है। नत अपने कुशल अभिनय द्वारा हाव-भाव के माध्यम से उसे प्रदर्शित करना चाहता है। वस्तुतः नट में रस की स्थिति नहीं है पर उसमें रस का अनुमान कर लिया जाता है। यही अनुमितिवाद है।

5. 'ईर्ष्या' इत्यस्य समानार्थकं पदं चित्वा लिखत -

(a) भीतिः (b) असूया
(c) क्रोधः (d) लज्जा

Ans. (b) : ''ईर्ष्या'' इत्यस्य समानार्थकं पदं असूया अस्ति। उपरिलिखित शब्दों में ईर्ष्या का समानार्थक पद असूया है।
भीतिः = भय
असूया = ईर्ष्या
क्रोध = अमर्ष
लज्जा = ब्रीड़ा

6. 'ज्ञातवान्' इत्यस्य समानार्थकं पदं चित्वा लिखत -

(a) गतवान् (b) मूतवान्
(c) अवगतवान् (d) हसितवान्

Ans. (c) : उपरिलिखितेषु ''ज्ञातवान्'' इत्यस्थ समानार्थकं पद अवगतवान् इति अस्ति।
ज्ञा + क्तवतु = ज्ञातवान् = ज्ञान वाला
गम् + क्तवतु = गतवान् = जाने वाला
हस् + क्तवतु = हसित वान् =हसाने वाला
क्तवतु प्रत्यय का प्रयोग सिर्फ कर्तृवाच्य में होता है। क्तवतु निष्ठा से क्त तथा क्तवतु की निष्ठा संज्ञा होती है तथा ''निष्ठा'' सूत्र से भूतार्भवृत्ति में क्त तथा क्तवतु प्रत्यय होता है।

7. 'सम्भूय' इति पदे कः कृदन्तप्रत्ययः प्रयुक्तः?

(a) ल्यप् (b) क्त्वा
(c) तुमुन् (d) शानच्

Ans. (a) : सम्भूय इति पदे 'ल्यप्' कृदन्त प्रत्ययः प्रयुक्तः।
सम्भूय इस पद में 'ल्यप्' कृदन्त प्रत्यय होता है।
सम् + भू + ल्यप् =संभूय
भू + क्त्वा = भूत्वा
भू + तुमुन् = भवितुम
प्री + शानच् = प्रीयमाणः

- ल्यप् प्रत्यय का विधान सोपसर्ग धातु से पूर्वकालिक क्रिया में होता है उपसर्ग न होने पर क्त्वा होता है
- तुमुन् प्रत्यय का विधान के लिए अर्थ में होता है।
- वर्तमानकालिक क्रिया को बतलाने के लिए शानच् प्रत्यय का प्रयोग होता है।

8. 'भवतः' इति पदे का विभक्तिः प्रयुक्ता?

(a) प्रथमा (b) षष्ठी
(c) चतुर्थी (d) सप्तमी

Ans. (b) : ''भवतः'' इति पदे षष्ठी विभक्तिः प्रयुक्ता अस्ति।
''भवतः'' इस पद में षष्ठी विभक्ति एकवचन प्रयुक्त है।

भवत् (पुल्लिंग)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र.वि.	भवान्	भवन्तौ	भवन्तः
द्वि.वि.	भवन्तम्	भवन्तौ	भवतः
तृ.वि.	भवता	भवद्भ्याम्	भवद्भिः
च.वि.	भवते	भवद्भ्याम्	भवद्भ्यः
पं.वि.	भवतः	भवद्भ्याम	भवद्भ्यः
ष.वि.	भवतः	भवतोः	भवताम्
स.वि.	भवति	भवतोः	भवत्सु
सम्बोधन	हे भवान्!	हे भवन्तौ!	हे भवन्तः!

अधोलिखितं गद्यांश पठित्वा प्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः उचिततमम् उत्तरं चित्वा लिखत -

कदाचित् कश्चन राजा वैराग्यं प्राप्य संन्यासी जातः। भिक्षाटनसमये काचित् माता तस्मै भिक्षारूपेण त्रीन् तण्डुलकणान् दत्तवती। तदा सः संन्यासी आश्चर्येण अपृच्छत् - ''आर्ये! एतैः त्रिभिः तण्डुलकणैः पाकः कर्तुं न शक्यः। अतः स्पष्टं यत् एते विशिष्टोद्देशेन दत्ताः इति। ते उद्देशाः के ?'' इति। तदा माता अवदत् - ''भवान् पूर्वं राजा आसीत् इति भवतः मुखदर्शनात् एव ज्ञायते। त्रीन् अंशान् ज्ञापयितुं मया त्रयः तण्डुलकणाः दत्ताः'' इति।

''ते त्रयः अंशाः के?'' - संन्यासी अपृच्छत् ।

''पूर्वं प्रासादे यथा तथैव भवता सर्वदा सुरक्षिततया स्वातव्यम् इति प्रथमः अंशः। प्रासादे इव प्रतिदिनं भवता रुचिपूर्णभोजनं करणीयम् इति अंशः द्वितीयः। प्रासादे इव अन्यत्र अपि भवान् सुखनिद्रां प्राप्नुयात् इत्ययं तृतीयः अंशः। ...''

''अहम् इदानीं प्रासादे नास्मि खलु? अतः एते अंशाः जीवने कथं पालयितुं शक्याः मया?'' - राजा अपृच्छत् ।

''कामक्रोधलोभमोहादयः शत्रवः यदि भवता दूरे स्थाप्येरन् तर्हि भवतः सुरक्षितता सिद्धा। प्रतिदिनं परिश्रमः, योगाभ्यास इत्यादयः नियततया कृताः चेत् महती बुभुक्षा बाधते। तदा शुष्का रोटिका अपि परमस्वादुतया भासते। अतः प्रतिदिनं सम्यक् बुभुक्षा यथा प्राप्येत तथा परिश्रमः करणीयः। यदा शरीरश्रमः अधिकः भवेत् तदा एव सुखनिद्रा प्राप्येत। अतः शरीरश्रमः भवतः अधिकः भवेत् सर्वदा।...''

''अम्ब! उत्तमा नीतिः उत्कृष्टेन क्रमेण ज्ञापिताः भवत्या'' इति उक्त्वा तां कृतज्ञतापूर्वकं नमस्कृत्य ततः अग्रे गतवान् संन्यासी।

9. कः सन्यासी जातः ?

(a) राजा (b) भृत्यः
(c) छात्रः (d) सचिवः

Ans. (a) : राजा सन्यासी जातः। राजा सन्यासी हो गया।
कदाचित् कश्चन राजा वैराग्यं प्राप्य सन्यासी जातः।
भृत्यः = सेवक, नौकर
छात्रः = विद्यार्थी
सचिवः मन्त्री

10. माता कति तण्डुलकणान् दत्तवती ?

(a) चतुरः (b) पञ्च
(c) अष्टौ (d) त्रीन्

Ans. (d) : गद्यानुसारं माता त्रीन् तण्डुलकणान् दत्तवती।
गद्यानुसार सन्यासी को माता ने तीन चावल के कण दिये।
त्रि शब्दों नित्यं बहुवचनान्तः।

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसकलिंग
त्रयः	तिस्रः	त्रीणि
त्रीन्	तिस्रः	त्रीणि
त्रिभिः	तिसृभिः	त्रिभिः
त्रिभ्यः	तिसृभ्यः	त्रिभ्यः
त्रिभ्यः	तिसृभ्यः	त्रिभ्यः
त्रयाणाम्	तिसृणाम्	त्रयाणाम
त्रिषु	त्रिसृसु	त्रिषु

11. ''अहम् इदानीं प्रासादे नास्मि खलु?'' इति केन पृष्टम्?

(a) बालकेन (b) राज्ञा
(c) सेवकेन (d) मुनिना

Ans. (b) : ''अहम् इदानीं प्रासादे नास्मिखलु'' एतत् वचनं राजा कथितम्। अर्थात् ''मैं अब महल में निश्चय ही नहीं हू'' यह वचन राजा में भिक्षा देने वाली माता से कहता है।
बालकेन - तृ0वि0 एक वचन, बालक से
राज्ञा - तृ0वि0 एक वचन, राजा से
सेविकन - तृ0वि0 एक वचन, सेवक से
मुनिना - तृ0वि0 एक वचन, मुनि से

12. 'राजभवनम्' इत्यस्य समानार्थकं पदं चित्वा लिखत -

(a) प्रासादः (b) गिरिम्
(c) आश्रमम् (d) रङ्गशाला

Ans. (a) : ''राजभवनम्'' इत्यस्य समानार्थकं पदं ''प्रासादः'' अस्ति। राजभवन इस शब्द का समानार्थक पद प्रासाद होता है। ''प्रासादं भवनं गृहम्''। इत्यस्यः
प्रासादः = महल,
गिरिम् = पर्वत
आश्रमम् = कुती, मुनि के रहने का स्थान
रङ्गशाला - नाट्यभूमि

13. 'भवता' इति पदे का विभक्तिः प्रयुक्ता:?

(a) तृतीया (b) चतुर्थी
(c) षष्ठी (d) सप्तमी

Ans. (a) : ''भवता'' इति पदे तृतीया विभक्तिः प्रयुक्ता।
''भवता'' इस पद में तृतीया विभक्ति एक वचन है।

भवता	भवदभ्याम्	भवद्भिः

14. 'प्रतीयते' इत्यस्य समानार्थकं पदं चित्वा लिखत -

(a) गम्यते (b) राजते
(c) लभते (d) भाषते

Ans. (d) : प्रयीयते 'इत्यस्थ समानार्थकं पदं ''भासते'' अस्ति। प्रतीयते इस क्रिया का समानार्थक पद 'भासते' है।

भाषते	भाषेते	भाषन्ते
भाषसे	भाषेधे	भाषध्वे
भाषे	भाषावहे	भाषामहे।

15. 'स्थाप्येरन्' इति क्रियापदं कस्मिन् लकारे प्रयुक्तः?

(a) लोट्लकारः (b) विधिलिङ्लकारः
(c) लुट् लकारः (d) लङ्लकारः

Ans. (b) : ''स्थाप्येरन्'' इति क्रियापदं विधि लिङ्लकारे प्रयुक्तः। अर्थात् स्थाप्येरन् यह क्रिया पद विधिलिङ्लकार में प्रयुक्त है।

16. भाषा-अधिगमधिग्रहणयोः विषये क्रेशनमहोदयस्य सिद्धान्ते अधोलिखितेषु किं सत्यम् ?

(a) भाषा - अधिग्रहणम् औपचारिकसन्दर्भे भवति भाषा-अधिगमः अनौपचारिकसन्दर्भे भवति।
(b) अधिगमः सर्वदा उपचेतन - प्रक्रिया भवति अधिग्रहणं तु एका चेतनप्रक्रिया भवति।
(c) अधिगमः भाषावबोधेन सम्बन्धः भवति अधिग्रहणं तु विविधसन्दर्भेषु भाषायाः प्रयोगेण सम्बद्धः भवति।
(d) अधिगमः अन्तर्निहितः भवति, अधिग्रहणं स्फुटः भवति।

Ans. (c) : भाषा-अधिगमधि ग्रहणयोः विषये ''अधिगमः भाषावबोधेन सम्बन्धः भवति अधिग्रहणं तु विविध सन्दर्भेषु भाषायाः प्रयोगेण सम्बद्धः भवति'' एतत् क्रेशन महोदयस्थ सिद्धान्तः अस्ति। उपरिलिखितों में भाषा अधिगम अधिग्रहण में ''अधिगम का सम्बन्ध भाषा ज्ञान से होता है, अधिग्रहण तो अनेक संदर्भों में भाषा प्रयोग से सम्बद्धः होता है। यह क्रेशन महोदय का सिद्धान्त है।

17. कः अधिगम-सिद्धान्तः एतत् मन्यते यत् त्रुट्यः भाषा-अधिगम-प्रक्रियायाः अंशाः सन्ति?

(a) संरचनावादी (b) अन्तर्क्रियावादी
(c) व्यवहारवादी (d) संज्ञानवादी

Ans. (d) : 'संज्ञानवादी' अधिगमः सिद्धान्तः एतत् मन्यते यत् त्रुट्यः भाषा अधिगम प्रक्रियायाः अंशाः सन्ति।
अर्थात् - संज्ञानवादी अधिगम सिद्धांत यह मानता है जो कि त्रुटियां भाषा अधिगम प्रक्रिया के अंश है।

18. एकस्यां भाषाकक्षायां शिक्षकः छात्रान् भूमिका अभिनय (role-play) कर्त्तुं निर्दिशति यथा भोजनालये स्थित्वा खाद्यवस्तूनि आहरणाय भोज्यतालिकायाः (menu) प्रयोगः अथवा सुनिश्चितस्थानं प्राप्तुं मार्गनिर्देशनाय कथनम् । भूमिका - अभिनय - माध्यमेन कीदृशानि कौशलानि अभिलक्षितानि?

(a) श्रवणं, सम्भाषणं च (b) पठनं, सम्भाषणं च
(c) पठनं, लेखनं च (d) सम्भाषणं, लेखनं च

Ans. (a) : एकस्यां भाषाकक्षायां शिक्षकः छात्रान् भूमिका अभिनय कर्तुं निर्दिशति यथा भोजनालये स्थित्वा खाद्यवस्तूनि आहरणाय भोज्यतालिकायाः प्रयोगः अथवा सुनिश्चित स्थानं प्राप्तुं मार्ग निर्देशनाय कथनम्। भूमिका - अभिनय माध्यमेन ''श्रवणं सम्भाषणं च'' कौशलानि अभिलक्षितानि। एक भाषा की कक्षा में शिक्षक छात्रों को भूमिका अभिनय करने के लिए निर्देश देता है। यथा भोजनालय में स्थित होकर खाद्य वस्तुओं को लाने के लिए भोज्य तालिका का प्रयोग अथवा सुनिश्चित स्थान प्राप्ति के लिए मार्ग निर्देशन के लिए कहना। भूमिका अभिनय माध्यम से ''श्रवण, सम्भाषण'' अधिगम कौशल अभिलक्षित है।

19. विवरणात्मकव्याकरणविषये अधोलिखितेषु किं कथनम् असत्यम् अस्ति?

(a) विवरणात्मक-व्याकरणं भाषायाः वास्तविकप्रयोगेण सम्बद्धं भवति।
(b) विवरणात्मक - व्याकरणं, यानि वाक्यानि सम्भाषणाय लेखनाय च प्रयुज्यन्ते, तेषां अन्वीक्षणं करोति।
(c) केन प्रकारेण भाषा प्रयोज्या इति विषये विवरणात्मक-व्याकरणं प्रबोधयति।
(d) विरणात्मक- व्याकरणे नियमानां संकलनः भवति।

Ans. (c) : उपरिलिखितेषु विवरणात्मक व्याकरण विषये ''केन प्रकारेण भाषा प्रयोज्या इति विषये विवरणात्मक व्याकरणं प्रबोधयति'' एतत् कथनं असत्यं अस्ति। अर्थात् उपरिलिखितों में विवरणात्मक व्याकरण के विषय में ''किस प्रकार से भाषा का प्रयोग करना चाहिए इस विषय में विवरणात्मक व्याकरण का बोध कराता है'' यह कथन असत्य है।

20. यदि छात्राः व्याकरणस्य नियमानां बोधवन्तः भवेयुः त्रुटिपरिष्कारं च कुर्वन्तु, तदा शिक्षकः - व्याकरणं शिक्षते –

(a) स्फुटः (b) अन्तर्हितः
(c) भाषाशास्त्रीयः (d) प्रतिषेधी

Ans. (a) : यदि छात्राः व्याकरणस्य नियमानां बोधवन्तः भवेयुः त्रुटिपरिष्कारं च कुर्वन्तु तदा शिक्षकः ''स्फुटः'' व्याकरणं शिक्षते। यदि छात्र व्याकरण के नियमों को जानते हुए, त्रुटि का परिष्कार करना चाहिए, तब शिक्षक स्फुट व्याकरण सीखते है।

21. एकस्मात् पाठात् मूलशब्दाः तादृशैः शब्दैः परिवर्तिताः यैः सहविद्यार्थिनः परिचिता स्युः एतया प्रक्रियया शिक्षकः किं कर्त्तुम् इच्छति?

(a) कोशीय - नियन्त्रणः (b) संरचनात्मक - नियन्त्रण
(c) सूचनात्मकनियन्त्रण (d) पाठ्यचर्यानियन्त्रणः

Ans. (b) : एकस्मात् पाठात् मूलशब्दाः तादृशैः शब्दैः परिवर्तिताः यैः सहविद्यार्थिनः परिचिता स्युः एतया प्रक्रियया शिक्षकः ''संरचनात्मक-नियंत्रण'' कर्तुम इच्छति। एक पाठ से मूल शब्द उसके सदृश शब्दों से परिवर्तित है। जिनके साथ विद्यार्थी परिचित है इस प्रक्रिया से शिक्षक 'संरचनात्मक नियंत्रण'' करना चाहता है।

22. माधुरी एका कुशला पाचिका दूरवाणीवार्तालापेन स्वसखिमुखात् बङ्गीय - पायसनिर्माणविधिं शृणोति। अत्र का प्रक्रिया - पद्धतिः तया अङ्गीक्रियते ?

(a) अधो - उपरिगामि प्रक्रिया
(b) उपरि अधोगामि प्रक्रिया
(c) आकस्मिक - श्रवणम्
(d) बहुकार्यता

Ans. (b) : माधुरी एकाकुशला पाचिका दूरवाणी वार्तालापेन स्व सखी मुखात् बङ्गीय पायस निर्माणं विधि शृणोति अत्र तथा ''उपरि अधोगामी'' प्रक्रिया पद्धतिः अङ्गी क्रियते। माधुरी एक कुशल पाचिका है। दूरवाणी माध्यम से वह अपनी सखी के मुख से बङ्गीय खीर निर्माण विधि को सुनती है यहां उसके द्वारा ''उपरि अधोगामी'' प्रक्रिया अङ्गीकृत की जाती है।

23. कक्षायां विद्यार्थिनः कथायाः ऐतिहासिक - सांस्कृतिकं पृष्ठभूमिं शृण्वन्ति। शिक्षकः तान् स्व-स्वपृष्ठभूमिभिः सह कथायाः साम्यम् वैषम्यं च स्थापयितुं च निर्दिशति। एवंविविधकार्यं किं कथ्यते?

(a) पूर्व-पठन गतिविधिः (b) पठनकालिक गतिविधिः
(c) द्रुतपठनम् (d) क्रमवीक्षणम्

Ans. (a) : कक्षायां विद्यार्थिनः कक्षायाः ऐतिहासिक सांस्कृतिक पृष्ठभूमिं शृण्वन्ति। शिक्षकः तान् स्व-स्व पृष्ठ भूमिभिः सह कथायाः साम्यम् वैषम्यं च स्थापयितुं च निर्दिशति एवं विविध कार्यं पूर्व पठन गति विधिः कथ्यते। कक्षा में विद्यार्थी कथा के ऐतिहासिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को सुनते है। शिक्षक उनको अपने-अपने पृष्ठभूमि के साथ कक्षा के साम्य वैषम्य को स्थापित करने के लिए निर्देश देता है। इस प्रकार का कार्य ''पूर्वपठन गतिविधि'' कहा जाता है।

24. डिसलेक्सिया इति विकलतया पीड़ितजनानां विषये अधस्तनेषु किं कथनम् असमीचीनम् ?

(a) वर्णपरिज्ञाने तैः काठिन्यम् अनुभूयते।
(b) ते केवलं श्यामपट्टतः यथापाठं अनुलेखने समर्थाः भवन्ति।
(c) ते गतिसन्तुलने कठिन्यं अनुभवन्ति।
(d) ये शब्दाः अवलोकने समानाः प्रतीयन्ते तद्विषये तेषु भ्रान्तिः उपजायते।

Ans. (b) : डिसलेक्सिया इति विकल तया पीड़ित जनानां विषये असमीचीनं कथनं ''ते केवलं श्यामपट्टतः यथापाठं अनुलेखने समर्थाः भवन्ति'' एतत् असमीचीनं कथनं अस्ति डिसलेक्सिया से विकल पीडित जन के विषय में गलत कथन से केवल श्याम पट्ट से पाठ के अनुसार अनुलेखन में समर्थ होता है। यह कथन असमीचीन है।

25. अधोलिखितेषु कः उपागमः भाषा-कक्षायां मातृभाषायाः प्रयोगं हतोत्साहयति -

(a) द्विभाषि - उपागमः
(b) साक्षात् - उपागमः
(c) कार्याधारित - भाषा - शिक्षणम्
(d) सम्प्रेषणात्मक - उपागमः

Ans. (b) : उपरिलिखितेषु 'साक्षात् उपागमः' भाषा कक्षायां मातृभाषायाः प्रयोगं हतोत्साहयति। अर्थात् उपरिलिखितों में ''साक्षात् उपागम'' भाषा कक्षा में मातृ भाषा के प्रयोग को हतोत्साहित करता है।

26. एकः भाषा - शिक्षकः सम्पूर्णसत्रमध्ये विद्यार्थिनां अधिगमं अवबोधनं च विश्लेषितुं शिक्षण - अधिगमप्रक्रियायाः आकलनं करोति। एवंविध आकलनं किं कथ्यते ?

(a) आकलनं एव अधिगमः अस्त
(b) अधिगमवत् आकलनम्
(c) अधिगमकृते आकलनम्
(d) अधिगमस्य आकलनम्

Ans. (c) : एकः भाषा-शिक्षकः सम्पूर्ण सत्रमध्ये विद्यार्थिनां अधिगमं अवबोधनं च विश्लेषितुं शिक्षण-अधिगम प्रक्रियायाः आकलनं करोति एवं विधम् आकलनं ''अधिगम कृते आकलनम् कथ्यते। अर्थात् एक भाषा शिक्षक सम्पूर्ण सत्र के मध्य में विद्यार्थियों को अधिगम अवबोध का विश्लेषण के लिए शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का आकलनं करता है। इस प्रकार का आकलन अधिगमकृत आकलन कहा जाता है।

27. एकः शिक्षकः कक्षाशिक्षणे छात्रस्य रचनाशीलतां कल्पनाशीलतां च अन्वेष्टुं प्रयतते। सः स्वछात्रान् पटकथासंवाद - कथाः च यथार्थकन् - अपेक्षया बिना लेखितुं प्रेरयति। एतेन शिक्षकः किं भाषाप्रकार्यं उन्नेतुं प्रयतते?

(a) सूचनात्मकः (b) नियामकः
(c) उपकरणात्मकः (d) कल्पनात्मकः

Ans. (d) : एकः शिक्षकः कक्षाशिक्षणे छात्रस्य रचनाशीलतां कल्पनाशीलतां च अन्वेष्टुं प्रयतते। सः स्वछात्रान् पटकथासंवाद - कथाः च यथार्थकन् - अपेक्षया बिना लेखितुं प्रेरयति। एतेन शिक्षकः किं भाषाप्रकार्यं अन्वेष्टुं प्रयतते। एक शिक्षक कक्षा शिक्षण में छात्र की रचनाशीलता और कल्पनाशीलता को खोजने का प्रयत्न करता है वह अपने छात्रों को पट कथा संवाद यथार्थरूप में अपेक्षा के बिना लिखने के लिए प्रेरित करता है। इससे शिक्षक ''कल्पनात्मक'' भाषा प्रकार्य की उन्नति के लिए प्रत्यन्न करता है।

28. ''आसन्नवर्ती- विकासः - परिक्षेत्रं' इति सिद्धान्तः केन सम्बद्धः अस्ति?

(a) लेव व्यागॉटस्की (b) नॉम चॉमस्की
(c) ज्या प्याजे (d) स्टीफन क्रेशन

Ans. (a) : 'आसन्नवर्ती विकासः - परिक्षेत्र' इति सिद्धांतः
'लेव व्यागॉटस्की' विचारकण सम्बन्धः अस्ति
'समीपस्थवर्ती' क्षेत्र का विकास यह सिद्धांत लेव व्यागॉटस्की विचारक से संबंधित है।

29. प्रथमाभाषाप्रभावेण जनिताः त्रुट्यः किं कथ्यते?

(a) अन्तराभाषिक- त्रुटिः
(b) अन्तर्भाषिक - त्रुटिः
(c) अतिसामान्यीकरणम्
(d) क्लान्तिजनितत्रुटिः

Ans. (b) : प्रथमाभाषाप्रभावेण जनिताः त्रुटयः ''अन्तर्भाषिक त्रुटिः'' कथ्यते। अर्थात् प्रथमभाषा प्रभाव में जनित त्रुटि अन्तर्भाषिक त्रुटि कहते है।

30. प्रकार्यात्मकव्याकरणेन कः आशयः ?

(a) रूपं प्रकार्यं प्रति च अवधानम्
(b) सनियमं व्याकरण - शिक्षणम्
(c) व्याकरण - शब्दावल्योः युगपद् शिक्षणम्
(d) व्याकरण - शिक्षणं ध्येयः नास्ति

Ans. (a) : प्रकार्यात्मकव्याकरणेन ''रूपं प्रकार्यं प्रति च अवधानम् इत्याशयः अस्ति।
प्रकार्यात्मक व्याकरण से ''रूप प्रकार्य के प्रतिज्ञान'' यह आशय है।

Central Teacher Eligibility Test (CTET) 2022
Social Science (VI-VIII)
Solved Paper with Explanation

(Exam Date : 24-01-2023) **(Time : 2.30)**

CHILD DEVELOPMENT PEDAGOGY

1. Development of children follows the principle of: /बच्चों का विकास निम्नलिखित में से कौन-से सिद्धांत का अनुसरण करता है?

(a) Uniformity/एकरूपता
(b) One-dimensionality/एक-आयामी
(c) Linearity/रैखिकता
(d) Individual differences/व्यक्तिगत भिन्नताएँ

Ans. (d) : बच्चों का विकास व्यक्तिगत भिन्नताओं के सिद्धान्त का अनुसरण करता है। इस सिद्धान्त के अनुसार विकास की दर में पायी जाने वाली व्यक्तिगत भिन्नता लगभग समान रहती है। बालक अपनी स्वाभाविक गति से वृद्धि और विकास के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ते रहता है। और इसी कारण उनमें पर्याप्त भिन्नता देखने को मिलती है। कोई भी बालक वृद्धि और विकास की दृष्टि से किसी अन्य बालक के समरूप नही होता है उनमें कुछ न कुछ भिन्नताएँ देखने को मिलती हैं।

2. Assertion (A) : Course of a child's physical development is totally determined at the time of birth.
Reason (R) : Heredity is the only factor responsible for development of children.
Choose the correct option:
कथन (A) : एक बच्चे के शारीरिक विकास की दिशा पूरी तरह से उसके जन्म के समय निश्चित हो जाती है।
तर्क (R) : केवल अनुवंशिकता ही ऐसा एकमात्र कारक है जो बच्चों के विकास के लिए उत्तरदायी है।
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : एक बच्चे के शारीरिक विकास की दिशा पूरी तरह से उसके जन्म के समय निश्चित हो जाती है। यह कथन गलत है क्योंकि बच्चे का शारीरिक विकास जन्म के बाद उसके रहन-सहन, भोजन, उचित स्वास्थ्य आदि कारकों द्वारा निर्धारित होता है। एक बच्चें के विकास में आनुवांशिकता तथा वातावरण दोनों ही ऐसे कारक हैं जो बच्चों के विकास के लिए उत्तरदायी है अतः यह तर्क पूर्णतः गलत है कि केवल अनुवांशिकता ही ऐसा एकमात्र कारक है जो बच्चों के विकास के लिए उत्तरदायी है।

3. During middle childhood, _____ the primary agency of socialization continues to play an important role but secondary agencies of socialization _____ also become important.
मध्य बाल्यावस्था के दौरान, _____, जोकि समाजीकरण का प्राथमिक कारक है, एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाना जारी रखता है, लेकिन _____ , जोकि समाजीकरण के द्वितीयक कारक है, भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

(a) family; peers and media/परिवार; साथी और मीडिया
(b) peers; family and school/साथी; परिवार और विद्यालय
(c) media; family and school/मीडिया; परिवार और विद्यालय
(d) school; peers and media/विद्यालय; साथी और मीडिया

Ans. (a) : मध्य बाल्यावस्था के दौरान, परिवार जो कि समाजीकरण का प्राथमिक कारक है, एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाना जारी रखता है, लेकिन साथी और मीडिया जो कि समाजीकरण के द्वितीयक कारक है, भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

4. As per Jean Piaget, children acquire the ability to perform abstract reasoning in :
Ans. (b) : आकलन के उद्देश्य के विषय में सही कथन है-
(i) आकलन शिक्षार्थी को यह सूचित करने के लिए किया जाता है कि उसने क्या सीखा है।
(ii) आकलन यह जानने के लिए किया जाता है कि विद्यार्थी ने क्या नहीं सीखा है।
इस प्रक्रिया में शिक्षक बालकों की शैक्षिक प्रगति का मूल्यांकन कर उचित समाधान प्रस्तुत करता है।

25. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शास्त्रीय भाषाओं के अध्ययन को किस रूप में अनुशंसित करती है?

(a) त्रिभाषा सूत्र के अन्तर्गत
(b) विद्यालयी शिक्षा के आरंभिक चरणों से
(c) माध्यमिक चरण में एक अतिरिक्त विकल्प के रूप में
(d) प्राथमिक चरण से सभी बच्चों के लिए एक भाषा के रूप में

Ans. (c) : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शास्त्रीय भाषाओं के अध्ययन को माध्यमिक चरण में एक अतिरिक्त विकल्प के रूप में अनुशंसित करती है।

26. निम्नलिखित में से कौन - सा कथन प्रभावशाली तरीके से व्याकरण शिक्षण के बारे में सही नहीं है?

(a) प्रामाणिक सम्प्रेषण के माध्यम से रूपविधान (नियम) प्रस्तुत करना
(b) संदर्भ में व्याकरण के प्रासंगिक नियम बताना
(c) जीवन की वास्तविक सम्प्रेषण स्थितियों को आधार बनाकर रूपविधान का अभ्यास करवाना
(d) व्याकरण को उसके नियम कंठस्थ करके व ड्रिल द्वारा सीखना।

Ans. (d) : व्याकरण को उसके नियम कंठस्थ करके डिल द्वारा सीखना प्रभावशाली तरीके से व्याकरण शिक्षण के बारे में सही नहीं है। अन्य सभी विकल्प संगत है।

27. किसी विद्यार्थी द्वारा कहानी को अपने शब्दों में कहना किस तरह के आकलन में सहायता करता है?

(a) सटीकता (b) प्रवाहपूर्णता
(c) बोधगम्यता (d) स्मृति

Ans. (c) : किसी विद्यार्थी द्वारा कहानी को अपने शब्दों में कहना 'बोधगम्यता' आकलन में सहायक है।

28. भाषा सीखने के दौरान विद्यार्थी द्वारा की गई गलतियाँ _____ ।

(a) अधिगम में मदद करती हैं
(b) अधिगम में बाधा पहुँचाती हैं
(c) संशोधन कार्य के बोझ में वृद्धि करती हैं
(d) शिक्षार्थियों को नकारात्मक पुनर्बलन देती हैं

Ans. (a) : भाषा सीखने के दौरान विद्यार्थी द्वारा दी गई गलतियाँ अधिगम में मदद करती हैं।

29. एक उत्कृष्ट वाचन गतिविधि वह है जिसमें _____।

(a) अध्यापक अधिक बोलते हैं
(b) शिक्षार्थी अधिक बोलते हैं
(c) प्रतिभागिता असमान है
(d) अधिक वाचाल विद्यार्थियों की सहभागिता अधिकतम है

Ans. (b) : एक उत्कृष्ट वाचन गतिविधि वह है। जिसमें शिक्षार्थी अधिक बोलते हैं।

30. भाषा अर्जन से तात्पर्य है -

(a) भाषा की व्याकरण के नियमों का अधिगम
(b) अनौपचारिक स्थितियों में अचेतन रूप से भाषा अधिगम
(c) औपचारिक स्थितियों में सचेतन रूप से भाषा अधिगम
(d) भाषा के बारे में अधिगम

Ans. (b) : भाषा अर्जन से तात्पर्य है– अनौपचारिक स्थितियों में अचेतन रूप में भाषा अधिगम है।

SANSKRIT

निम्नलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानां यथोचित उत्तराणिं देयानि।

भारतीयसंस्कृतेर्महत्वं विश्वस्मिन् विश्वे स्वीक्रियते। भारतवर्षस्य प्राचीनसाहित्यं विपुलाकारं विविध - विद्यासम्पन्नं चास्ति। वेदानां महत्वं, प्राचीनत्वं सर्वोत्कृष्टवं च न केवलं भारतवर्षे, अपितु, विदेशेष्वपि सम्मानपूर्वकं निर्विवादं च शीर्षाण्यवनम्य मन्यन्ते। उपनिषद्ग्रन्थेषु यज्जीवनस्याध्यात्मदर्शनं वर्णितं तदतुलनीयम् अस्ति। प्राचीनकाले विज्ञानमपि चरमावस्थायाम् आसीत् । संख्यानां प्रादुर्भावः प्रयोगश्च सर्वप्रथमं भारतवर्षे एवाभवत् । शुल्बसूत्रेषु ज्यामितिशास्त्रस्य, त्रिकोणमितिशास्त्रस्य, गणितस्य च विकासः भारतवर्षे एवाभवत् इत्येतनिर्विवादं स्वीक्रियते। शस्त्रास्त्राणां वर्णनं यद् रामायणे महाभारते वोपलभ्यते तेन प्रमाणीभूयते यत् शिल्पशास्त्रेऽपि भारतवर्षे भूयसी प्रगतिरभवत् ।

परन्तु चिन्तनीयो विषयोऽयमस्ति यत् सा प्रगतिः कुत्र गता। भारतवर्षे साम्प्रतं यानि वस्तूनि प्रयुज्यन्ते तेषां निर्मातारो विदेशीया एव सन्ति। वयं तामेव विद्यां शिक्षामहे यस्य प्रमाणं वैदेशिकात् प्रदेशात् आयाति। स्पष्टमेव वैदेशिकानि वस्तूनि बहुप्रचलने सन्ति। अयमेवास्माकं चिन्तायाः विषयः । साधनसम्पन्नां अपि वयं केनकारणेन पराश्रिताः स्मः। किमर्थमस्मांक रक्षोपकरणानि विदेशेभ्यः क्रीयन्ते। वैदेशिकैः शस्त्रास्त्रैः वयं कियत्कालपर्यन्तं योद्धुं सक्षमाः । एषा सर्वकारस्यापि चिन्ता वर्तते।

1. भारवर्षस्य किं वस्तु विपुलाकारं वर्तते?

(a) क्षेत्रम् (b) जनसंख्या

(c) प्राचीनसाहित्यम् (d) समुद्रम्

Ans. (c) : भारवर्षस्य प्राचीनसाहित्यम् वस्तु विपुलाकारं वर्तते।

भारतवर्ष का ''प्राचीन साहित्य'' अत्यधिक विशाल है। तथा विविध प्रकार से सम्पन्न है। वेदों का महत्व प्राचीन और सर्वोत्कृष्ट ही नही अपितु बहुत विशाल भी है। विदेश में भी सम्मान पूर्वक एवं निर्विवाद रूप से सर्वोच्च स्थान पर है।

2. उपनिषद्ग्रन्थेषु वर्णितं किं अतुलनीयम् अस्ति?

(a) अध्यात्मदर्शनम् (b) यज्ञविवरणम्

(c) लोकजीवनम् (d) व्यवहारदर्शनम्

Ans. (a) : उपनिषद्ग्रन्थेषु वर्णितं अध्यात्मदर्शनम् अतुलनीयम् अस्ति।

उपनिषद् ग्रन्थों में वर्णित अध्यात्मदर्शन अतुलजीय है। उपनिषद् शब्द उप और नि उपसर्ग पूर्वक सद् धातु से क्विप् प्रव्यय करने पर बनता है। उप + नि + सद् + क्विप् = उपनिषद्।

उपनिषद् का अर्थ है- उप – समीप

नि – निश्चय या निष्ठापूर्वक

सद् = बैठना

अर्थात् तत्वज्ञान के लिए गुरु के पास सविनय बैठना।

वेद	–	उपनिषदों की संख्या
ऋग्वेद	–	10
यजुर्वेद	–	51 (शुक्ल = 19, कृष्ण = 32)
सामवेद	–	16
अथर्ववेद	–	31
	कुल –	108

3. ज्यामितिगणितस्य विकासः कस्मिन् साहित्ये वैदिककालेऽभवत् ?

(a) श्रौतसूत्रेषु (b) शुल्बसूत्रेषु

(c) शिक्षावेदाङ्गे (d) प्रातिशाख्येषु

Ans. (b) : ज्यामितिगणितस्य विकासः शुल्बसूत्रेषु साहित्ये वैदिककालेऽभवत्। ज्यामितिगणित का विकास वैदिक साहित्य के शुल्बसूत्र में हुआ है। जिन ग्रन्थों में यज्ञ-सम्बन्धी विधियों का समर्थन या प्रतिपादन किया जाता है, इन्हें 'कल्प' कहते हैं। इसके चार भेद है। (1) श्रौतसूत्र (2) गृह्यसूत्र (3) धर्मसूत्र (4) शुल्बसूत्र

''ऋक् प्रातिशाख्य'' ऋग्वेद का एकमात्र उपलब्ध प्रातिशाख्य है। इसके रचयिता शौनक है। बौधायन, वाधूल, मानव, काठक, सत्याषाठ, वाराह, वैखानस ये सब यजुर्वेद के श्रौतसूत्र है।

4. 'भारतवर्षेऽपि शिल्पशास्त्रे भूयसी प्रगतिरभवत् '। इति केन प्रमाणीभूयते?

(a) शिल्पसाहित्येन

(b) कौटिल्यस्य अर्थशास्त्रेण

(c) रामायण - महाभारतयो: शस्त्रास्त्रवर्णनै:

(d) पुरातत्वावशेषै:

Ans. (c) : भारतवर्षेऽपि शिल्पशास्त्रे भूयसी प्रगतिरभवत् इति रामायण महाभारतयो: शस्त्रास्त्रवर्णनै: प्रमाणीभूयते।

भारतवर्ष में शिल्पशास्त्र में भी बहुत प्रगति हुयी है। ऐसा रामायण महाभारत शास्त्रों में वर्णन है, प्रमाण प्राप्त होता है।

''रामायण'' और महाभारत दोनों ही भारत की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति की जानकारी के लिए अप्रतिम ग्रन्थ है। रामायण आदिकाव्य है तो महाभारत इतिहास माना जाता है।

5. इदानीम् अस्मांक का चिन्ता वर्तते?

(a) वयं क्रीडाक्षेत्रे सर्वोत्कृष्टा न स्म:।

(b) अस्माकम् उद्योगा: प्रगतिं न कुर्वन्ति।

(c) अस्माकं जनसंख्या उत्तरोत्तरं वर्धते।

(d) साधनसम्पन्ना अपि वयं केन कारणेन पराश्रिता: स्म:।

Ans. (c) : इदानीम् अस्मांक जनसंख्या उत्तरोतरं वर्धते चिन्ता वर्तते। अर्थात् अब हमारी जनसंख्या उत्तरोत्तर बढ़ रही है यही चिन्ता का विषय है।

बढ़ती आबादी की प्रमुख चुनौतियाँ-

(1) स्थिर जनसंख्या-स्थिर जनसंख्या वृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि सर्वप्रथम प्रजनन दर में कमी की जाए यह बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाण, मध्यप्रदेश आदि राज्यों में काफी अधिक है। जो एक बड़ी चुनौती है।

(2) जीवन की गुणवत्ता-नागरिकों को न्यूनतम जीवन गुणवत्ता प्रदान करने के लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य प्रणाली के विकास पर निवेश करना होगा।

(3) सतत् शहरी विकास-वर्ष 2050 तक देश की शहरी आबादी दोगुनी हो जायेगी जिसके चलते शहरी सुविधाओं में सुधार और सभी को आवास उपलब्ध कराने की चुनौती होगी।

6. 'साम्प्रतम् ' शब्दस्य गद्यांशे कोऽर्थ:?

(a) उचितम् (b) अनुचितम्

(c) अद्यत्वे (d) भविष्यति

Ans. (c) : साम्प्रतम् शब्दस्य गद्यांशे अद्यत्वे अर्थः।

'साम्प्रतम्' शब्द का गद्यांस में अद्यत्वे अर्थ है।

शब्द		अर्थ
साम्प्रतम्	–	इस समय (अब)
अद्यत्वे	–	अभी (इस समय)
उचितम्	–	उचित
अनुचितम्	–	अनुचित
भविष्यति	–	भविष्य

7. 'रक्षोपकरणानि' इत्यस्य सन्धिविच्छेदं कुरू-

(a) रक्ष + ओपकरणानि (b) रक्षा + उपकरणानि

(c) रक्षे + उपकरणानि (d) रक्षो + पकरणानि

Ans. (b) : 'रक्षापकरणानि' इत्यस्य सन्धिविच्छेदं रक्षा + उपकरणानि अस्ति।

''रक्षोपकरणानि'' इस पद का सन्धिविच्छेद रक्षा + उपकरणानि है। इसमें गुण सन्धि है। गुणसन्धि का सूत्र आद्गुणः है।

अर्थात् अ या आ के बाद इ या ई हो तो दोनों को 'ए' होगा।
अ या आ के बाद उ या ऊ हो तो दोनों को 'ओ' होगा।
अ या आ के बाद ऋ या ॠ हो तो दोनों को अर् होगा।
अ या आ के बाद ऌ होगा तो दोनों के स्थान पर अल् होगा।
जैसे- पर + उपकारः = परोपकारः
राण + ईशः = गणेशः
महा + ऋषि = महर्षिः
तव + ऌकार = तवल्कारः
Note- आयोग ने इसका उत्तर (c) माना है।

8. 'योद्धुम् ' अस्य पदस्य निर्वचनं कुरू -
(a) युद्ध् + तुमुन् (b) युध् + तुमुन्
(c) योध् + तुमुन् (d) योद्ध + तुमुन्

Ans. (b) : योद्धुम् अस्य पदस्य निर्वचनं युध् + तुमुन् अस्ति।
योद्धुम् इस पद का निर्वचन युध् + तुमुन् है।
थुमुन् प्रव्यय 'को' 'के लिए' अर्थ में होता है। तुमुन् का तुम् शेष रहता है। तुमुन् प्रव्ययात्त अव्यय होता है। अतः रूप नही चलता है।
जैसे- अद् + तुमुन् (तुम) = अन्तुम्
अस् + तुमुन = भवितुम्
इ + तुमुन = एतुम्
कथ् + तुमुन = कथयितुम्
क्री + तुमुन = क्रेतुम
खाद् + तुमुन = खादितुम्
गण् + तुमुन = गठायितुम्

निम्नलिखितं गद्यांश पठित्वा प्रश्नानां यथोचितं उत्तराणि देयानि।

एकस्मिन्नगरे कश्चिद् धनिकः प्रतिवसति स्मः । स भाण्डानां व्यापारी आसीत् । प्रसिद्धेभ्यः नगरेभ्यः भाण्डानि क्रीत्वा लघुनगरेषु ग्रामेषु च भाण्डानि विक्रीणाति स्म। तस्याधिकारे भूमसी भूमिरप्यासीत् । स कर्मकरैः कृषिं कारयित्वा अन्नादिंक च विक्रीय प्रभूतं धनम् अर्जितवान् । तस्य चत्वारः पुत्राः आसन् । तेऽपि स्वतन्त्ररूपेण व्यापारं कृत्वा धनम् अर्जितवन्तः। ते सर्वे पितृभक्ता आसन् । ते सर्वे स्वार्जितं धनं पित्रे समपर्यन् । एवं स नगरश्रेष्ठी, धनिकः बृहत्कोषस्य स्वाम्यभवत् ।

एकदा संयोगाद् एकः साधुः तत्र नगरे समागतवान् । स प्रत्येकं गृहं गत्वा भिक्षां याचते स्म। श्रान्तो भूत्वा स एकस्य वटस्य मूले चत्वरे स्थित्वा शयनं कर्तुमैच्छत् । तदैव जिज्ञासावशात् नगरस्य केचन जनाः स्वभाग्यं ज्ञातुं समागच्छन् । स कानपि जनान् निराशान् न करोति स्म।

औत्सुक्यवशाद् स धनिकोऽपि साधोः सकाशं आगतवान् । सोऽपि स्वभाग्यं ज्ञातुम् ऐच्छत् । साधुः तस्य हस्तरेखाः सम्यग् निरूप्य अवदत् - भो श्रेष्ठिन् । तव भाग्यं तु सर्वाधिकं प्रबलम् अस्ति। त्वं सर्वप्रकारेण सपरिवारः सुख्यस्ति। अहं तव हस्ते सप्तपीढीनां भविष्यदर्शनं कर्तुं शक्नोमि । आगामी सप्तपीढीपर्यन्तं तव धनागारो रिक्तो न भविष्यति। धनं उत्तरोत्तरं वर्धिष्यते। अतः सपरिवारः प्रसन्नो भूत्वा सुखपूर्वकं भगवतः कृपायाः आनन्दरंस यथेच्छं पिब।

साधोर्वचनं श्रुत्वा श्रेष्ठी तारस्वरेण अरोदत् । तं रुदन्तं दृष्ट्वा सर्वे जनाः चकिता अभवन् । तदा साधुरपृच्छत् भो श्रेष्ठिन् एवं अनन्तविभवस्य स्वाम्यपि भूत्वा किमर्थं रोदिषि? साधुरकथयत् - भोः साधो! अहं वर्तमानं चिन्तयित्वा न रोदिमि। परन्तु सप्तपीढयाः अनन्तरं मम किं भविष्यति इति चिन्तयित्वा रोदिमि!

साधुः कठोरस्वरेणावदत् - रे मूर्ख! एतावताऽपि विभवेन एवं सन्तुष्टो नास्ति तदा सदैव दरिद्रो भविष्यति। नास्ति लोभस्यान्तः।

9. धनिकः केषां वस्तूनां वाणिज्यं करोति स्म?
(a) वस्त्राणाम् (b) सुगन्धानाम्
(c) भाण्डानाम् (d) रत्नानाम्

Ans. (c) : धनिकः भाण्डानाम् वस्तूनां वाणिज्य करोति स्म।
धनिकः भाण्डों (वर्तन) का व्यापार करता था।

शब्द		अर्थ
वस्त्राणाम्	–	वस्त्रों का
सुगन्धानाम्	–	सुगन्धों का (इत्र का)
भाण्डानाम्	–	बर्तनों का
रत्नानाम्	–	रत्नों का

10. धनिकस्य अपरं कार्यं किमासीत् ?
(a) भूमिक्रयणं विक्रयणं च (b) लोकेभ्यः ऋणदानम्
(c) पशूनां विनिमयः (d) कृषिकार्यम्

Ans. (c) : धनिकस्य अपरं कार्यं पशूनां: विनिमयः आसीत्।
धनिक (बनिये) का दूसरा व्यापार पशुओं की अदला-बदली का था।
आसीत् पद में अस् (होना) धातु लङ्लकार प्रथम एक वचन है। जिसका रूप निम्नवत है।

आसी्	आस्ताम्	आसन्
आसीः	आस्तम्	आस्त
आसम्	आस्व	आस्म

11. धनिकस्य पुत्राः किम् अकुर्वन् -
(a) ते पित्रा सह भाण्डानि विक्रीतवन्तः।
(b) ते स्वतन्त्ररूपेण व्यापारं कृतवन्तः।
(c) ते कृषिकार्यं निरीक्षन्ते स्म।
(d) ते पितृसेवाम् अकुर्वन् ।

Ans. (b) : धनिकस्य पुत्राः स्वतन्त्ररूपेण व्यापारं कृतवन्तः।
धनिक के पुत्र स्वतन्त्र रूप से व्यापार करते थे।

12. व्यापारशब्दस्य निम्नलिखितेषु कः पर्यायः?
(a) पण्यम् (b) वाणिज्यम्
(c) क्रय - विक्रयः (d) आपणम्

Ans. (b) : व्यापारशब्दस्य उपरोक्तेषु वाणिज्यम् पर्यायः।

व्यापार शब्द का पर्याय उपरोक्त में वाणिज्य है।

शब्द		पर्याय
पण्यम्	–	विक्रेय
वाणिज्यम्	–	व्यापरम्
क्रय	–	विक्रय
आपणम्	–	हाट

13. निम्नलिखितेषु कस्मिन् शब्दे लकारभेदोऽस्ति?

(a) अपृच्छत्
(b) अभवन्
(c) अवदत्
(d) पिब

Ans. (d) : उपरोक्तेषु पिब शब्दे लकारभेदोऽस्ति।
उपरोक्त में पिब शब्द में लकारभेद है।
अपृच्छत्, अभवन्, अवदत् में लङ्लकार है।
पिब में लोट लकार है। जिसका रूप निम्नवत है।

पिबतु	पिबताम्	पिबन्तु
पिब	पिबतम्	पिबत
पिबानि	पिबाव	पिबाम

14. 'स्वाम्यापि' इत्यस्मिन् पदसमूहे कः सन्धिः?

(a) अयादि (b) यण्
(c) वृद्धि (d) गुण:

Ans. (b) : 'स्वाम्यापि' इत्यस्मिन् पदसमूहे यण् सन्धिः।
'स्वाम्यापि' इस पद समूह में यण् सन्धि है।
यण् सन्धि का सूत्र इकोयणचि है। अर्थात् इक् के स्थान पर यण् आदेश होता है। यदि हस्व या दीर्घ इ, उ, ऋ, ऌ के बाद असवर्ण स्वर आवे तो इ, उ, ऋ, ऌ के स्थान में क्रमशः य्, व्, र्, ल्, हो जाता है।

इक् – इ, उ, ऋ, ऌ
↓ ↓ ↓ ↓
यण् – य्, व्, र्, ल्

15. 'सम्पत्तिः' इत्यस्मिन्नर्थे गद्यांशे कः शब्दः प्रयुक्तः?

(a) बृहत्कोष:
(b) स्वार्जितम्
(c) प्रभूतं धनम्
(d) विभव:

Ans. (d) : 'सम्पतिः' इत्यस्मित्नर्थे गद्यांशे विभवः शब्दः प्रयुक्तः।
''सम्पत्तिः'' इस अर्थ में गद्यांश में प्रयुक्त पद विभवः है। अर्थात् ''सम्पत्ति'' के लिए गद्यांश में ''विभव'' पद का प्रयोग हुआ है।

शब्द		अर्थ
बृहत्कोषः	–	बड़ा कोष
स्वार्जितम्	–	अपने से अर्जित
प्रभूतं धनम्	–	बहुत ज्यादा धन
विभवः	–	सम्पत्ति

16. समग्रमूल्याङ्कने निम्नलिखितस्य मूल्याङ्कनं भवति-

(a) सहपाठ्यचर्याक्रियाणाम्
(b) शैक्षणिकविषयाणाम्
(c) वैदुष्यक्षेत्रणां सह - वैदुष्य क्षेत्राणाम्
(d) समेकित - मूल्याङ्कनपरीक्षाणाम्

Ans. (c) : उपरिलिखितस्य वैदुष्यक्षेत्रणां सह - वैदुष्य क्षेत्राणाम् मूल्यांकनं समग्र मूल्यांकने भवति।
शतत एवं समग्र मूल्यांकन छात्रों के विद्यालय आधारित मूल्यांकन की प्रणाली को संदर्भित करता है, जो छात्रों के विकास के सभी पहलूओं को आवृत्त करता है। CCE का उद्देश्य नैदानिक और उपचारात्मक शिक्षण के माध्यम से मूल्यांकन को अधिगम का अभिन्न अंग बनाना है।
CCE दो अलग-अलग प्रकार के मूल्यांकनों का वर्णन करता है, जिसमें योगात्मक और रचनात्मक आकलन मूल्यांकन शमिल है।

17. भाषा - कौशलानि येषां मूल्याङ्कनं पारम्परिक कलम - कर्गद (Pen - paper) परीक्षाभिः भवितुं नार्हति, सन्ति-

(a) श्रवणं भाषणम् च (b) पठनं, भाषणं च
(c) लेखनं ,श्रवणं च (d) पठनं, श्रवणं च

Ans. (a) : भाषा - कौशलानि येषां मूल्याङ्कनं पारम्परिक कलम - कर्गद परीक्षाभिः भवितुं श्रवणं भाषणम् च नार्हति, सन्ति।
भाषा-कौशल जिसमें मूल्यांकन पारस्परिक कालम-कागज की परिक्षा से होता है, श्रवण, भाषण (बोलने) से नही होता है।

18. परिवीक्षणम् (Scanning) इदं ज्ञातुम् इष्यते -

(a) लेखकस्य विचारम् (b) कठिनशब्दान्
(c) विशिष्टवार्तां सूचनां वा (d) मुख्यभावम्

Ans. (c) : परिवीक्षणम् इदं विशिष्टवार्तां सूचनां बा ज्ञातुम् इष्यते।
विशिष्टवार्ता अथवा सूचना जानने के लिए परिवीक्षण करता है। परिवीक्षित अध्ययन विधि- परिवीक्षण नवीन संकल्पना के अनुसार शिक्षक अधिकार भावना से निर्देश देने तथा आलोचना की दृष्टि से छिद्रान्नवेषण करने के स्थान पर छात्रों का पथ प्रदर्शन एवं उनकी कठिनाइयों का समाधान करता है।
परिवेक्षित अध्ययन की विशेषतायें-
(1) निर्देशित् स्वाध्याय प्रणाली में छात्र और शिक्षक दोनों क्रियाशील रहते हैं।
(2) इस प्रणाली में छात्रों की व्यक्तिगत क्रियाओं एवं प्रयासों की अधिक महत्ता हेाती है।
(3) मंद बुद्धि छात्र इस विधि से काफी लाभ उठा सकते हैं।

19. अध्यापकः बालछात्रान् पाठयितुं वास्तविकपदार्थान् प्रयुनक्ति, यतः

(a) अनेन शब्दानां शुद्धवर्तनीपाठने सहायता भवति
(b) शब्दकोष: पदार्थानां माध्यमेन एव पाठयितुं शक्यते
(c) बालछात्राः अमूर्त चिन्तने सक्षमा: न सन्ति
(d) इदं छात्राणां शब्दान् वास्तविक जीवने प्रयुक्तानां पदार्थै: सह समन्वये सहायतां करोति

Ans. (d) : अध्यापकः बालछात्रान् पाठयितुं वास्तविकपदार्थान् प्रयुनक्ति, यतः इदं छात्राणां शब्दान् वास्तविक जीवने प्रयुक्तानां पदार्थै: सह समन्वये सहायतां करोति। अध्यापक छाटे बच्चों को

पढ़ाने के लिए वास्तविक पदार्थ का प्रयोग करता है, जो यह छात्रों के वास्तविक जीवन में प्रयुक्त पदार्थों के साथ समन्वय करने में सहायता करती है।

छात्र वास्तविक पदार्थों को देखकर प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त करते हैं, वास्तविक पदार्थों को देखने पर व्यर्थ का भ्रम दूर हो जाता है और ज्ञान में स्थापित्व व दृढ़ता आती है। वास्तविका वस्तुओं के प्रदर्शन से शिक्षण में रोचकता आती है तथा छात्र भी ज्ञान को शीघ्रता से ग्रहण कर लेते हैं। सत्य तो यह है कि वास्तविक पदार्थों द्वारा प्रदान किया हुआ ज्ञान अत्यन्त उपयोगी व स्थायी होता है।

20. रचनात्मकं मूल्याङ्कनं निम्नलिखिते सहायतां करोति-

(a) कक्षायां प्रतियोगितात्मकं वातावरणं उत्पादयितुम्

(b) अध्यापने शिक्षकस्य क्षमताया: मूल्याङ्कने

(c) छात्राणां संवर्धनार्थं गुणात्मिकां प्रतिपुष्टिं प्रदातुम्

(d) सप्ताहे परीक्षाकरणम्

Ans. (c) : रचनात्मकं मूल्याङ्कनं निम्नलिखिते सहायतां करोति।
छात्राणां संवर्धनार्थं गुणात्मिकां प्रतिपुष्टिं प्रक्षतुम।
''रचनात्मक मल्यांकन'' एक प्रकार का मल्यांकन है, जो शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में बच्चे की प्रगति की निगरानी करने को संदर्भित करता है। मौखिक परिक्षण, उपाख्यानात्मक अभिलेख पोर्टफोलिया, कक्षा में लिए गये टेस्ट, आदि रचनात्मक मूल्यांकन के उपकरण है। रचनात्मक मूल्यांकन शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के दौरान आयोजित किया जाता है। क्यों कि निम्न कार्यों पर जोर देता है।
(1) शिक्षण प्रक्रिया के दौरान छात्रों की सीखने की कठिनाइयों की पहचान करना।
(2) छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों में सुधार करना और प्रेरणा स्तरों को प्रोत्साहित करना।
(3) छात्रों के सीखने के अनुभवों को बढ़ाने और शिक्षण प्रक्रिया की कमियों की पहचान करना।

21. भाषाकक्षायां त्रुटिनां विषये किं सत्यमस्ति?

(a) त्रुटयः शिक्षणक्षेत्राणि सन्ति, ता: छात्राणां शिक्षकाणां च कृते प्रतिपुष्टिर्भवन्ति।

(b) त्रुटय: तत्रैव तत्कालं शोधनीया: यदा छात्रा: भाषा प्रयुञ्जन्ति।

(c) त्रुटय: संकेतयन्ति यत् बालकः मन्दछात्र: अस्ति।

(d) त्रुटि: एवं संकेतयति यत् प्रथमभाषा द्वितीयां भाषां बाधते।

Ans. (a) : भाषाकक्षायां त्रुटिनां विषये त्रुटयः शिक्षणक्षेत्राणि सन्ति तः छात्राणां शिक्षकाणां च कृते प्रतिपुष्टिर्भवन्ति सव्यमस्ति।
भाषा कक्षा में गलतियों के विषय में सत्य है, शिक्षण क्षेत्र में गलतियाँ है। उन सब छात्रो एवं शिक्षकों के किये काय्र की प्रतिपुष्टि होती है। प्रतिक्रिया प्रभावी सीखने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रतिपुष्टि एक ऐसी चीज है, जिससे हर छात्र लाभन्वित हो सकता है। यह छात्रों को अध्ययन किए जा रहे विषय को समझने में मदद करता है। और उन्हें अपने सीखने को बेहतर बनाने के तरीके पर स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान करता है। प्रतिपुष्टि को एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में वणित किया गया है। जो उपलब्धि को बढ़ाता है।

22. पत्राधान मूल्याङ्कनस्य विषये किं सत्यं नास्ति -

(a) पत्राधान मूल्याङ्कनं छात्रस्य अध्ययनं प्रमाणीकरोति।

(b) एतत् छात्रान् अधिकतरं स्वायत्तं करोति।

(c) एतत् छात्रस्य चिन्तनं प्रोन्नयति तथा तान् स्वशिक्षणस्य स्वयं मूल्याङ्कनं कर्तु समर्थान् करोति।

(d) पत्राधानमूल्यांकनं छात्रस्य शिक्षणस्य सकृत् मूल्याङ्कनमस्ति।

Ans. (b) : पत्राधान मूल्याङ्कनस्य विषये एतत् छात्रान् अधिकतरं स्वायतं करोति सत्यं नास्ति।
छात्रों को अधिकतर स्वायन्त एवं स्वावलम्बी करता है। ऐसा पत्राधान मूल्यांकन के विषय में सही नही है।
पत्राधान मूल्यांकन को इस रूप में समझा जा सकता है, कि छात्र की प्रगति विवरण का अभिलेख और जहाँ उसकी उपलब्धियों का क्रम से वर्णन हो, छात्र के सभी पक्षों की प्रगति के विषय में पत्राधान द्वारा जाना जा सकता है। शिक्षक पत्राधान के द्वारा एक छात्र के विषय में सम्पूर्ण सूचना को प्राप्त कर सकता है। प्रपत्रों के संगठित और क्रमवद्ध संग्रह के रूप में पोर्टफोलियों (पत्राधान बच्चों शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों का आकनल करते हुए उनकी क्रमशः प्रमति को संदर्भित करता है।

23. निम्नलिखितेषु किं प्राक् - पठनप्रयोगं संवर्धयति -

(a) अनुच्छेदस्य भाषाभिव्यक्तिप्रयोग:

(b) अनुमानप्रयोग:

(c) छात्रेभ्य: पाठयस्य सारनिर्माणनाम् निर्देश:

(d) व्याकरणसंरचनाया: पाठनम्

Ans. (b) : उपरिलिखितेषु अनुमान प्रयोगः प्राक् – पठननप्रयोगं संवर्धयति–
उपरोक्त में अनुमान प्रयोग प्राक् है। जो पठन प्रयोग को बढ़ाती हो शैक्षिक उपलब्धियों का पता लगाने में छात्रों की शैक्षिक उपलब्धियों को ज्ञात करने के लिए आकलन का प्रयोग किया जाता है। शिक्षक छात्रों की पूर्व उपलब्धियों तथा शिक्षण के समय विभिन्न विधियों के माध्यम से उसका आकलन कर उसके अधिगम स्तर को ज्ञात करता है। तत्पश्चात प्राप्त सूचनाओं के आधार पर छात्रों को अधिगम प्रदान करता है।

24. भाषणकौशलविकासस्य एक महत्वपूर्णः पक्षोऽस्ति -

(a) स्पष्टं एवं शुद्धोच्चारणम्

(b) मधुरा संगीतात्मिका च स्वराभिव्यक्ति:

(c) प्रकरणानुकूलम् अवस्थानुकूलं च भाषणम्

(d) स्वरारोहावरोहस्य लयात्मकतायाश्च प्रयोगः

Ans. (c) : भाषण कौशल विकास एक महत्वपूर्णः पक्षोऽस्ति–
प्रकरणानुकूलम् अवस्थानुकूलम् च भाषणम्
भाषण कौशल विकास का एक महत्वपूर्ण पक्ष है। प्रकरण के अनुकूल और अवस्था के अनुकूल वौलना।
अर्थात् प्रकरणानुकूल एवं अवस्था नुकूल बोलना भाषण कौशल विकास का एक पमत्वपूर्ण पक्ष है।
भाषण एक कला है, यह छात्रों में सशक्त अभिव्यक्ति का विकास करने का एक सुन्दर मार्ग है। इसमें वक्ता क्रमबद्धता और सुसम्वद्धता

के साथ अपने विचारों को प्रभावी दंग से प्रस्तुत करता हुआ विषय का प्रतिपादन करता है। छोटे-छोटे बालक अपने ही रूचि के किसी विषय पर भाषण तैयार करते हैं। और उसे सहर्ष बोलते है। यह अभ्यास प्रायः मातृभाषा के सन्दर्भ में देखा जाता है, संस्कृत शिक्षक यदि इस ओर छात्रों को प्रेरित करे तथा उनका सहयोग करें तो यह संस्कृत भाषा में भी सम्भव है।

25. निम्नलिखितेषु भाषा - अध्यापनस्य विषये का अवधारणा मिथ्या अस्ति?

(a) छात्रा: भाषाया: वास्तविक परिस्थितिषु प्रयोगं कर्तुं प्रयासेन भाषां अधिगृह्णन्ति

(b) छात्रस्य प्रथमा भाषा शिक्षणे महत्वपूर्णं योगदानं करोति।

(c) भाषाशिक्षणं सम्प्रेषणात्मकप्रयोगे केन्द्रितं स्यात् ।

(d) भाषाशिक्षणे भाषणापेक्षायां लेखने महत्वं दातव्यम् ।

Ans. (d) : उपरिलिखितेषु भाषा-अध्यापनस्य विषये ''भाषाशिक्षणे भाषणापेक्षायां लेखने महत्वं दातव्यम्'' अवधारणा मिथ्या अस्ति।
उपरोक्त में भाषा अध्यापन के विषय में ''भाषा शिक्षण में भाषण की अपेक्षा लेखन पर महत्व देना'' यह अवधारण गलत है।

26. प्रकरणानुसारं व्याकरणस्य बलं निम्नलिखिते भवति -

(a) भाषाया: नियमा: बुद्धिस्था: करणीया:

(b) भाषाया: नियमा: स्मर्तव्या: (कण्ठस्था: करणीया:)

(c) विषयवस्तुन: अनुवाद: करणीय

(d) व्याकरणनियमानां अतिसाधारणीकरणम्

Ans. (a) : प्रकरणानुसारं व्याकरणस्य बलं भाषायाः नियमाः बुद्धिस्थाः करणीयाः भवति।
प्रकरण के अनुसार व्याकरण का बल होता है कि भाषा के नियम बुद्धिस्थ किये जाने चाहिए अर्थात् बुद्धि में स्थापित किये जाने चाहिए।

27. व्याकरणस्य प्रभावि - अध्यापनस्य विषये किं सत्यं नास्ति -

(a) वास्तविक सम्प्रेषणे शब्दरूपस्य प्रयोग:

(b) प्रकरणान्तर्गतानां सम्बन्धितव्याकरणनियमानाम् अन्वेषणम्

(c) वास्तविकजीवनसदृशे सम्प्रेषणे व्याकरणनियमानाम् अभ्यास:

(d) नियमान् कण्ठस्थीकृत्य अभ्यासमाध्यमेन व्याकरणशिक्षणम्

Ans. (d) : व्याकरणस्य प्रभावि - अध्यापनस्य विषये नियमान् कण्ठस्थीकृत्य अभ्यासमाध्यमेन व्याकरणशिक्षणम् सत्यं नास्ति।
व्याकरण का प्रभावी अध्यापन के विषय में नियम का कण्ठस्थीकरण करना एवं अभ्यास के माध्यम से व्याकरण शिक्षण करना सत्य नही है।

28. NCF 2005 इत्यत्र वर्णितेषु पञ्च निर्देशात्मकसिद्धान्तेषु निम्नलिखितेषु कतमो नास्ति -

(a) ज्ञानस्य विद्यालयाद् बहि: संयोजनम्

(b) एतद् निश्चितीकरणं यत् शिक्षणं रटन - शिक्षणाद् दूरीभवति

(c) पाठ्यक्रमस्य समृद्धीकरणं येन छात्रा: पाठ्यपुस्तककेन्द्रितो न भूत्वा, समग्रविकासं कृर्यु:

(d) व्यावसायिक - अध्यापकस्य भूमिकां निर्वहेत्

Ans. (d) : NCF 2005 इत्यत्र वर्णितेषु पञ्च निर्देशात्मकसिद्धान्तेषु उपरोक्वेषु व्यावसायिक - अध्यापकस्य भूमिकां निर्वहेत् नास्ति।
NCF 2005 यहाँ-वर्णित पाँच निर्देशाकसिद्धान्तों में उपरोक्त में व्यवसायिक अध्यापक की भूमिका निर्वाहण नही है।
एनसीएफ (राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूप रेखा) 2005 एनसीईआरटी द्वारा भारत में प्रकाशित चार एनसी एफ में से एक है। यह शैक्षिक उद्देश्यों और अनुभवों की बेहतरी के लिए एक रूपरेखा प्रदान करना चाहता है। यह तथ्य कि अधिगम बच्चों और उनके माता-पिता के लिए बोझ और तनाव का स्रोत बन गया है, शैक्षिक उद्देश्यों और गुणवत्ता में गहरी विकृति का प्रमाण है।

29. अध्यापक: निम्न – उद्देश्येन छात्रस्य मूल्याङ्कनं करोति।

(a) एतद् ज्ञातुं यत् कक्षायां क: श्रेष्ठ: भाषा - प्रयोक्ता अस्ति।

(b) एतद् ज्ञातुं यत् छात्रस्य शिक्षणे न्यूनता कुत्र विद्यते ।

(c) छात्रा: स्वाध्ययने अग्रसरा भवेयु: इत्यनेन प्रयोजनने योजना निर्माण छात्राणां सहायतां कुर्यात् ।

(d) छात्रस्य सहपाठिभ्य: सह तुलना।

Ans. (c) : अध्यापकः छात्राः स्वाध्ययने अग्रसरा भवेयुः इत्यनेन प्रयोजनेन योजना निर्माण छात्राणां सहयतां कुर्यात् । उद्देश्येन छात्रास्य मूल्यांकां करोति।
छात्रा स्वाध्ययन की ओर अग्रसर हो, इस प्रयोजन से योजना निर्माण छात्रों के मूल्यांकन में सहायता करता है।
अध्यापक इस उद्देश्य से छात्र का मूल्यांकन करते हैं। शिक्षण में भाषा प्रयुक्ति से अभिप्राय किसी भाषा की वह भाषिका होती है, जो किसी विशेष समाजिक परिस्थिति सामाजिक वर्ग या लक्ष्य के लिए प्रयोग में लाई जाती है। प्रयुक्ति शब्द से तात्पर्य है विशिष्ट भाषा का प्रयोग या प्रयोग करने का भाव।

30. कश्चिद् अध्यापक: नवीनशब्दानां पाठनं प्रभावशालि कर्तुं वास्तविकपदार्थानां प्रयोगं करोति। एते पदार्था: किं कथ्यन्ते?

(a) पाठनविधि: (b) पाठनप्रविधय:

(c) क्रीडनकानि (d) दृश्यपदार्थ:

Ans. (d) : कश्चिद् अध्यापक: नवीनशब्दानां पाठनं प्रभावशालि कर्तुं वास्तविकपदार्थानां प्रयोगं करोति। एते पदार्था: दृश्य पदार्थ: कथ्यन्ते।
कोई अध्यापक नवीन शब्दो के द्वारा पाठ को प्रभावशाली करता है। एवं वास्तविक पदार्थों का प्रयोग करता है। ऐसे पदार्थों को दृश्य पदार्थ कहते हैं।
आधुनिक समय में शिक्षण को प्रभावशाली बनाने के लिए शिक्षण के विभिन्न उपकरणों का प्रयोग किया जाता है। ये विभिन्न उपकरण ही शिक्षण की सहायक सामाग्री कहलाते हैं। कठिन कार्यों को दृश्य पदार्थों के द्वारा सरल बनाया जा सकता है। और सरल हो जाने के बाद बालक अधिक कार्य करने की ओर अभिप्रेरित होता है। दृश्य पदार्थ के द्वारा बालकों के दृष्टिकोण में भी बदलाव लाया जा सकता है।

Central Teacher Eligibility Test (CTET) 2022
Social Science (VI-VIII)
Solved Paper with Explanation

(Exam Date : 18-01-2023) **(Time : 2.30)**

CHILD DEVELOPMENT PEDAGOGY

1. **Assertion (A) :** **Learning and development are related to each other.**
Reason (R) : **Learning creates new conditions for development.**
अभिकथन (A) : **अधिगम और विकास एक दूसरे से जुड़े हुए हैं।**
कारण (R) : **अधिगम विकास के लिए नई परिस्थितियों का निर्माण करता है।**

Choose the correct option :
सही विकल्प चुनें ।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : अधिगम और विकास एक दूसरे से जुड़े हैं क्योंकि अधिगम विकास के लिए नई स्थितियाँ सृजित करता है जिससे कि बच्चें उन परिस्थितियों में सर्वांगीण रूप से विकसित हो सकें एवं उन्हें लक्ष्यों को प्राप्ति में सहायता मिल सके अतः (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

2. **Which of the following statements about child development is correct?**
बच्चों के विकास के बारे में कौन सा कथन सही है?

(a) Development is a spontaneous process but appropriate environment is necessary to facilitate it./विकास एक सहज़ रूप से होने वाली प्रक्रिया है किन्तु इसे सुसाधित करने के लिए उपयुक्त परिवेश का होना आवश्यक है।
(b) Development is pre-determined by genetic factors and cannot be modified./विकास वंशानुगत कारकों के द्वारा पूर्व निश्चित होता है, व इसमें बदलाव नहीं किया जा सकता।
(c) Heredity does not play any role in development./आनुवांशिकता की विकास में कोई भूमिका नहीं है।
(d) The process of development begins only after the stage of infancy./ विकास की प्रक्रिया शैशवावस्था के चरण के बाद ही प्रारंभ होती है।

Ans. (a) : बच्चों के विकास के बारे में यह कथन उपयुक्त है कि विकास एक सहज रूप से होने वाली प्रक्रिया है, किन्तु इसे सुसाधित करने के लिए उपयुक्त परिवेश का होना आवश्यक है। बच्चों का विकास उनके सामाजिक संदर्भ से प्रभावित होता है। वातावरण के साथ-साथ आनुवंशिक कारक बच्चों के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है, यह प्रभाव बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण करता है। बच्चों के विकास में वातावरण की भूमिका आदत निर्माण द्वारा प्रतिबिम्बित होती है, क्योंकि एक अच्छे परिवेश के द्वारा ही बालक के व्यक्तित्व का विकास होता है तथा उनमें अच्छी आदतों का निर्माण होता है। बच्चों के विकास में प्रकृति और पोषण दोनों की अन्योन्य क्रियात्मक भूमिका है।

3. **_____is the process by which children learn the norms of the society./किस प्रक्रिया में बच्चे समाज में रहने के तौर-तरीके सीखते हैं?**

(a) Assimilation/समायोजन
(b) Meta cognition/अधिसंज्ञान
(c) Socialization/सामाजीकरण
(d) Segregation/पृथक्करण

Ans. (c) : सामाजीकरण की प्रक्रिया में बच्चे समाज में रहने के तौर-तरीके सीखते हैं। मूल्यों, विश्वासों और अपेक्षाओं को प्राप्त करना की एक प्रक्रिया सामाजीकरण है। इसमें एक बच्चा समस्त सामाजिक व्यवहारों को अपनाता है और सीखता है।
समायोजन- यह नए विचारों या जानकारी के टुकड़ों को अपने ज्ञान का हिस्सा बनाने की प्रक्रिया है ताकि व्यक्ति उनका प्रभावी ढ़ंग से उपयोग कर सके।
अधिसंज्ञान- यह अपने स्वंय के चिंतन के बारे में सोचने की प्रतिक्रिया है। इसे परासंज्ञान के नाम से भी जाना जाता है।

4. **Assertion (A) :** **Sarla, a six year old cannot do tasks of conservation and seriation.**
Reason (R) : **Children in pre-concrete stage have difficulties in considering multiple aspects of a situation.**
अभिकथन (A) : **छह वर्षीय सरला संरक्षण और क्रमांकन के कार्य नहीं कर सकती है।**
तर्क (R) : **पूर्व संक्रियात्मक अवस्था में बच्चों को स्थिति के कई पहलुओं पर विचार करने में कठिनाई होती है।**

Choose the correct option :

सही विकल्प चुनें ।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की

(c) (A) is true but (R) is false./ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : छह वर्षीय सरला संरक्षण और क्रमांकन के कार्य नहीं कर सकती है क्योंकि छह वर्षीय सरला पूर्व संक्रियात्मक अवस्था (2 से 7 वर्ष) के चरण में आती है, इसलिए सरला प्रतीकात्मक सोच तो विकसित कर सकती है परन्तु संरक्षण और क्रमांकन के कार्य नही कर सकती है। ये कार्य मूर्त संक्रियात्मक अवस्था (7 से 11 वर्ष) के बच्चे आसानी से कर सकते हैं।

पूर्व संक्रियात्मक अवस्था में बच्चों को स्थिति के कई पहलुओं पर विचार करने में कठिनाई होती है क्योंकि पूर्व संक्रियात्मक अवस्था (2 से 7 वर्ष) के दौरान बच्चों की सोच अहम् केन्द्रित होती है, जिससे दूसरों के दृष्टिकोण समझने में कठिनाई होती है।

अतः (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

5. According to Piaget which of these factors plays an important role in cognitive development ?/पियाजे के अनुसार इनमें से कौन-सा कारक संज्ञानात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है?

(a) Activity/गतिविधि

(b) Conditioning/अनुकूलन

(c) Imitation/अनुकरण

(d) Reinforcement/पुर्नबलन

Ans. (a) : पियाजे के अनुसार गतिविधि कारक संज्ञानात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गतिविधि आधारित शिक्षण एक छात्र-केन्द्रित दृष्टिकोण है जो इस विचार पर केन्द्रित है कि छात्रों को गतिविधियों के माध्यम से संलग्न रखना चाहिए इससे बच्चे स्वंय करके सीखते हैं तथा संज्ञानात्मक विकास में गतिविधि की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

पियाजे का मानना है कि बच्चे जैसे-जैसे गतिविधियाँ करते हैं बच्चों की संज्ञानात्मक विकास में वृद्धि निरन्तर रूप से होती रहती है जो कि बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

6. Umed does not eat the chocolates his father has got for guests thinking of what would happen if he would get caught. According to Kohlberg's theory Umed is at which stage of moral development ?

उम्मेद वह चॉकलेट नहीं खाता हैं जो उसके पिता मेहमानों के लिए लाए हैं, यह सोचकर कि अगर वह पकड़ा जाएगा तो क्या होगा। कोहलबर्ग के सिद्धांत के अनुसार उम्मेद नैतिक विकास के किस चरण में हैं?

(a) Instrumental purpose orientation/यात्रिक सापेक्षता अभिविन्यास

(b) Punishment and obedience orientation/सजा और आज्ञाकारिता अभिविन्यास

(c) Universal ethical principles/सार्वभौमिक नैतिक सिद्धांत/अभिविन्यास

(d) Good boy-good girl orientation/अच्छा लड़का-अच्छी लड़की अभिविन्यास

Ans. (b) : उम्मेद वह चॉकलेट नही खाता है जो उसके पिता मेहमानों के लिए लाए हैं, यह सोचकर कि अगर वह पकड़ा जाएगा तो क्या होगा। कोहलबर्ग के सिद्धांत के अनुसार उम्मेद नैतिक विकास के सजा और आज्ञाकारिता अभिविन्यास के चरण में है।

अमेरिकी मनोवैज्ञानिक लॉरेंस कोहलबर्ग ने नैतिक विकास के सिद्धांत का प्रस्ताव दिया। इन्होंने नैतिक विकास को 3 स्तरों और 6 चरणों में विभाजित किया जिसमें कोहलबर्ग की पहली अवस्था या स्तर पूर्व परंपरागत अवस्था के अन्तर्गत आता है। दूसरी अवस्था परंपरागत अवस्था और तीसरी अवस्था उत्तर परंपरागत अवस्था है।

7. Who proposed that learning occurs when child engaged in a shared activity with a more knowledgeable peer or an adult ?

किसने प्रतिपादित किया कि सीखने की प्रक्रिया तब होती है जब बच्चे अपने से ज्यादा ज्ञान वाले समकक्षी व वयस्कों के साथ साझी गतिविधियाँ करते हैं?

(a) B.F. Skinner/बी. एफ. स्कीनर

(b) Jean Piaget/जीन पियाजे

(c) Lev Vygotsky/लेव वायगोत्सकी

(d) Lawrence Kohlberg/लॉरेंस कोलहबर्ग

Ans. (c) : लेव वायगोत्सकी ने प्रतिपादित किया कि सीखने की प्रक्रिया तब होती है जब बच्चे अपने से ज्यादा ज्ञान वाले समकक्षी व वयस्कों के साथ साझी गतिविधियाँ करते हैं।

लेव वायगोत्सकी ने सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धांत का प्रतिपादन किया था। इनके अनुसार अधिगम तब घटित होता है जब बच्चे वयस्कों तथा पर्यावरण के साथ अंतःक्रिया करते हैं। इनका मानना था कि सामाजिक अंतःक्रिया विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जब बच्चे समकक्षी व वयस्कों के साथ अंतःक्रिया करते हैं, तो वे अपनी संस्कृति के मूल्यों, विश्वासों, रीति-रिवाजों और भाषा को सीखते हैं।

8. When a teacher leads the child to the correct answer through various prompts rather than mere explanation, the help provided is referred to as :

जब एक शिक्षिका एक बच्चे को व्याख्यान देने के बजाए अलग-अलग इशारे देकर सही उत्तर की तरफ ले जाती है तब यह मदद क्या कहलाती है?

(a) Scaffolding/पाड़

(b) Direct instruction/प्रत्यक्ष निर्देश

(c) Conditioning/अनुकूलन

(d) Reinforcement/पुर्नबलन

Ans. (a) : जब एक शिक्षिका एक बच्चे को व्याख्यान देने के बजाए अलग-अलग इशारे देकर सही उत्तर की तरफ ले जाती है तब यह मदद पाड़ कहलाती है।

पाड़ एक अधारभूत सहायता है जो बच्चों को संकेतों व इशारों के माध्यम से दी जाती है। पाड़ उस तकनीक को संदर्भित करता है जो बच्चों की क्षमताओं और योग्यताओं को बढ़ाने के लिए सही समय पर सही मात्रा में समर्थन या सहायता का सही प्रकार प्रदान करता है। वायगोत्सकी के अनुसार, जब एक वयस्क बच्चे के निष्पादन के वर्तमान स्तर को सहयोग द्वारा विस्तारित करते हैं तो वह पाड़ (ढ़ांचा) होता है।

9. In a progressive classroom learning :
प्रगतिशील कक्षा में अधिगम :

(a) Is constructed by the students themselves who play an active role/का निर्माण सक्रिय रूप से छात्रों द्वारा स्वयं किया जाता है।

(b) Is dictated by the teacher and students are passive recipients of the same/शिक्षक द्वारा निर्देशित किया जाता है और छात्र उसी के निष्क्रिय प्राप्तकर्ता होते हैं।

(c) Happens by pairing of a stimulus and response/उद्दीपन और प्रतिक्रिया के युग्म व अनुबंधन से होता है।

(d) Takes place when the students are offered positive reinforcement/तब होता है जब छात्रों को सकारात्मक पुर्नबलन दिया जाता है।

Ans. (a) : प्रगतिशील कक्षा में अधिगम का निर्माण सक्रिय रूप से छात्रों द्वारा स्वंय किया जाता है। एक प्रगतिशील कक्षा शिक्षार्थी केन्द्रित होती है। जो छात्र की क्षमता में विश्वास रखती है। इसमें शिक्षार्थी के द्वारा ज्ञान की संरचना की जाती है। प्रगतिशील कक्षा की संकल्पना अमेरिकी दार्शनिक जॉन डीवी ने प्रस्तावित की थी।
प्रगतिशील कक्षा की निम्न विशेषताएँ हैं-
(1) सहयोगिता पूर्ण अधिगम
(2) गतिविधियाँ/कार्य करते समय मूल्यांकन
(3) व्यक्तिगत भिन्नताओं का सम्मान
(4) समस्या-समाधान और समालोचनात्मक चिंतन पर बल

10. Howard Gardner challenged the notion that :
हावर्ड गार्डनर ने कौन सी धारण को चुनौती दी?

(a) Intelligence is pre-determined and fixed/बुद्धि पूर्व निर्धारित और निश्चित होती है।

(b) Intelligence is a broad concept that is not unitary/बुद्धि एक व्यापक अवधारण है जो एकात्मक नहीं है।

(c) There are multiple forms of intelligence/बुद्धि कई प्रकार की होती है।

(d) Individuals possess different types of intelligence in varying degrees/व्यक्तियों के पास अलग-अलग मात्रा में विभिन्न प्रकार की बुद्धि होती है।

Ans. (a) : हावर्ड गार्डनर ने बहुबुद्धि सिद्धान्त का प्रतिपादन किया। इस सिद्धांत के अनुसार बुद्धि एक सामान्य कारक के प्रभुत्व के बजाय भिन्न-भिन्न प्रकार की होती है और बुद्धि को किसी एक क्षेत्र से बांधा नही जा सकता है क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति की क्षमताएँ एवं योग्यताएँ भिन्न-भिन्न होती है। साथ ही इन्होंने यह भी बताया कि बुद्धि पूर्व निर्धारित व निश्चित होती है।

NCERT के अनुसार हावर्ड गार्डनर ने आठ (8) प्रकार की बुद्धि बतायी है-

(1) भाषाई बुद्धि	(5) स्थानिक बुद्धि
(2) तार्किक-गणितीय बुद्धि	(6) अंतर वैयक्तिक बुद्धि
(3) संगीतिक बुद्धि	(7) अंतरावैयक्तिक बुद्धि
(4) शारीरिक-गतिक संवेदी	(8) प्रकृतिवादी बुद्धि

11. Individuals with _____demonstrate excellent reasoning skills, abstract thought, and the ability to infer based on patterns.
_____ वाले व्यक्ति उत्कृष्ट तर्क कौशल, अमूर्त विचार और पैटर्न के आधार पर अनुमान लगाने की क्षमता प्रदर्शित करते हैं।

(a) Logico-mathematical intelligence/तर्क-गणितीय बुद्धिमता

(b) Bodily-kinaesthetic intelligence/शारीरिक-गति संवेदनात्मकता

(c) Interpersonal intelligence/अंतरवैयक्तिक बुद्धि

(d) Linguistic intelligence/भाषाई बुद्धि

Ans. (a) : तर्क-गणितीय बुद्धिमत्ता वाले व्यक्ति उत्कृष्ट तर्क कौशल, अमूर्त विचार और पैटर्न के आधार पर अनुमान लगाने की क्षमता प्रदर्शित करते हैं। हॉवर्ड गार्डनर ने बहुबुद्धि सिद्धांत का प्रतिपादन किया था। तार्किक गणितीय बुद्धिमत्ता पर व्यक्ति अमूर्त तर्क में आसानी से संलग्न हो सकते हैं और समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतीको में हेरफेर कर सकते हैं। तार्किक गणितीय बुद्धि में समस्याओं को तर्कपूर्ण तरीके से विश्लेषण करने व मुद्दों की वैज्ञानिक दृष्टि से विवेचन करने की क्षमता होती है। इसमें गणितज्ञ और वैज्ञानिक आते है, जबकि शारीरिक-गतिसंवेदी में अभिनेता, खिलाड़ी और नर्तक आदि आते हैं, अंतरवैयक्तिक बुद्धि में समाजिक निर्देशक और यात्रा एजेंट आदि आते हैं तथा भाषाई बुद्धि के अन्तर्गत कवि और लेखक आते हैं।

12. In Lev Vygostsky's theory self talk that guides thinking and action is referred to as _____and should be _____.
लेव वायगोत्सकी के सिद्धांतों के अनुसार 'स्व वाक' जो हमारी सोच व व्यवहार को दिशा देता है _____ कहलाता है तथा उसे _____ किया जाना चाहिए।

(a) Private speech; encouraged/
निजि संवाद; प्रोत्साहित

(b) Egocentric speech; encouraged/
आत्मकेन्द्रित संवाद;

(c) Private speech; discouraged/
निजि संवाद; हतोत्साहित

(d) Egocentric speech; discouraged/
आत्मकेन्द्रित; हतोत्साहित

Ans. (a) : लेव वायगोत्सकी के सिद्धांतों के अनुसार 'स्व वाक' जो हमारी सोच व व्यवहार को दिशा देता है, निजि संवाद कहलाता है तथा उसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
लेव वायगोत्सकी के अनुसार 'निजि संवाद' एक महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य करता है। यह छोटे बच्चों द्वारा जोर से उत्पन्न वाक् को संदर्भित करता है। बच्चों की निजि वाक् की संकल्पना स्पष्ट करती है, कि बच्चे अपने ही कार्यों के निर्देशन के लिए भाषा का उपयोग करते हैं इसलिए इसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

13. **Assertion (A) : In middle school, teachers should encourage boys to study mathematics and sciences rather than languages.**
Reason (R) : Boys do not have the inherent abilities to study languages.
कथन (A) : माध्यमिक स्कूल में शिक्षकों को लड़कों को भाषा पढ़ने के बजाए गणित व विज्ञान के विषयों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
तर्क (R) : लड़कों में भाषा को पढ़ने की जन्मजात क्षमता नहीं होती।
Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें ।
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : कथन (A) माध्यमिक स्कूल में शिक्षकों को लड़कों को भाषा पढ़ने के बजाए गणित व विज्ञान के विषयों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए गलत है, क्योंकि शिक्षकों का कार्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करने से है न कि किसी विषय की अनदेखी करने से है इसीलिए सभी विषयों का सम्मान करना और एक समान अवसर उपलब्ध करवाया जाना चाहिए।
तर्क (R) लड़कों में भाषा को पढ़ने की जन्मजात क्षमता नहीं होती है पूर्णतः गलत है, क्योंकि यह तर्क पूर्वाग्रह से ग्रसित है जो लड़कों के प्रति एक गलत धारणा का विकास करती है।
अतः (A) और (R) दोनों गलत है।

14. **Assessment should NOT be undertaken :**
मूल्यांकन किस उद्देश्य से नहीं किया जाना चाहिए ?
(a) To find out the readiness levels of children/बच्चों की तैयारी के स्तर का पता लगाने
(b) To reflect upon and modify teaching - learning/शिक्षण-अधिगम पर मनन करने और उसमें संशोधन करने
(c) To induce fear and stress of learning among children/बच्चों में डर और सीखने का तनाव पैदा करने
(d) To support and improve children's learning/ बच्चों की शिक्षा का समर्थन और सुधार करने के लिए

Ans. (c) : मूल्यांकन बच्चों में डर और सीखाने का तनाव पैदा करने के उद्देश्य से नहीं किया जाना चाहिए। मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित है-
(1) शिक्षार्थी के निष्पादन को जानना और सुधार लाना
(2) शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में सुधार लाना
(3) शिक्षार्थियों का अवलोकन करना
(4) बच्चों की तैयारी के स्तर का पता लगाना
(5) शिक्षण-अधिगम पर मनन करने और उसमें संशोधन करने में
(6) बच्चों की शिक्षा का समर्थन और सुधार करने के लिए।

15. **During a class test a teacher finds that most of the students have responded incorrectly to a concept based question. The teacher should :**
एक कक्षा परीक्षण के दौरान एक शिक्षक ने पाया कि अधिकांश छात्रों ने अवधारणा आधारित प्रश्न का उत्तर गलत दिया है। शिक्षक को चाहिए कि वे -
(a) Scold the children and ask them to work hard/बच्चों को डांटे और अधिक मेहनत करने को कहें।
(b) Call the parents and complain that the children are not studying/माता-पिता को बुलाकर शिकायत करें कि बच्चे पढ़ाई नहीं कर रहे हैं।
(c) Make the students write the answers to the question multiple times/विद्यार्थियों को प्रश्न के उत्तर कई बार लिखने को कहें।
(d) Find out conceptual challenges in the students' thinking and teach accordingly/छात्रों की सोच में वैचारिक चुनौतियों का पता लगाएँ और उसके अनुसार पढ़ाएँ।

Ans. (d) : एक कक्षा परीक्षण के दौरान एक शिक्षक ने पाया कि अधिकांश छात्रों ने अवधारणा आधारित प्रश्न का उत्तर गलत दिया है। शिक्षक को चाहिए कि वे छात्रों की सोच में वैचारिक चुनौतियों का पता लगाएँ और उसके अनुसार पढ़ाएँ।
कक्षा परिचर्चा एक ऐसी गतिविधि है जो छात्रों के लिए उनके विचारों, अवधारणाओं की समझ और चिंतन प्रक्रियाओं पर चर्चा करने के लिए होती है। अतः छात्रों को अपनी विचार व चिंतन प्रक्रियाओं को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

16. **Which of the following statements it true about inclusive education ?**
(i) It is a system of education, wherein students with and without 'disability' learn together.
(ii) It is about ensuring participation of all children while removing exclusion, discrimination, barriers to learning and participation.
(iii) It views differences between children and adults as hindrances for learning.
समावेशी शिक्षा के बारे में कौन सा कथन सही हैं?
(i) यह शिक्षा का वह तंत्र है जिसमें 'विकलांगता' व बिना 'विकलांगता' वाले विद्यार्थी इकट्ठे पढ़ते हैं।
(ii) इसमें बहिष्करण, भेदभाव तथा भागीदारी और सीखने में अन्य बाधाओं को दूर करते हुए सभी विद्यार्थी की भागेदारी को सुनिश्चित किया जाता है।
(iii) इसमें बच्चों व वयस्कों के बीच के अंतर को सीखने में बाधक के रूप में देखा जाता है।
(a) (i), (ii) (b) (i), (iii)
(c) (ii), (iii) (d) (i), (ii), (iii)

Ans. (a) : समावेशी शिक्षा के बारे में निम्नलिखित कथन सही है-
(1) यह शिक्षा का वह तंत्र है जिसमें 'विकलांगता' व बिना 'विकलांगता' वाले विद्यार्थी इकट्ठे पढ़ते हैं।
(2) इसमें बहिष्करण, भेदभाव तथा भागीदारी और सीखने में अन्य बाधाओं को दूर करते हुए सभी विद्यार्थी की भागेदारी को सुनिश्चित किया जाता है।
(3) इसमें बच्चों व वयस्कों के बीच के अंतर को सीखने में सहायक के रूप में देखा जाता है न कि बाधक के रूप में।
अतः (i) तथा (ii) सही है।

17. In a classroom of diverse children, with children from disadvantaged communities, a teacher should :
एक शिक्षिका को विविध बच्चों की कक्षा में जिसमें हाशिए पर समुदाय से आने वाले बच्चे भी शामिल हैं, क्या करना चाहिए ?
(a) Totally ignore individual differences./सभी व्यक्तिगत भिन्नताओं को नजरंदाज करना चाहिए।
(b) Work towards eliminating all cultural differences. /सभी सांस्कृतिक भिन्नताएँ मिटाने के लिए कार्य करने चाहिए।
(c) recognize that difference are not 'deficits'./मानना चाहिए कि विभिन्नताएँ, कमियाँ नहीं हैं।
(d) Identify children who can learn and focus on them only./उन बच्चे जो सीख सकते हैं को पहचानकर केवल उन्हीं पर ध्यान देना चाहिए।

Ans. (c) : एक शिक्षिका को विविध बच्चों की कक्षा में जिसमें हाशिए पर समुदाय से आने वाले बच्चे भी शामिल हैं, को मानना चाहिए कि विभिन्नताएँ, कमियाँ नही है। एक शिक्षिका को विविध बच्चों की कक्षा में निम्न कार्य करने चाहिए-
(1) सभी व्यक्तिगत भिन्नताओं को प्रोत्साहित करना चाहिए।
(2) सभी सांस्कृतिक भिन्नताओं को प्रोत्साहित करना चाहिए।
(3) सभी बच्चों पर समान रूप से ध्यान देना चाहिए।
(4) बच्चों के सामाजिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को बढ़ावा देना चाहिए। जिससे कि उनमें नकारात्मकता को दूर करके सार्थक व प्रभावी अधिगम कराया जा सके।

18. Which of the following would promote learning in an inclusive classroom ?
कौन-सी पद्धति एक समावेशी कक्षा में बच्चों के सीखने में सहायक होगी ?
(a) Competitive ethos/प्रतिस्पर्धात्मक संस्कृति
(b) Collaborative learning/सहयोगात्मक अधिगम
(c) Standardized instruction/मानकीकृत निर्देश
(d) Rigid assessment strategies/सख्त मूल्यांकन प्रणाली

Ans. (b) : समावेशी कक्षा विकालांग बच्चों तक ही सीमित नही है अपितु इसमें सभी विषम समूह के बच्चों को शामिल किया जाता है और सहयोगात्मक अधिगम वह पद्धति है जो एक समावेशी कक्षा में बच्चों के सीखने में सहायक होगी क्योंकि यह एक विषम समूह को संदर्भित करता है। जहाँ छात्र अधिगम के परिणामों को प्राप्त करने के लिए सहयोगी रूप से काम करते हैं। यह महत्वपूर्ण सोच, बुद्धिशीलता, संचार और जीवन भर सीखने के कौशल को विकसित करता है जिससे सभी प्रकार के बच्चों को शिक्षण अधिगम में आसानी मिलती है।

19. Which of the following are effective accommodations in the classroom environment as per the needs of students with locomotor disabilities?
(i) Provision of barrier - free environment
(ii) Ensure free movement by placing funiture in less restrictive manner
(iii) Follow multiple methods of assessment
निम्न में से कौन से शिक्षाशास्त्रीय प्रावधान एक विद्यार्थी जिसे गतिमान दिव्यांगता है की जरूरतों के अनुकूल उपयुक्त समायोजन हैं ?
(i) बाधामुक्त वातावरण को सुनिश्चित करना
(ii) मेज कुर्सी को कम प्रतिबंधात्मक तरीके से रखकर आने-जाने को सुगम बनाना
(iii) मूल्यांकन की विविध पद्धतियों का प्रयोग
(a) (i), (ii) (b) (i), (iii)
(c) (ii), (iii) (d) (i), (ii), (iii)

Ans. (d) : बाधामुक्त वातावरण को सुनिश्चित करना, मेज-कुर्सी को कम प्रतिबंधात्मक तरीके से रखकर आने-जाने को सुगम बनाना और मूल्यांकन की विविध पद्धतियों के प्रयोग ये सभी शिक्षाशास्त्रीय प्रावधान गतिमान दिव्यांगता वाले विद्यार्थी की जरुरतों के अनुकूल उपयुक्त समायोजन है।
गतिमान दिव्यांगता की जरुरतों के अनुकूल उपयुक्त समावेशन में भूतल पर कक्षाओं पुस्तकालय और प्रयोगशालाओं को आंवटित करना, विद्यालय के सभी क्षेत्रों को ढ़लान और चढ़ाव से बराबर कर समतल करना विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलन करना और बैठने की व्यवस्था में उचित समायोजन करना चाहिए। जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की असहजता न महसूस हो क्योंकि ये विद्यार्थी गतिक कार्यों को करने में असमर्थ होते हैं अतः विद्यालय की रूपरेखा व पाठ्यचर्या को इनके अनुकूल उचित रहेगा।

20. Which of the following are typical indicators of creativity ?
(i) Need for repeated practice
(ii) Inability to concentrate
(iii) Risk taking
(iv) Flexibility
(v) Intolerance for boredom
निम्नलिखित में से रचनात्मकता के विशिष्ट संकेतक कौन से हैं ?
(i) बारम्बार अभ्यास की आवश्यकता
(ii) ध्यान केंद्रित करने में असमर्थता
(iii) जोखिम उठाना
(iv) लचीलापन
(v) बोरियत के लिए असहिष्णुता
(a) (i), (ii), (iii) (b) (iii), (iv), (v)
(c) (i), (ii), (iii), (iv) (d) (i), (ii) (iii), (iv), (v)

Ans. (b) : रचनात्मकता के विशिष्ट संकेतक जोखिम उठाना, लचीलापन और बोरियत के लिए असहिष्णुता आदि है।
रचनात्मकता समस्याओं के मूल और भिन्न समाधान को पहचानने या तैयार करने की क्षमता है।
रचनात्मकता के विशिष्ट संकेतक निम्न है-

(1) समस्याओं को नवीन तरीके से हल करना।
(2) अपसारी चिंतन।
(3) नवीन विचारों के प्रति जागरुक।
(4) जिज्ञासु प्रवृत्ति।
(5) स्वतः निर्णय लेने की क्षमता।

21. In a socio-constructivist classroom the teacher is _____ and the tables and desks are _____ to facilitate group work.
एक सामाजिक-रचनात्मक कक्षा में शिक्षक को _____ और सामूहिक कार्य को सुगम बनाने के लिए, मेज़ व कुर्सी ऐसी होनी चाहिए _____ ।

(a) Mobile; moveable/गतिशील; जिन्हें खिसकाया जा सके।
(b) Mobile; fixed/गतिशील; जो नियत हों।
(c) Dictator; fixed/तानाशाह; जो नियत हों।
(d) Dictator; moveable/तानाशाह; जिन्हें खिसकाया जा सके।

Ans. (a) : एक सामाजिक-रचनात्मक कक्षा में शिक्षक को गतिशील और सामूहिक कार्य को सुगम बनाने के लिए, मेज़ व कुर्सी ऐसी होनी चाहिए जिन्हें खिसकाया जा सके। एक सामाजिक-रचनात्मक कक्षा में शिक्षक बच्चों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ, खेल, सामूहिक चर्चा एवं कार्य, प्रश्न पूछने के लिए स्वतंत्र वातावरण आदि में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करते हैं तथा भयमुक्त होने के लिए प्रोत्साहित करते हैं एवं भयमुक्त और लोकतांत्रिक वातावरण का निर्माण करते हैं।

22. Assertion (A) : Restricting learning to a permanent and measurable change in behavior is problematic.
Reason (R) : Learning is a complex activity that includes processes that take place internally.
कथन (A) : अधिगम को केवल सीखने में स्थायी व मापा जा सकने वाला बदलाव देखना समस्यात्मक है।
तर्क (R) : सीखना एक जटिल क्रिया है जिसमें आंतरिक रूप से होने वाली प्रक्रियाएँ भी शामिल हैं।
Choose the correct option :
सही विकल्प चुनें :

(a) Both (A) and (R) are true and (R0 is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : अधिगम को केवल सीखने में स्थायी व मापा जा सकने वाला बदलाव देखना समस्यात्मक है, क्योंकि अधिगम के द्वारा व्यक्ति के व्यवहार में परिवर्तन होता है और इसके माध्यम से व्यक्ति का सर्वांगीण या चहुमुखी विकास किया जाता है। अधिगम एक जटिल क्रिया है जिसमें आंतरिक रूप से होने वाली प्रक्रियाएँ भी शामिल हैं क्योंकि जो जीवन पर्यंत तक चलती रहती है तथा इसमें अनुभव और प्रशिक्षण के माध्यम से व्यवहार का संशोधन किया जाता है। अतः (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

23. Experimental learning stresses :
अनुभवात्मक अधिगम किस पर जोर डालता है?

(a) The role of reinforcement in learning/सीखने में पुर्नबलन की भूमिका
(b) Importance of hands-on learning/करके सीखने की महत्वता
(c) that learning is a product rather than a process/सीखना एक प्रक्रिया नहीं अपिंतु एक उत्पाद है
(d) Drill and mechanical practice/वेधन और यांत्रिक अभ्यास

Ans. (b) : अनुभवात्मक अधिगम करके सीखने पर जोर डालता है। अनुभवात्मक अधिगम सीखने की एक विधि है, जहाँ बच्चे सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। डेविड कोल्ब ने अनुभवात्मक अधिगम का मॉडल दिया है।
अनुभवात्मक अधिगम निम्न पर जोर देता है-
(1) सक्रिय सहभागिता
(2) नए विचारों का उपयोग
(3) प्रत्यक्ष सीखना
(4) स्वंय करके सीखना
(5) व्यवहारिक दृष्टिकोण

24. When students are not able to 'perform' as per the expectations of the school, the schools should first focus on reflecting upon :
जब छात्र स्कूल की अपेक्षाओं के अनुसार प्रदर्शन करने में सक्षम नहीं होते हैं, तो स्कूलों को सबसे पहले निम्नलिखित पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ?

(a) The 'deficiencies' in these children /इन बच्चों में कमी पर
(b) The economic background of the parents/माता-पिता की आर्थिक पृष्ठभूमि पर
(c) The social background of the parents/माता-पिता की सामाजिक पृष्ठभूमि पर
(d) The school and the classroom environment and ethos/स्कूल और कक्षा का वातावरण और लोकाचार

Ans. (d) : जब छात्र स्कूल की अपेक्षाओं के अनुसार प्रदर्शन करने में सक्षम नहीं होते हैं, तो स्कूलों को सबसे पहले स्वयं के तथा कक्षा के वातावरण और लोकाचार पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। जिसमें बच्चों की सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, पाठ्यक्रम का लचीला स्वरूप तथा भयमुक्त वातावरण आदि शामिल है। इन सभी का प्रयोग बच्चों में एक सकरात्मक व लक्ष्य उन्मुख प्रदर्शन करने की रूचि उत्पन्न करेगा जिसके द्वारा बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में सक्षम हो पायेंगे।

25. Which of the following describes use of heuristics in problem-solving ?
निम्नलिखित में से कौन-सा समस्या-समाधान में स्वानुभाविकता के प्रयोग का वर्णन करता है ?

(a) A step-by step procedure for achieving as hoals is presribed?/लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए चरण-दर-चरण प्रक्रिया निर्धारित है।

(b) The problem is divided into a number of intermediate goals and then focus on solving each sub-goal./समस्या को कई मध्यवर्ती लक्ष्यों में विभाजित किया जाता है और फिर प्रत्येक उप-लक्ष्य को हल करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

(c) The students begin at the goal and move back to the unsolved initial problem./छात्र लक्ष्य से शुरू करते हैं और अनसुलझी प्रारंभिक समस्या पर वापस जाते हैं।

(d) The student limits her search for solutions to situations that have something in common with the one you currently face./विद्यार्थी अपनी खोज को उन स्थितियों के समाधान के लिए सीमित कर देता है जिनमें कुछ ऐसी स्थिति है जिसका आप वर्तमान में सामना कर रहे हैं।

Ans. (a) : समस्या-समाधान में स्वानुभाविकता के प्रयोग का वर्णन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए चरण-दर-चरण प्रक्रिया निर्धारित करता है।

स्वानुभाविक शोध समस्या को हल करने का एक तरीका है। स्वानुभाविक शोध प्रणाली आर्मस्ट्रांग द्वारा प्रतिपादित की गई थी। यह विधि त्वरित सुधार करने की अनुमति प्रदान करती है। यह किसी समस्या का शीघ्र प्रभावी और कुशलता से सर्वोत्तम सम्भव समाधान खोजने की प्रणाली से संबंधित है जो त्वरित और व्यवहारिक समाधान में परिणत होती है।

26. Which of the following strategies is NOT helpful for a teacher to encourage emotional self regulation in her students ?
निम्न में से कौन सी कार्यनीति एक शिक्षिका को विद्यार्थियों में संवेगात्मक आत्म-नियमनता को प्रोत्साहित नहीं करेगी ?

(a) Helping students recognize and express their feelings/विद्यार्थियों को अपनी भावनाएँ पहचानने व उनको अभिव्यक्ति करने में मदद करना।

(b) Discussing strategies for coping with emotions/संवेगों से जूझने की नीतियों पर चर्चा करना।

(c) Helping students recognize cultural differences in emotional expression/विद्यार्थियों को संवेगात्मक अभिव्यक्तियों में सांस्कृतिक विभिन्नताओं को पहचानने में मदद करना।

(d) Encouraging students to compete with each other and constantly make comparisons creating a climate of mistrust /विद्यार्थियों को एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा के लिए प्रोत्साहित करना व लगातार तुलना करते हुए अविश्वास का माहौल बनाना।

Ans. (d) : विद्यार्थियों को एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा के लिए प्रोत्साहित करना व लगातार तुलना करते हुए अविश्वास का माहौल बनाने की कार्यनीति एक शिक्षिका द्वारा विद्यार्थियों में संवेगात्मक आत्म-नियमनता को प्रोत्साहित नही करेगी। जबकि विद्यार्थियों को अपनी भावनाएँ पहचानने व उनकी अभिव्यक्ति करने में मदद करना, संवेगों से जूझने की नीतियों पर चर्चा करना और विद्यार्थियों को संवेगात्मक अभिव्यक्तियों में सांस्कृतिक विभिन्नताओं को पहचानने में मदद करने की कार्यनीति एक शिक्षिका को विद्यार्थियों में संवेगात्मक आत्म-नियमनता को प्रोत्साहित करेगी। विद्यार्थियों का आत्म-नियमनता, आत्म अनुशासन और नियंत्रण तथा अपने स्वंय के अधिगम की निगरानी करने से संबंधित है।

विद्यार्थियों को अपनी भावनाएँ पहचानने व उनकी अभिव्यक्ति करने में मदद करना, संवेगों से जूझने की नीतियों पर चर्चा करना और विद्यार्थियों को संवेगात्मक अभिव्यक्तियों में सांस्कृतिक विभिन्नताओं को पहचानने में मदद करने की कार्यनीति एक शिक्षिका को विद्यार्थियों में संवेगात्मक आत्म-नियमनता को प्रोत्साहित करेगी।

27. An effective way to encourage children for learning goals is :
बच्चों के सीखने के लक्ष्य की तरफ प्रेरित करने का प्रभावी तरीका क्या है ?

(a) To pressurise them to score will in exams /परीक्षाओं में अच्छे अंक लाने के लिए उन पर दबाव डालना

(b) To constantly compare their performance with peers /उनके प्रदर्शन की हमेशा उनके समकक्षियों से तुलना करना

(c) To offer rewards or punishment for every behaviour/हर व्यवहार के लिए इनाम या सज़ा प्रस्तुत करना

(d) Inculcate love, joy and curiosity for learning/उनमें सीखने का आनंद, खुशी और उत्सुकता पैदा करना

Ans. (d) : बच्चों के सीखने के लक्ष्य की तरफ प्रेरित करने का प्रभावी तरीका उनमें सीखने का आनंद, खुशी और उत्सुकता पैदा करना है। बच्चों को उनके स्वंय के लक्ष्य निर्धारित करने और उनकी प्राप्ति के लिए कार्य करने में सहायता करनी चाहिए।

बच्चों को सीखने के लक्ष्य की तरफ प्रेरित करने का प्रभावी तरीका निम्नलिखित है-

(1) छात्रों को निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

(2) सीखने के विभिन्न प्रकार के कार्य दिए जाने चाहिए।

(3) छात्रों को अपनी रचनात्मकता विकसित करने के अवसर दिए जाने चाहिए।

(4) छात्रों को आत्म-मूल्यांकन के लिए अवसर प्रदान करना चाहिए।

28. Which of the following statements does not support a belief in socio-constructivist perspective of learning ?
निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सीखने के सामाजिक-रचनात्मक परिप्रेक्ष्य में विश्वास का समर्थन नहीं करता हैं ?

(a) Children should receive qualitative feedback on their responses./बच्चों को उनकी प्रतिक्रियाओं पर गुणात्मक प्रतिक्रिया दी जानी चाहिए।

(b) Teachers should make children aware of the inconsistencies in their thinking though questioning. /शिक्षकों को चाहिए कि प्रश्न पूँछने के दौरान बच्चों की उनकी सोच में विसंगतियों से अवगत कराएं।

(c) Teachers should ask questions to bring out children's misconceptions and prompt them to think on their own thinking./शिक्षकों को बच्चों में भ्रांतियों को दूर करने के लिए प्रश्न पूछने चाहिए और उन्हें अपनी सोच पर सोचने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

(d) Children should take on a passive role during the teaching process./शिक्षण प्रक्रिया के दौरान बच्चों को निष्क्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

Ans. (d) : शिक्षण प्रक्रिया के दौरान बच्चों को निष्क्रिय भूमिका निभानी चाहिए यह कथन सीखने के सामाजिक रचनात्मक परिप्रेक्ष्य में विश्वास का समर्थन नहीं करता है। जबकि बच्चों को उनकी प्रतिक्रियाओं पर गुणात्मक प्रतिक्रिया दी जानी चाहिए, शिक्षकों को चाहिए कि प्रश्न पूंछने के दौरान बच्चों की उनकी सोच में विसंगतियों से अवगत कराएं, शिक्षको को बच्चों में भ्रांतियों को दूर करने के लिए प्रश्न पूंछने चाहिए और उन्हें अपनी सोच पर सोचने के लिए प्रेरित करना चाहिए तथा बच्चों को शिक्षण प्रक्रिया के दौरान सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए ये सभी कथन सीखने के सामाजिक-रचनात्मक परिप्रेक्ष्य में विश्वास का समर्थन करते हैं।

29. Which of the following strategies would hinder students from becoming effective problem-solvers and critical thinkers ?
निम्नलिखित में से कौन-सी रणनीति छात्रों को प्रभावी समस्या-समाधानकर्ता और महत्वपूर्ण विचारक बनने से रोकेगी ?

(a) Asking students if they are sure they understand the problem accurately/छात्रों से पूछना कि क्या वे सुनिश्चित हैं कि वे समस्या को ठीक से समझते हैं।

(b) Encouraging the students to think of analogies/छात्रों को उपमाओं के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करना।

(c) Asking the students to think rather than doing the thinking for them/छात्रों को खुद से सोचने के लिए प्रेरित करना बजाय उनके लिए सोचने के।

(d) Encouraging the students to see only one way of seeing the problem and focus on a prescribed given solution/छात्रों को समस्या को देखने का केवल एक ही तरीका देखने के लिए प्रोत्साहित करना और निर्धारित समाधान पर ध्यान केंद्रित करना।

Ans. (d) : छात्रों को समस्या को देखने का केवल एक ही तरीका देखने के लिए प्रोत्साहित करना और निर्धारित समाधान पर ही ध्यान केन्द्रित करने की रणनीति छात्रों को प्रभावी समस्या-समाधानकर्ता और महत्वपूर्ण विचारक बनने से रोकेगी। जबकि छात्रों से पूछना कि, क्या वे सुनिश्चित है कि वे समस्या को ठीक से समझते हैं एवं छात्रों को उपमाओं के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करना तथा छात्रों को खुद से सोचने के लिए प्रेरित करना बजाए उनके लिए सोचने की ये सभी रणनीतियाँ छात्रों को प्रभावी समस्या-समाधानकर्ता और महत्वपूर्ण विचारक बनने में प्रोत्साहित करेगी।

30. As an middle school teacher how will you increase intrinsic motivation in your students ?
एक माध्यमिक कक्षा की शिक्षिका के नाते आप अपने विद्यार्थियों में आंतरिक अभिप्रेरणा को कैसे बढ़ावा देंगी ?

(a) Encouraging competition/
प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर

(b) Punishing undesirable behavior/
अवांछनीय व्यवहार को दंडित करके

(c) Inculcating joy for learning/
सीखने में आनंद की अनुभूति को बढ़ावा देकर

(d) Offering materialistic rewards/
भौतिकवादी पुरस्कार देकर

Ans. (c) : एक माध्यमिक कक्षा की शिक्षिका के नाते अपने विद्यार्थियों में आन्तरिक अभिप्रेरणा को सीखने में आनंद की अनुभूति को बढ़ावा देकर बढ़ाया जा सकता है।
आकांक्षा का स्तर आंतरिक अभिप्रेरणा का एक उदाहरण है। आंतरिक प्रेरणा व्यक्ति के भीतर निहित होती है, यह व्यवहार को सक्रिय करती है और स्व-शिक्षण को गति देती है।
विद्यार्थियों को क्या करना है यह बताने के बजाए उनसे यह पूछना कि वे क्या करने जा रहे हैं, तथा व्यक्तिगत नैपुण्य लक्ष्यों को निर्धारित करने में उनको सहयोग देकर एक शिक्षिका विद्यार्थियों को आंतरिक अभिप्रेरणा को बढ़ावा दे सकती है।

SOCIAL SCIENCE

1. Which among the following would be an example of diversity with equality ?
निम्नलिखित में से क्या समानता के साथ विविधता का एक उदाहरण होगा ?

(a) Samir likes to paint and Mihir likes to sketch./समीर को रंग भरना और मिहीर को चित्र बनाना पसंद है।

(b) Sami goes to school and Mihir sells newspaper./समीर स्कूल जाता है और मिहीर अखबार बेचता है।

(c) Samir got new clothes for Diwali and Mihir wore his old clothes./समीर को दीपावली पर नए कपड़े मिले और समीर ने पुराने कपड़े पहने।

(d) Samir lives in a flat and Mihir lives in a hut./समीर एक फ्लैट में और मिहीर एक झोपड़ी में रहता है।

Ans. (a) : समीर को रंग भरना और मिहीर को चित्र बनाना पसंद है यह वाक्य समानता के साथ विविधता का एक उदाहरण है क्योंकि दोनो की विषयवस्तु एक ही है।

2. People in Kerala practice different religions. What could be the reason for diversity of religious practice ? Consider the two statements given below and choose the correct answer.

(A) Jewish and Arab traders came to trade in spices and brought Judaism and Islam to the people there.

(B) St. Thomas came nearly 2000 year ago and brought Christianity to the people.

केरल में लोग भिन्न-भिन्न धर्मों का पालन करते हैं। धार्मिक प्रथाओं की विविधता के लिए क्या कारण हो सकता है ?

(A) यहूदी और अरब व्यापारी मसालों का व्यापार करने आए थे और यहाँ लोगों के लिए यहूदी धर्म और इस्लाम लाए।

(B) संत थॉमस लगभग दो हज़ार साल पहले यहाँ आए और लोगों के लिए इसाई धर्म लाए।

Options :/ विकल्प :

(a) Only (A) is true and can be considered as a reason./केवल (A) सही है और इसे कारण के रूप में माना जा सकता है।

(b) Only (B) is true and can be considered as a reason./केवल (B) सही है और इसे कारण के रूप में माना जा सकता है।

(c) (A) and (B) are true and are valid reasons./(A) और (B) सही हैं और वे वैध कारण हैं।

(d) (A) and (B) are true but not valid reasons./(A) और (B) सही हैं परन्तु वे वैध कारण नहीं हैं।

Ans. (c) : केरल में लोग भिन्न-भिन्न धर्मों का पालन करते है क्योंकि प्रारम्भ में यहूदी और अरब व्यापारी मसालों का व्यापार करने यहाँ आये और लोगों को इस्लाम एवं यहूदी धर्म में परिवर्तित किए। संत थॉमस लगभग 2000 साल पहले यहाँ आए और लोगो को इसाई धर्म में दीक्षित किया। अतः (A) और (B) दोनों सही है और वैध कारण है।

3. Match the following in the context of functioning of government and choose the appropriate option :

Column X	**Column Y**
(a) Local Government	**(i) Decision to mark out grazing land area**
(b) State Government	**(ii) Decision to give bonus to village administrative officer in Madhya Pradesh**
(c) Union Government	**(iii) Introducing new currency note**

सरकार की कार्य विधि के संदर्भ में निम्नलिखित सुमेल कीजिए और उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

कॉलम X	**कॉलम Y**
(A) स्थानीय प्रशासन	**(I) चराई क्षेत्र बनाने संबंधी निर्णय**
(B) राज्य सरकार	**(II) मध्यप्रदेश में एक ग्राम प्रशासनिक अधिकारी को बोनस देने का निर्णय**
(C) संघ सरकार	**(III) नई मुद्रा जारी करने का निर्णय**

Option/विकल्प

(a) (A)-(I), (B)-(II), (C)-(III)

(b) (A)-(II), (B)-(I0, (C)-(III)

(c) (A)-(III), (B)-(I), (C)-(II)

(d) (A)-(II), (B)-(III), (C)-(I)

Ans. (a) : सही सुमेलन इस प्रकार है-

कॉलम (X)		कॉलम (Y)
(i) स्थानीय सरकार	–	चराई क्षेत्र बनाने संबंधी निर्णय।
(ii) राज्य सरकार	–	मध्य प्रदेश में एक ग्राम प्रशासनिक अधिकारी को बोनस देने का निर्णय।
(iii) संघ सरकार	–	नई मुद्रा जारी करने का निर्णय।

4. Who among the following in a state is appointed by the Central Government ?
निम्नलिखित में से राज्य में किसकी नियुक्ति केन्द्र सरकार द्वारा होती है ?

(a) Speaker of the Vidhan Sabha/विधान सभा अध्यक्ष (स्पीकर)

(b) Member of Legislative Council/विधान सभा परिषद के सदस्य

(c) Governor/राज्यपाल

(d) Chief Minister/मुख्यमंत्री

Ans. (c) : प्रश्नानुसार राज्य में राज्यपाल की नियुक्ति केन्द्र सरकार द्वारा (राष्ट्रपति) होती है। राज्यपाल राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यंत पद धारण करता है। वह राज्य का संवैधानिक प्रमुख होता है।

5. Which of the following is be an example of employment with job security ?
निम्नलिखित में से क्या नौकरी की सुरक्षा वाले रोज़गार का एक उदाहरण होगा ?

(a) Daily wage labourer/दिहाड़ी मज़दूर

(b) Casual worker/अनियमित कर्मचारी

(c) Regular worker/नियमित कर्मचारी

(d) Seasonal worker/मौसमी कर्मचारी

Ans. (c) : नौकरी की सुरक्षा वाले रोजगार का उदाहरण नियमित कर्मचारी होगा, क्योंकि नियमित कर्मचारियों को कार्यात्मक सुरक्षा प्रदान की जाती है।

6. Consider the following statements about casual jobs :

(A) Employees are required to come as and when the employer needs them.

(B) Employees get good working conditions.

(C) employees are expected to work for longer hours.

अनियमित रोज़गार के संदर्भ में निम्न कथनों को पढ़िए :

(A) कारीगर को तभी आना होता है जब मालिक को जरूरत हो।

(B) कारीगरों को कार्य की अच्छी दशाएँ मिलती हैं।

(C) कारीगरों से ज्यादा घंटे काम करने की उम्मीद की जाती है।

Choose the correct option :
सही विकल्प चुनाव कीजिए :

(a) Only (A) is true/केवल (A) सही है।
(b) Only (A) and (B) are true/केवल (A) और (B) सही हैं।
(c) Only (B) and (C) are true/केवल (B) और (C) सही हैं।
(d) Only (A) and (C) are true/केवल (A) और (C) सही हैं।

Ans. (d) : प्रश्नानुसार अनियमित रोजगार के सन्दर्भ में सत्य कथन हैं – कारीगरों को तभी आना होता है जब मालिक को जरुरत हो एवं कारीगरों से ज्यादा देर तक काम करने की उम्मीद मालिक द्वारा की जाती है।

7. An important mechanism during the parliament session by which the MPs elicit information about the working of the Government and keep a check over the executive is known as _____.
(A) Zero hour
(B) Question hour
(C) Calling attention motion
(D) Walk out from the house
संसद के सत्र के समय एक महत्वपूर्ण व्यवस्था जिसके माध्यम से सांसद सरकार के कामकाज के बारे में जानकारियाँ हासिल करते हैं तथा कार्यपालिका के ऊपर अंकुश रखते हैं, वह है :
(A) शून्य काल
(B) प्रश्न काल
(C) ध्यानाकर्षन प्रस्ताव
(D) सदन का बहिष्कार करना
Option/विकल्प:
(a) (A), (B) and (D)/ (A), (B) और (D)
(b) (B), (C) and (D)/ (B), (C) और (D)
(c) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(d) (C), (D) and (A)/ (C), (D) और (A)

Ans. (c) : संसद के सत्र के दौरान शून्य काल, प्रश्न काल एवं ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से सांसद सरकार के कामकाल के बारे में जानकारियाँ हासिल करते हैं ताकि कार्यपालिका के ऊपर अंकुश बना रहे।

8. Which of the following will be called a balanced media report ?/निम्नलिखित में से किसे एक संतुलित मीडिया रिपोर्ट कहेंगे ?
(a) One that discusses the government's position only./वह जिसमें केवल सरकार के दृष्टिकोण की चर्चा की गई है।
(b) One that is pro-people and anti-private companies./वह जो लोगों के तरफ से और निजी कम्पनियों के खिलाफ बोलती है।
(c) One that discusses the point of view of the disadvantaged sections of society./वह जो समाज के पीड़ित समुदायों के दृष्टिकोण की चर्चा करती है।
(d) One that discusses all points of view./वह जिसमें सभी पक्षों की बात रखी गई है।

Ans. (d) : संतुलित मीडिया रिपोर्ट वह होता है जो सभी पहलुओं एवं पक्षों को एक साथ लेकर चले या सभी पक्षों को बराबरी से बात रखने का अवसर प्रदान करे।

9. Which of the following provisions in the Constitution are recognition of equality :
(A) Every person is equal before law.
(B) Untouchability has been abolished.
(C) Every person has access to all public places.
(D) No person can be discriminated against on the basis of their religion, race, caste, sex or place of birth.
निम्न में से कौन से समानता को स्थापित करने के लिए संविधान के प्रावधान हैं :
(A) कानून की दृष्टि में हर व्यक्ति समान है।
(B) अस्पृश्यता का उन्मूलन कर दिया गया है।
(C) हर व्यक्ति सार्वजनिक स्थलों पर जा सकता है।
(D) किसी भी व्यक्ति के साथ उसके धर्म, जाति, वंश, लिंग और जन्मस्थल के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता है।
Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन कीजिए :
(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)
(b) (A), (C) and (D)/(A), (C) और (D)
(c) (B), (C) and (D)/ (B), (C) और (D)
(d) All (A), (B) (C) and (D)/(A), (B) (C) और (D) सभी

Ans. (d) : संविधान में समानता स्थापित करने के निम्नवत् प्रावधान है-
(i) कानून की दृष्टि में हर व्यक्ति समान है।
(ii) अस्पृश्यता का उन्मूलन
(iii) हर व्यक्ति सार्वजनिक स्थलों पर जा सकता है।
(iv) किसी भी व्यक्ति के साथ धर्म, जाति, लिंग एवं वंश के आधार पर भेद भाव न करना।

10. Every citizen has freedom to practice and follow one' sown religion. This freedom emanates from which principle enshrined in the Indian Constitution ?
प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्रता है अपने धर्म का पालन और अनुसरण करने की। भारतीय संविधान में प्रतिस्थापित किस सिद्धांत से यह स्वतंत्रता उत्पन्न हुई है ?
(a) Socialism/समाजवाद
(b) Secularism/धर्मनिरपेक्षता
(c) Democracy/लोकतंत्र
(d) Republican form of Government/सरकार का गणतांत्रिक स्वरूप

Ans. (b) : संविधान में प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्रता और अपने धर्म का पालन एवं अनुसरण करने का अधिकार है। यह स्वतंत्रता संविधान के धर्मनिरपेक्षता की स्वतंत्रता से उत्पन्न हुआ है।

11. Which among the following would amount to an unfair trial in a case of theft ?
किस चोरी के मामले में निम्नलिखित में से क्या होने पर पक्षपातपूर्ण सुनवाई माना जाएगा ?

(a) The person accused of theft is given a copy of the charge sheet./चोरी का आरोप लगाए गए व्यक्ति को आरोप पत्र की कॉपी देना।

(b) The person accused of theft is provided with a lawyer by the state because he cannot afford one./वकील करने की क्षमता ना रखने पर राज्य द्वारा आरोपित को वकील उपलब्ध करवाना।

(c) The lawyer of the accused is allowed to question the witnesses./आरोपित के वकील को गवाहों से पूछ-ताछ करने देना।

(d) The accused once found guilty is forgiven as he is a talented person from a respectable family./आरोपित का दोषी पाए जाने पर प्रतिभाशाली और सम्मानित परिवार के होने की वजह से माफ़ कर देना।

Ans. (d) : किसी अपराधी के दोषी पाए जाने पर प्रतिभाशाली और सम्मानित परिवार के होने की वजह से माफ कर देना चोरी के मामले में पक्षपातपूर्ण सुनवाई माना जायेगा क्योंकि संविधान के अनुसार दण्ड के मामले में सभी एक समान होते हैं।

12. Where in Odisha did tribal people protest against displacement, upon the setting up of an aluminium mine ?/उड़ीसा के किस क्षेत्र में एल्यूमीनियम कंपनी द्वारा खान लगाने पर आदिवासियों द्वारा विस्थापन के विरोध में आन्दोलन चलाया गया ?

(a) Dhaulagiri hills/धौलगिरी पर्वत

(b) Niyamgiri hills/न्यामगिरी पहाड़ी

(c) Chirmari hills/चिरमिरी पहाड़ी

(d) Giridih hills/गिरिडीह पर्वत

Ans. (b) : उड़ीसा के न्यामगिरी पहाड़ी क्षेत्र में एल्यूमीनियम कम्पनी द्वारा खान लगाने पर आदिवासियों द्वारा विस्थापन के विरोध में का आन्दोलन चलाया गया।

13. Consider the following statements and choose the correct option, on the mid-day meal programme.

Statement (A) : The programme ensures parents from lower socio-economic strata do not have to worry about giving three daily meals to their children.

Statement (B) : the programme compensates for nutritional deprivations of children.

मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था कार्यक्रम में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर चुनिए।

कथन (A) : यह कार्यक्रम सुनिश्चित करता है कि निम्न सामाजिक आर्थिक स्थिति के माता-पिता को अपने बच्चों को तीन समय का भोजन देने की चिन्ता करने की आवश्यकता नहीं है।

कथन (B) : यह कार्यक्रम पोषण के अभावों की क्षतिपूर्ति करता है।

Option/विकल्प:

(a) Only (A) is correct./केवल (A) सही है।

(b) Only (B) is correct./केवल (B) सही है।

(c) Both (A) and (B) are correct.(A) और (B) दोनों सही हैं।

(d) Both (A) and (B) are incorrect./(A) और (B) दोनों गलत हैं।

Ans. (b) : मध्यान्ह भोजन व्यवस्था सरकारी स्कूलो में पढ़ने वाले बच्चों को दिया जाता है। इसकी शुरुआत 1995 में हुई थी। यह क्रार्यक्रम पोषण के आभावों की क्षतिपूर्ति करता है।

14. In which text of Buddhism were the rules for the monks and nuns of the Sangha compiled ?
बौद्ध धर्म के किस ग्रंथ में संघ के भिक्षु एवं भिक्षुणी के लिए बनाए गए नियमों का संग्रह किया गया है ?

(a) Vinaya Pitaka/विनयपिटक

(b) Sutta Pitaka/सुत्तपिटक

(c) Abhidhamma Pitaka/अभिधम्मपिटक

(d) Jataka/जातक

Ans. (a) : बौद्ध धर्म के ग्रंथ विनय पिटक में भिक्षु-भिक्षुणी के लिए बनाये गये नियमों का संग्रह है। सुत्तपितक में बौद्ध धर्म की शिक्षाएँ तथा अभिधम्म पिटक में दार्शनिक व्याख्या दी गई है।

15. People who study historical objects are called, वह व्यक्ति क्या कहलाते हैं जो ऐतिहासिक वस्तुओं का अध्ययन करते हैं ?

(a) Curators/संग्रहपाल

(b) Archaeologists/पुरात्तत्वविद्

(c) Archivists/पुरालेखपाल

(d) Calligraphers/कैलिग्राफर्स (सुलेखक)

Ans. (b) : ऐतिहासिक वस्तुओं का अध्ययन करने वाला पुरात्तत्वविद् कहलाता है।

16. Read the following Assertion (A) and Reasoning (R) and choose the correct option.

Assertion (A) : Chola king Rajendra I built a Shiva temple in his capital and filled it with prized statues seized from defeated rulers. Sultan Mahmud of Ghazni, a contemporary of Rajendra I,, also attacked the temples of defeated kings and looted their wealth and idols during his campaigns in the subcontinent.

Reason (R) : In the political culture of the middle ages most rulers displayed their political might and military succes by attacking and looting the places of worship of defeated rulers.

अभिकथन (A) तथा कारण (R) को पढ़ें तथा सही विकल्प का चयन करें।

अभिकथन (A) : चोल राजा राजेन्द्र प्रथम ने अपनी राजधानी में शिव मंदिर का निर्माण करवाया और उसने पराजित शासकों से जब्त की गई उत्कृष्ट प्रतिमाओं से इसे भर दिया। राजेन्द्र

प्रथम का समकालीन गज़नी के सुलतान महमूद ने भारतीय, उपमहाद्वीप में अपने अभियानों के दौरान पराजित राजाओं के मंदिरों के धन और मूर्तियों को लूट लिया।

कारण (R) : मध्ययुगीन राजनीतिक संस्कृति में ज्यादातर शासक अपने राजनैतिक बल व सैनिक सफलता का प्रदर्शन पराजित शासकों के उपासना स्थलों पर आक्रमण करके और उन्हें लूट कर करते थे।

Option/विकल्प:

(a) (A) is true but (R) is false./(A) सही है परन्तु (R) गलत।

(b) (R) is true but (A) is false./(R) सही है परन्तु (A) गलत।

(c) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा हैं तथा (R) सही व्याख्या है (A) की।

(d) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) तथा (R) दोनों सही हैं परन्तु (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।

Ans. (c) : चोल राजा राजेन्द्र प्रथम ने अपनी राजधानी में शिव मंदिर का निर्माण करवाया था और उन्हे धन-धान्य से भर दिया था। उसी के समकालीन गजनी के शासक सुल्तान महमूद ने भारतीय मन्दिरों के धन सम्पत्तियों को लूटा। मध्यकालीन समाज के ज्यादातर शासक पराजित शासकों के क्षेत्र के धार्मिक प्रतिष्ठानों एवं क्षेत्र के धन-धान्य को लूट लेते थे। अतः (A) और (R) दोनो सही है तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

17. Put in sequence the process of temple town formation.

(A) Pilgrims visited the temples and made donations.

(B) Large number of priests, workers, traders settled near temples.

(C) Rulers endowed temples with grants of land and money.

(D) Temple authorities used wealth to finance trade and banking.

मंदिर नगर के निर्माण की प्रक्रिया को क्रमानुसार लगाएँ:

(A) तीर्थयात्री मंदिर को जाते और दान-दक्षिणा दिया करते ।

(B) बड़ी संख्या में पुरोहित-पुजारी, कामगार और व्यापारी मंदिरों के पास बसते गए।

(C) शासक मंदिरों को भूमि एवं धन अनुदान में देते थे।

(D) मंदिर के कर्ता-धर्ता मंदिर के धन को व्यापार एवं साहूकारी में लगाते थे।

Option/विकल्प:

(a) (C), (A), (B) and (D)/(C), (A), (B) और (D)

(b) (A), (B), (C) and (D)/(A), (B), (C) और (D)

(c) (C), (A), (D) and (B)/(C), (A), (D) और (B)

(d) (A), (C), (D) and (B)/(A), (C), (D) और (B)

Ans. (c) : व्यवस्थित कालानुक्रम इस प्रकार है-

(i) शासक मंदिरों को भूमि एवं धन अनुदान में देते थे।

(ii) तीर्थयात्री मंदिर को जाते और दान-दक्षिणा देते थे।

(iii) मंदिर के कर्ता-धर्ता मंदिर के धन को व्यापार एवं साहूकारी में लगाते थे।

(iv) बड़ी संख्या में पुरोहित-पुजारी, कामगार और व्यापारी मंदिरो के पास बसते गए।

18. Which of the following statements are true about the making of regional cultures in the eighteenth century ?

(A) It is a product of intermixing of local traditions with ideas from outside.

(B) It is a highly localised practice specific to a region.

(C) It was always confined by political boundaries.

अठारहवीं सदी में क्षेत्रीय संस्कृतियों के विकास के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

(A) यह स्थानीय परंपराओं और अन्य भागों के विचारों के आदान-प्रदान से संपन्न हुआ।

(B) यह एक क्षेत्र में विशेष स्थानीय परंपरा है।

(C) यह सदैव राजनीतिक सीमाओं से बंधी थी।

Option/विकल्प:

(a) (A) and (B) are correct./(A) और (B) सही हैं।

(b) (A) and (C) are correct./(A) और (C) सही हैं।

(c) (B) and (C) are correct./ (B) और (C) सही हैं।

(d) (A), (B) and (C) are correct./ (A), (B) और (C) सही हैं।

Ans. (a) : अठारहवीं शताब्दी में क्षेत्रीय संस्कृतियाँ एक क्षेत्र में विशेष स्थानीय परम्परा से जुड़ी होती थी और यह स्थानीय परंपराओं और अन्य भागों के विचारों के आदान-प्रदान से सम्पन्न हुआ करती थी।

19. Kabir challenged the formal religions of his time by _____.

कबीर ने उनके समय के औपचारिक धर्मों को चानौती दी :

(a) Ridiculing the priestly classes./पुजारी वर्गों का उपहास उड़ाने के द्वारा।

(b) Adopting the language of nobility./अभिजातों की भाषा अपनाने द्वारा।

(c) Denouncing the formless God./निराकार परमेश्वर की निंदा द्वारा।

(d) Preaching salvation through rituals./धर्मविधि के माध्याम से मुक्ति के उपदेश देने द्वारा।

Ans. (a) : कबीर ने उसके समय के औपचारिक धर्मों को चुनौती पुजारी वर्गों का उपहास उड़ाने के द्वारा दी थी। कबीरदास निराकार ब्रम्ह के उपासक थे।

20. The English cultivated indigo in_____.

(A) Jamaica

(B) India

(C) Caribbean Islands

(D) Venezuela

अंग्रेज़ो ने नील की खेती की :

(A) जमैका

(B) भारत

(C) कैरीबियाई द्वीप समूह

(D) वेनेज़ुएला

Option/विकल्प:

(a) (A) and (B)/(A) और (B)

(b) (C) and (B)/(C) और (B)

(c) (D) and (B)/(D) और (B)

(d) Only (B)/केवल (B)

Ans. (a) : अंग्रेजो द्वारा नील की खेती जमैका और भारत में उपनिवेश स्थापित करके किया गया था।

21. The Birsa Movement had important consequences, such as :

(A) Colonial government had to introduce new forest laws to safeguard the tribal land from dikus.

(B) Tribal chiefs got new land titles under the British land settlements.

(C) Tribal people showed the capacity to protest against colonial rule.

बिरसा आंदोलन के महत्वपूर्ण परिणम थे जैसे कि :

(A) औपनिवेशिक सरकार को दीकुओं से आदिवासी ज़मीन की सुरक्षा के लिए नए वन कानून लाने पड़े।

(B) आदिवासी मुखियाओं को अंग्रेजी ज़मीन नियमों के अंतर्गत ज़मीन के नए मालिकाना अधिकार दे दिए गए।

(C) आदिवासी लोगों ने औपनिवेशिक शासन के विरूद्ध प्रतिरोध करने की क्षमता को दर्शाया।

Choose the correct option :
सही विकल्प चुनें।

(a) (A) and (B)/(A) और (B)

(b) (A) and (C)/(A) और (C)

(c) (B) and (C)/(B) और (C)

(d) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)

Ans. (b) : बिरसा मुण्डा आन्दोलन या बिरसा आन्दोलन बिरसा मुण्डा के नेतृत्व में 1895-1900 ई. में खुटँ कट्टी या बेढ बेगारी (पारम्परिक भूमि व्यवस्था) के सन्दर्भ में हुआ था जिसने औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध प्रतिरोध क्षमता को दर्शाया। जिसके परिणाम स्वरूप ब्रिटिश सरकार ने दिकु और आदिवासियों के लिए जमीन की सुरक्षा और नए वन कानून लायें।

22. Read the statements 'A' and 'B' on Mahatma Gandhi's views on medium of education :

(A) : Gandhi strongly felt that Indian languages ought to be the medium of teaching.

(B) : Education in English made Indians, strangers in their own lands.

शिक्षा के माध्यम पर महात्मा गांधी के विचार के संदर्भ में कथन (A) एवं (B) को पढ़े तथा सही उत्तर चुनें :

(A) : गांधी की दृढ़ मान्यता थी की शिक्षा केवल भारतीय भाषाओं में ही दी जानी चाहिए।

(B) : अंग्रेजी में शिक्षा भारतीयों को अपने ही भूमि पर अजनबी बना रही थी।

Choose the correct answer of the following :
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) Both (A) and (B) are true but (B) does not explain (A)/दोनों (A) एवं (B) सही हैं किन्तु (B), (A) की व्याख्या नहीं करता है।

(b) Both (A) and (B) are true and (B) explains (A)/दोनों (A) एवं (B) सही हैं तथा (B), (A) की व्याख्या करता है।

(c) (A) is true but (B) is false/(A) सही है किन्तु (B) गलत है।

(d) (A) is false but (B) is true/(A) गलत है किन्तु (B) सही है।

Ans. (b) : शिक्षा के सन्दर्भ में गांधी जी का विचार था कि शिक्षा केवल भारतीय भाषाओं में ही दी जानी चाहिए क्योंकि अंग्रेजी शिक्षा भारतीयों को अपने ही भूमि पर अजनबी बना रही थी। अतः (A) और (B) दोनो सही है एवं (B), (A) की सही व्याख्या है।

23. Henry Derozio was the leader of which of the following reform movement ?
हेनरी डेरोज़ियों निम्नलिखित में से कौन से सुधार आंदोलन के नेता थे ?

(a) Self Respect Movement/स्वाभिमान आंदोलन

(b) Aligarh Movement/अलीगढ़ आंदोलन

(c) Young Bengal Movement/यंग बंगाल आंदोलन

(d) Singh Sabha Movement/सिंह सभा आंदोलन

Ans. (c) : हेनरी डेरोजियों 'यंग बंगाल आंदोलन' के नेता थे। ये अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त बंगाली युवक थे।

24. Read the following statements and choose the appropriate option :

(A) In 1919 Gandhiji gave a call for Satyagraha against the Rowlatt Act that the British had just passed.

(B) Mohammad Ali Jinnah however supported the Rowlatt Act.

निम्नलिखित कथनों को पढ़ें तथा उपयुक्त विकल्प चुनें।

(A) 1919 में गांधीजी ने अंग्रेजों द्वारा हाल ही में पारित किए गए रॉलट कानून के खिलाफ सत्यग्रह का आह्वान किया।

(B) पर मोहम्मद अली जिन्ना ने रॉलट कानून का समर्थन किया।

Option/विकल्प:

(a) (A) is true but (B) is false/(A) सही है किन्तु (B) गलत है।

(b) (B) is true but (A) is false/(B) सही है किन्तु (A) गलत है।

(c) Both (A) and (B) are true/(A) तथा (B) दोनों सही हैं।

(d) Bothe (A) and (B) are false/(A) तथा (B) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : रॉलट एक्ट 1919 के खिलाफ गाँधी जी ने सत्याग्रह का आह्वान किया था इसके सन्दर्भ में इन्होंने असहयोग आन्दोलन का भी प्रारम्भ किया था। मो. अली जिन्ना ने भी इस कानून के खिलाफ आवाज उठाई थी तथा इस अधिनियम में विरोध में इंपीरियल विधान परिषद से इस्तीफा दे दिया था।

25. **Which one of the following statements is NOT true regarding the radical leaders of Indian National Congress ?**
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गरम दल के नेताओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?
(a) They criticised the moderates for their 'Politics of Prayer'./उन्होंने नरम दल की यह कहकर आलोचना की, कि वे (नरम दल) 'प्रार्थना की राजनीति' करते हैं।
(b) They emphasised the importance of self-reliance and constructive work./उन्होंने आत्मनिर्भरता एवं रचनात्मक कार्य के महत्व पर जोर दिया।
(c) They felt that the british had respect for the ideals of freedom and justice./वे सोचते थे कि अंग्रेज स्वतंत्रता एवं न्याय का आदर करते हैं।
(d) They believed that people must fight for their swaraj./वे मानते थे कि लोंगों को अपने स्वराज के लिए अवश्य लड़ना चाहिए।

Ans. (c) : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का गरम दल क्रांतिकारी गतिविधियों द्वारा भारत को आजादी दिलाना चाहते थे वे मानते थे कि अनुनय-विनय एवं याचना द्वारा हमें स्वतंत्रता नहीं प्राप्त होगी वें औपनिवेशिक स्वराज से मुक्ति के लिए बम और पिस्तौल की रणनीति में विश्वास रखते थे।

26. **'Unlike neighbouring countries like Pakistan and Sri Lanka, India handled the linguistic problems very carefully after Independence.'**
Which of the following statement/statements justify/justifies this :
(A) the Indian government respected all the regional languages.
(B) Regional languages were given freedom to flourish.
(C) Hindi was not imposed on any other regional languages.
(D) The government avoided language related problems.
'स्वतंत्रता के बाद पड़ोसी देशों जैसे पाकिस्तान और श्रीलंका के विपरीत, भारत ने भाषायी समस्याओं को बड़ी सावधानी से संभाला'।
उपर्युक्त कथन को निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही ठहराते हैं ?
(A) भारतीय सरकार ने सभी क्षेत्रीय भाषाओं को इज्जत दी।
(B) क्षेत्रीय भाषाओं को समृद्धि होने की आजादी दी गई।
(C) हिन्दी को अन्य क्षेत्रीय भाषाओं पर थोपा नहीं गया।
(D) सरकार भाषाओं सम्बंधित समस्याओं से बचने का प्रयास करती रही।
Option/विकल्प :
(a) (A) and (B) only/केवल (A) और (B)
(b) (B) and (C) only/केवल (B) और (C)
(c) (A), (B) and (C) only/केवल (A), (B) और (C)
(d) (A), (B) and (D) only/केवल (A), (B) और (D)

Ans. (c) : स्वतंत्रता के बाद भारत ने अपने पड़ोसी देशों जैसे पाकिस्तान, श्रीलंका के विपरीत भाषायी समस्या को बड़ी सावधानी से सम्भाला भारत ने सभी क्षेत्रीय भाषाओं को ईज्जत दी उनके सं वृद्धि में सहायता प्रदान की तथा हिन्दी को अन्य क्षेत्रीय भाषाओं पर थोपा नहीं।

27. **B.R. Ambedkar led the 1927 temple entry movement because _____.**
(A) People who were called 'untouchables' by the casteist society were not allowed inside the temple.
(B) He had already become Buddhist and wanted Buddhism to be considered as a sect of Hinduism.
(C) he wanted Hindu society reorganised on principles or equality.
सन् 1927 में बी. आर. अम्बेडकर ने मंदिर प्रवेश आंदोलन किया क्योंकि :
(A) जातिवादी समाज द्वारा 'अछूत' कहे जाने वाले लोगों को मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं थी।
(B) वह पहले ही बौद्ध बन गए और चाहते थे कि बौद्ध धर्म को हिन्दूवाद के एक घटक के रूप में माना जाए।
(C) वह चाहते थे कि हिंदू समाज समानता के सिद्धांत पर पुनर्गठित हो
Option/विकल्प :
(a) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)
(b) Only (B) and (C)/केवल (B) और (C)
(c) Only (A) and (C)/केवल (A) और (C)
(d) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)

Ans. (c) : 1927 में बी. आर. अम्बेडकर ने मंदिर प्रवेश आंदोलन किया क्योंकि उस समय अछूतों को मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं थी। इन्होंने बौद्ध धर्म को ग्रहण कर लिया था और वह चाहते थे कि हिन्दु समान समानता के सिद्धान्त पर पुनर्गठित हो।

28. **Read the following statements about Moon.**
'चंद्रमा' के बारे में निम्न कथनों को पढ़िए :
(A) Only one side of the moon is visible to us on the earth./पृथ्वी से हमें चंद्रमा का केवल एक ही भाग दिखाई पड़ता है।
(B) The time taken for moon to complete a spin on its axis and the time taken to orbit the earth is exactly same. / चंद्रमा को अपने अक्ष पर घूमने तथा पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगाने में लगभग एक जैसा समय लगता है।
Option/विकल्प :
(a) Both (A) and (B) are true, and (B) is the correct explanation of (A)/दोनों (A) और(B) सही हैं, और (B) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (B) are true, but (B) is not the correct explanation of (A)./दोनों (A) और (B) सह हैं, किन्तु (B) सही व्याख्या नहीं करता है (A) की
(c) (A) is true but (B) is false./(A) सही है किन्तु (B) गलत है।
(d) (A) is false but (B) is true./(A) गलत है किन्तु (B) सही है।

Ans. (a) : पृथ्वी से चन्द्रमा का केवल एक भाग दिखता है चन्द्रमा को अपने अक्ष पर घमने और पृथ्वी का चक्कर लगाने में लगभग एक ही समय लगता है। अतः (A) और (B) दोनो सही है- और (B), (A) की सही व्याख्या है।

29. Labrador Current is a _____.
लेब्राडोर धारा एक _____ है।
(a) Cold current/शीत जलधारा
(b) Warm current/गर्म जलधारा
(c) Canary current/कनारी धारा
(d) Surface current/सतही धारा

Ans. (a) : लेब्राडोर की धारा आंध्र महासागर में बहने वाली शीत (ठन्डी) जलधारा है।

30. Which of the following are factors of soil formation ?/निम्न में से कौन से कारक मृदा के निर्माण में सहायक होते हैं ?
(A) Altitude and slope/ तुगंता एवं ढाल
(B) Flora and Fauna/ वनस्पतिजात एवं प्राणिजात
(C) Temperature and Rainfall/ तापमान व वर्षा
(D) Time/समय
Choose the correct option :
सही विकल्प का चुनाव कीजिए :
(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) तथा (C)
(b) (B), (C) and (D)/(B), (C) तथा (D)
(c) (A), (C) and (D)/(A), (C) तथा (D)
(d) All (A), (B), (C) and (D)/सभी (A), (B), (C) तथा (D)

Ans. (d) : तुंगता एवं ढाल, समय, तापमान व वर्षा तथा वनस्पतिजात व प्राणिजात ये सभी मृदा निर्माण में सहायक होते हैं।

31. Consider the following statements about waterways and choose the appropriate option.
(A) Waterways are the most commonly used means of transport for short distances.
(B) Navigable rivers and lakes are used as inland water ways.
(C) Durban and Cape Town are important ports in Africa.
जलमार्ग के बारे में दिए गए निम्न कथनों को पढ़िए तथा उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए।
(A) कम दूरी यातायात के सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले मार्ग जलमार्ग हैं।
(B) नाव्य नदियों तथा झीलों का उपयोग अन्तर्देशीय जलमार्ग के लिए होता हैं।
(C) डरबन और केपटाउन अफ्रीका के महत्वपूर्ण पत्तन हैं।
Option/विकल्प :
(a) (A) and (B) are true/(A) तथा (B) सही हैं।
(b) (B) and (C) are true/(B) तथा (C) सहीं हैं।
(c) (A) and (C) are true/(A) तथा (C) सहीं हैं।
(d) All (A), (B) and (C) are true/ सभी (A), (B) तथा सही (C) हैं।

Ans. (b) : नवगम्य नदियों एवं झीलों का उपयोग अन्तर्देशीय जलमार्ग के रूप में किया जाता है। डरबन और केपटाऊन अफ्रीका के महत्वपूर्ण पत्तन है।

32. Consider the following mineral deposits :
(A) Limestone deposits of Caucasus region of France
(B) Manganese deposition of Georgia and Ukraine
(C) Phosphate beds of Algeria
निम्नलिखित खनिजों के निक्षेप पर विचार करें :
(A) फ्रांस के कॉकेशस प्रदेश के चूना पत्थर निक्षेप।
(B) जार्जिया और यूक्रेन के मैंगनीज निक्षेप।
(C) अल्जीरिया के फास्फेट संस्तर।
Which kind of rocks holds these deposits ?
यह किस प्रकार के शैलों से बने हैं ?
(a) Igneous rocks/आग्नेय शैल
(b) Sedimentary rocks/अवसादी शैल
(c) Igneous and sedimentary rocks/आग्नेय और अवसादी शैल
(d) Metamorphic and sedimentary rock/कायांतरित और अवसादी शैल

Ans. (b) : फ्रांस के काकेशस प्रदेश के चूना पत्थर निक्षेप, जार्जिया और यूक्रेन के मैगनींज निक्षेप, तथा अल्जीरिया के फास्फेट संस्तर अवसादी शैलो से निर्मित है।

33. Consider the statement (A) and (B) about conventional energy and choose the correct answer.
Statement (A) : Conventional source of energy are those whose occurence is in limited local area and which have been in common use for a long time.
Statement (B) : Only fossil fuels are sources of conventional energy.
परंपरागत उर्जा के बारे में कथन (A) तथा (B) पर विचार करें और सही उत्तर का चयन करें।
कथन (A) : ऊर्जा के परंपरागत स्त्रोत वे हैं जो सीमित स्थानीय क्षेत्र में पाए जाते हैं और जो लंबे समय से सामान्य उपयोग में लाए जा रहे हैं।
कथन (B) : केवल जीवाश्म ईंधन परंपरागत ऊर्जा के स्त्रोत हैं।
Option/विकल्प :
(a) Both (A) and (B) are true/(A) और (B) दोनों सही हैं।
(b) Both (A) and (B) are false/(A) और (B) दोनों गलत हैं।
(c) (A) is true but (B) is false/(A) सही हैं लेकिन (B) गलत है।
(d) (A) is false, (B) is true/(A) गलत है लेकिन (B) सही है।

Ans. (b) : परम्परागत ऊर्जा के स्त्रोत जलावन, उपले, कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस एवं बिजली है। ये विस्तृत क्षेत्रों में पाये जाते हैं। जो लम्बे समय से उपयोग में लाए जा रहें है। अतः दोनों कथन असत्य है।

34. Which of the following pair/pairs, is/are correctly matched.

(A) Maize : High temperature and light rainfall

(B) Cotton : Moderate temperature and rainfall

(C) Jute : High temperature and heavy rainfall

उपरोक्त में से कौन सा/से, जोड़ा/जोड़े सही रूप में मिलान में हैं :

(A) मक्का - उच्च तापमान और हल्की वर्षा

(B) कपास - माध्यम तापमान और वर्षा

(C) जूट - उच्च तापमान और भारी वर्षा

Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें :

(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (C)/केवल (C)
(c) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)
(d) Only (A) and (C)/केवल (A) और (C)

Ans. (b) : जूट के लिए उच्च तापमान और भारी वर्षा की आवश्यकता होती है। मक्का उत्पादन के लिए मध्यम तापमान (21ºC से 72ºC) की तथा कपास के लिए उच्च तापमान तथा हल्की वर्षा की आवश्यकता होती है। जबकि अन्य दोनों विकल्प गलत है।

35. If you stay in the Southern Hemisphere, which of the following will hold true about 21st June ?
अगर आप दक्षिणी गोलार्ध में रहें 21 जून के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही होगा ?

(a) Longest day and shortest night/सबसे लंबा दिन और सबसे छोटी रात
(b) Equal day and night/बराबर दिन और रात
(c) Shortest day and longest night/सबसे छोटा दिन और सबसे लंबी रात
(d) Continuous daylight is experienced/निरंतर प्रकाश का अनुभव होगा

Ans. (c) : दक्षिणी गोलार्द्ध में 21 जून को सबसे छोटा दिन और सबसे लम्बी रातें होती है। 21 जून को ग्रीष्म संक्रांति के दौरान उत्तरी गोलार्द्ध में वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है।

36. When the Prime meridian of Greenwich has the sun at the highest point in the sky, all the places along this meridian will have _____.
ग्रीनिविच पर स्थित प्रमुख याम्योत्तर पर सूर्य जिस समय आकाश के सबसे ऊँचे बिंदु पर होगा, उस समय याम्योत्तर पर स्थित सभी स्थानों पर _____ होगी।

(a) Sunrise/सूर्योदय (b) Sunset/सूर्यास्त
(c) Mid-day/दोपहर (d) Midnight/अर्ध-रात्रि

Ans. (c) : ग्रीनिविच पर स्थित प्रमुख याम्योत्तर पर सूर्य जिस समय आकाश के सबसे ऊँचे बिंदु पर होगा उस समय यामोत्तर पर स्थित सभी स्थानों पर दोपहर होगा।

37. What lies $66^{1/2^{\circ}}$ North of the equator ?
विषुवत् वृत्त के $66^{1/2^{\circ}}$ उत्तर में क्या पड़ता है ?

(a) Tropic of Cancer/कर्क रेखा
(b) Tropic of Capricorn/मकर रेखा
(c) Arctic Circle/उत्तर ध्रुव वृत्त
(d) Antarctic circle/दक्षिण ध्रुव वृत्त

Ans. (c) : विषुवत् वृत्त के $66^{1/2^{\circ}}$ उत्तर में उत्तर ध्रुव वृत्त पड़ता है। तथा विषुवत वृत्त में $66^{1/2^{\circ}}$ दक्षिण में दक्षिणी ध्रुव वृत्त पड़ता है।

38. The middle Himalayas are known as :
मध्य हिमालय को कहा जाता है :

(a) Himachal/हिमाचल (b) Shiwalik/शिवालिक
(c) Aravali/अरावली (d) Himadri/हिमाद्रि

Ans. (a) : मध्य हिमालय को हिमाचल कहा जाता है। यह हिमालय की मध्यवर्ती श्रेणी है इसे लघु हिमालय भी कहा जाता है।

39. Which of the following are forms of precipitation ?/निम्नलिखित में से कौन से वर्षण के प्रकार हैं ?

(A) Flood/ बाढ़

(B) Snow/ हिम

(C) Haill ओला

(D) Sleet/ सहिम वृष्टि

Option/विकल्प :

(a) (A), (B), (C) (b) (A), (B), (D)
(c) (A), (C), (D) (d) (B), (C), (D)

Ans. (d) : हिम, ओला, सहिम वृष्टि वर्षण के प्रकार है।

40. Which gas is known as the greenhouse gas ?
किस गैस को ग्रीनहाउस गैस कहते हैं ?

(a) Oxygen/ऑक्सीजन
(b) Nitrogen/नाइट्रोजन
(c) Carbon Dioxide/कार्बन डाइऑक्साइड
(d) Argon/आर्गन

Ans. (c) : ग्रीन हाऊस गैस भूमण्डलीय ऊष्मन के लिए जिम्मेदार होती है। ग्रीन हाउस गैसों में कार्बन डाई ऑक्साइड, नाइट्रस आक्साइड, मीथेन, क्लोरो फ्लोरो कार्बन, जलवाष्प आदि शामिल है।

41. History at the elementary level constitutes the following :

(A) Grand narratives

(B) Chronology

(C) Subaltern histories

(D) Critical thinking

प्रारंभिक स्तर इतिहास निम्नलिखित से गठित है :

(A) भव्य वर्णन

(B) कालक्रम

(C) सबार्ल्टन इतिहास

(D) आलोचनात्मक चिंतन

Option/विकल्प :

(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)
(b) (A), (B), (C) and (D)/(A), (B), (C) और (D)
(c) (A) and (B)/(A) और (B)
(d) (B), (C) and (D)/(B), (C) और (D)

Ans. (b) : प्रारम्भिक इतिहास कालक्रम, भव्य वर्णन, सबार्ल्टन इतिहास और आलोचनात्मक चिंतन आदि जैसे कारकों पर निर्भर करता है।

42. Studying Social Sciences at the elementary level is vital for the following reasons :
(A) To understand the society one lives in.
(B) to appreciate values enshrined in the Indian Constitution.
(C) To become a responsible citizen of a democracy.
(D) To learn to respect differences of opinion.
प्रारंभिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान का अध्ययन निम्नलिखित कारणों से अत्यावश्यक है :
(A) जिस समाज में रहते हैं उसे समझने के लिए।
(B) भारतीय संविधान में प्रतिष्ठापित मूल्यों की प्रशंसा के लिए।
(C) लोकतंत्र में जिम्मेदार नागरिक होने के लिए।
(D) मतभेदों का सम्मान करने के लिए।
Option/विकल्प :
(a) (A), (B) and (D)/(A), (B) और (D)
(b) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)
(c) (A) and (B)/(A) और (B)
(d) (A), (B), (C) and (D)/(A), (B), (C) और (D)

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान का अध्ययन लोकतंत्र का जिम्मेदार नागरिक होने के लिए, संविधान के प्रति आस्था रखने के लिए, मतभेदों का सम्मान करने के लिए एवं जिस समाज में रहते है उस समाज को समझने के लिए अत्यावश्यक होता है।

43. Consider the following statements and choose the correct option.
Statement (I) : The manner in which teachers teach values in classroom has a profound impact upon students' learning.
Statement (II) : The impact of citizenship education is substantially less in schools where democratic practices are few or absent all together.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें :
कथन (I) : जिस तरह से शिक्षक अपनी कक्षा में मूल्यों का अध्यापन करते हैं उसका उनके विद्यार्थियों के 'अधिगम' पर गहरा प्रभाव पड़ता है।
कथन (II) : नागरिकता शिक्षा का प्रभाव वास्तविक रूप से उन परिस्थितियों में कम होता है जहाँ लोकतांत्रिक प्रथाएँ बहुत कम है अथवा संपूर्णरूप से नदारद हैं।
Option/विकल्प :
(a) Statement (I) is false but (II) is true./कथन (I) गलत है परन्तु (II) सही है।
(b) Both statement (I) and (II) are true and statement (II) is an example of statement (I)./कथन (I) और (II) दोनों सही हैं तथा कथन (II), कथन (I) का उदाहरण है।
(c) Statement (I) is true but (II) is false./कथन (I) सही है परन्तु (II) गलत है।
(d) Both statement (I) and (II) are true but statement (II) is not an example of statement (I)./कथन (I) और (II) दोनों सही हैं परन्तु कथन (II), कथन (I) का उदाहरण नहीं है।

Ans. (b) : जिस तरह से शिक्षक अपनी कक्षा में अध्यापन करते हैं उसका उनके विद्यार्थियों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। नागरिकता शिक्षा का प्रभाव वास्तविक रूप से उन परिस्थितियों में कम होता है जहाँ लोकतांत्रिक प्रथाएँ बहुत कम है। अतः दोनों कथन सत्य है और कथन II कथन I का सही उदाहरण है।

44. Which of the following values necessary in a democratic classroom ?
निम्न में से कौन से मूल्य एक प्रजातांत्रिक कक्षा के लिए आवश्यक हैं ?
(A) Group feeling/ समूह-बोध
(B) Obedience/ आज्ञाकारिता
(C) Individualistic feeling/ व्यक्तिगत-बोध
(D) Critical thinking/ आलोचनात्मक चिंतन
Choose the appropriate option.
उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए :
(a) (A) and (B)/(A) और (B)
(b) (B) and (C)/(B) और (C)
(c) (A) and (D)/(A) और (D)
(d) (B) and (D)/(B) और (D)

Ans. (c) : समूह बोध और आलोचनात्मक चिंतन जैसे मूल्य एक प्रजातांत्रिक कक्षा के लिए आवश्यक तत्व होते हैं।

45. A teacher wants to teach students about, 'how to locate place ? Which teaching material could be used ?
(A) A globe
(B) A world map
(C) Films
(D) A map of India
एक शिक्षिका अपने छात्रों को 'किसी स्थान की स्थिति के बारे में कैसे पता लगाए' विषय पढ़ाना चाहती है। निम्न में से कौन सी शिक्षण सामग्री का प्रयोग करना चाहिए :
(A) ग्लोब
(B) विश्व का नक्शा
(C) फिल्म
(D) भारत का नक्शा
Choose the appropriate option :
उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए :
(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) तथा (C)
(b) (A), (B) and (D)/(A), (B) तथा (D)
(c) (B), (C) and (D)/(B), (C) तथा (D)
(d) All (A), (B), (C) and (D)/(A), (B), (C) तथा (D) सभी

Ans. (b) : प्रश्नानुसार दिये गये विषय वस्तु को पढ़ाने के लिए शिक्षिका ग्लोब, विश्व का नक्शा एवं भारत का नक्शा का प्रयोग शिक्षण सामाग्री के रूप में करना चाहिए।

46. Which of the following could be used in an elementary social science classroom while discussing about 'gender' ?

(A) Stories of women's struggle.

(B) Educational participation data of women and men.

(C) A wall paper of gender practices in different societies.

प्रारंभिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान की कक्षा में जेडर विषय पर चर्चा करते हुए निम्न में से क्या शामिल किया जा सकता है ?

(A) महिलाओं के संघर्ष की कहानियाँ।

(B) महिलाओं व पुरूषों की शैक्षिक भागीदारी के आँकड़ें।

(C) विभिन्न समाजों में प्रचलित जेंडर प्रथाओं को दर्शाता हुआ वॉलपेपर।

Choose the appropriate option :
उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

(a) Only (A)/केवल (A)

(b) Only (B)/ केवल (B)

(c) Only (C)/केवल (C)

(d) (A), (B) and (C)/ (A), (B) तथा (C)

Ans. (d) : प्रारम्भिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान की कक्षा में जेंडर पर चर्चा के दौरान महिलाओं के संघर्ष की कहानी, महिलाओं एवं पुरूषों के बीच शैक्षणिक भागीदारी के आँकड़े एवं विभिन्न समाजों में प्रचलित जेडर प्रथाओं को दर्शाता हुआ वॉलपेपर आदि तत्व शामिल किये जा सकते हैं।

47. Consider the following statements and choose the correct option.

Statement (I) : Civics as a subject in the Indian school curriculum was the result of imperial policy of the British Government.

Statement (II) : Civics was introduced in view of the increasing disloyalty among Indians towards the British Raj.

निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें:

कथन (I) भारतीय विद्यालयी पाठ्यक्रम में नागरिक शास्त्र एक विषय के रुप में ब्रिटिश सरकार की शाही नीति का परिणाम था।

कथन (II) : ब्रिटिश राज के विरूद्ध भारतीयों में बढ़ती अनिष्ठा को ध्यान रखते हुए नागरिक शास्त्र लाया गया।

Option/विकल्प :

(a) Only statement (I) is correct/केवल कथन (I) सही है।

(b) Only statement (II) is correct/केवल कथन (II) सही है।

(c) Both statements are correct and statement (II) is correct explanation of (I)/दोनों कथन सही हैं और कथन (II), (I) की सही व्याख्या है।

(d) Both statements are incorrect./दोनों कथन गलत हैं।

Ans. (c) : ब्रिटिश राज के विरुद्ध भारतीयों में बढ़ती अनिष्ठा को ध्यान में रखते हुए नागरिक शास्त्र विषय लाया गया था जो ब्रिटिश सरकार की शाही नीति का परिणाम था। अतः दोनों कथन सत्य है और कथन II कथन I की सही व्याख्या है।

48. An imaginative social science teacher's skill are best reflected in which of the following :
निम्नलिखित में से किस में एक कल्पनाशील सामाजिक विज्ञान के शिक्षक के कौशल श्रेष्ठ रूप से परावर्तित होते हैं।

(a) Only in notice boards/केवल सूचना-पट्ट में

(b) In simplifying concepts for exam proposes/परीक्षा उद्देश्य के लिए संकल्पनाओं को सरल बनाने में।

(c) In a story telling session during assembly/सभा (एसेम्बली) के समय कथा-वाचन में।

(d) In plan design and assessment/योजना बनाने एवं आंकलन में।

Ans. (d) : दिये गये विकल्पों में योजना बनाने एवं आंकलन में एक कल्पनाशील सामाजिक विज्ञान के शिक्षक में कोंशल श्रेष्ठ रूप से परावर्तित होते हैं।

49. A teacher wants to discuss about various ecosystems in her classroom, which of the following examples are most appropriate :

(A) Desert

(B) River

(C) Ocean

(D) Coral Reef

एक शिक्षक अपनी कक्षा में विभिन्न पारिस्थितिकीय तन्त्रों के बारे में चर्चा करना चाहते हैं। निम्न में से कौन से उदाहरण सबसे उचित हैं ?

(A) रेगिस्तान

(B) नदी

(C) समुद्र

(D) शैवाल/मूंगा चट्टान

Option/विकल्प :

(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) तथा (C)

(b) (B), (C) and (D)/(B), (C) तथा (D)

(c) (A), (C) and (D)/(A), (C) तथा (D)

(d) All (A), (B), (C) and (D)/(A), (B), (C) तथा (D) सभी

Ans. (d) : शिक्षक द्वारा पारिस्थितियीय तंत्र के बारे में चर्चा करते समय रेगिस्तान, नदी, समुद्र एवं शैवाल/मूंगा चट्टान आदि विषयों का उदाहरण दिया जा सकता है।

50. 'Discuss why is the work done by women less valued than that of men in our society ?'
What is the relevance of such a question in Social Science classroom ?

(A) Such questions help in initiating discussion in class.

(B) Such questions help in recognizing discrimination prevalent in society.

(C) Such questions have no fixed answers and have no education value.

''चर्चा कीजिए कि क्यों हमारे समाज में महिलाओं द्वारा किए जाने वाले कार्यों को पुरूषों की अपेक्षा कम महत्व दिया जाता है ?'' सामाजिक विज्ञान की कक्षा में ऐसे प्रश्नों को शामिल किए जाने की क्या प्रासंगिकता है?

(A) ऐसे प्रश्न कक्षा में चर्चा की शुरूआत करने में सहायक होते हैं।

(B) ऐसे प्रश्न समाज में व्याप्त असमानताओं को उजागर करने में सहायक होते हैं।

(C) ऐसे प्रश्नों के निश्चित उत्तर नहीं होते हैं और इनका कोई शैक्षिक महत्व नहीं है।

Choose the appropriate option :
उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

(a) (A) and (B)/(A) तथा (B)

(b) (B) and (C)/(B) तथा (C)

(c) (A) and (C)/(A) तथा (C)

(d) All (A), (B) and (C)/सभी (A), (B) तथा (C)

Ans. (a) : हमारे समाज में महिलाओं द्वारा किए जाने वाले कार्यों को पुरुषों की अपेक्षा कम महत्व दिया जाता है। सामाजिक विज्ञान की कक्षा में ऐसे प्रश्न चर्चा की शुरुआत करने में सहायक होते हैं तथा ऐसे प्रश्न समाज में व्याप्त असमानताओं को उजागर करने में सहायक होते हैं।

51. What should be the sources for students to find out the difference between the life style of people in Brazil and India ?

(A) Pictures from the two countries collected from magazines/internet

(B) Census data of Brazil and India

(C) Trade treaty between Brazil and India

(D) Movies of Brazil and India

ब्राजील एवं भारत के लोगों की जीवन-शैली के बीच के अंतर का पता करने के लिए विद्यार्थियों के पास क्या स्त्रोत होने चाहिए ?

(A) पत्रिकाओं/इंटरनेट से एकत्रित किये दोनों देशों के चित्र

(B) ब्राज़ील एवं भारत की जनगणना का डाटा

(C) ब्राज़ील एवं भारत के बीच व्यापार संधि

(D) ब्राज़ील एवं भारत की फिल्में

Option/विकल्प :

(a) (A) and (B)/(A) और (B)

(b) (A) and (D/(A) और (D

(c) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)

(d) (A), (B) and (D)/(A), (B) और (D)

Ans. (b) : ब्राजील और भारत के लोगों की जीवन शैली के बीच अंतर का पता लगाने के लिए विद्यार्थियों के पास पत्रिकाओं/इंटरनेट से एकत्रित किये दोनो देशों के चित्र एवं ब्राजील एवं भारत की फिल्में जैसे स्त्रोत होने चाहिए।

52. Consider the following statements :

(A) For an enabling curriculum, certain themes that facilitate inter-disciplinary thinking are required.

Ans. (d) : राजीव के पास 15 एकड़ उर्वर जमीन है। उसे एक लाख रूपये का ऋण बीज खरीदने के लिए सरकार बैंक से मिला वह संभवतः बड़े किसान परिवार से है। सामान्यतः 2 हेक्टेयर से कम भूमि धारण करने वाले किसानों को लघु जोतधारक के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। 10 हेक्टेयर से अधिक जोत वाले वृहद किसान के अन्तर्गत आते है। इसलिए राजीव के पास 15 एकड़ जमीन है तो वह बड़े किसान के अन्तर्गत आएगे। हाल ही में कृषि क्षेत्र में निम्नलिखित व्यापक परिवर्तनकारी सुधारों को लागू किया है–
(1) आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 में संसोधन
(2) कृषि उपज मूल्य निर्धारण और गुणवत्ता का अश्वासन
(3) कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) अध्यादेश

34. A long standing demand has continued for reservation in parliament for which of the following categories?
निम्नलिखित में से किस वर्ग के लिए संसद में आरक्षण की मॉग लम्बे समय से चलती आ रही है?

(a) Scheduled Castes/अनुसूचित जातियाँ
(b) Scheduled Tribes/अनुसूचित जन-जातियाँ
(c) Anglo Indian Community/एंग्लो-इंडियन समुदाय
(d) Women/महिलाएँ

Ans. (d) : महिलाओं के लिए संसद में आरक्षण की मांग लंबे समय से चलती आ रही है। महिला आरक्षण विधेयक को मई 2008 में राज्यसभा में पेश किया गया था और एक स्थायी समिति के पास भेजा गया था इसे वर्ष 2010 में सदन में पारित किया गया तथा अंत में लोकसभा को प्रेषित किया गया। हालांकि यह बिल 15वीं लोकसभा के साथ लैप्स हो गया। राजनीति में महिलाओं के लिए आरक्षण का मुद्दा भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के समय सामने आया। वर्ष 1931 में ब्रिटिश प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में तीन महिला निकायों, नेताओं - बेगम शहनवाज और सरोजिनी नायडू द्वारा नए संविधान में महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त रूप से जारी अधिकारिक ज्ञापन प्रस्तुत किए गए थे।

35. 'Amar Jibari' is an autobiography narrating the experiences of a _____ .
'आमार जिबारी' एक _____ के अनुभवों का विवरण करती हुई एक आत्मकथा है।

(a) Spiritual leader/आध्यात्मिक गुरु
(b) Domestic servant/गृह सेवक
(c) Housewife/गृहिणी
(d) Dalit/दलित

Ans. (c) : राससुंदरी देवी दो सौ वर्ष पूर्व पश्चिम बंगाल में पैदा हुयी थी। साठ वर्ष की अवस्था में उन्होंने बांग्ला भाषा में अपनी आत्मकथा लिखी। उनकी पुस्तक 'आमार जिबारी' किसी भारतीय महिला द्वारा लिखित पहली आत्मकथा है। रास सुंदरी देवी एक धनवान जमींदार परिवार की गृहिणी थी। उस समय लोगों का विश्वास था कि यदि लड़की लिखती-पढ़ती है, तो दुर्भाग्य लाती है और विधवा हो जाती है। इसके बावजूद उन्होंने अपनी शादी के बहुत समय बाद स्वयं ही छुप-छुपकर लिखना पढ़ना सीखा।
रास सुंदरी देवी के अक्षर ज्ञान ने उन्होंने चैतन्य भागवत पढ़ने का अवसर दिया तथा स्वयं अपने लेखन से उन्होंने संसार को उस समय की स्त्रियों के जीवन के बारे में जानने का अवसर मिला।

36. Which fundamental right has been reported by the Supreme Court to include within its fold the right to livelihood?
उच्चतम न्यायालय ने किस मौलिक अधिकार का विस्तार करते हुए, जीविका के अधिकार को उसका एक अंग बताया है?

(a) Right to freedom/स्वतंत्रता का अधिकार
(b) Right to equality/समानता का अधिकार
(c) Right to life/जीवन का अधिकार
(d) Right against exploitation/शोषण के विरुद्ध अधिकार

Ans. (c) : उच्चतम न्यायालय ने 'जीवन जीने के अधिकार' का विस्तार करते हुए, जीविका के अधिकार को उसका एक अंग बताया है। निजता का अधिकार आमतौर पर यह समझा जाता है। कि गोपनीयता 'अकेला छोड़ दिये जाने का अधिकार' (Right to be left alone) का पर्याय है।
निजता के अधिकार को अनु0 21 के तहत प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता के अधिकार के आंतरिक भाग के रूप में तथा संविधान के भाग-III द्वारा गारंटीकृत स्वतंत्रता के हिस्से के रूप में संरक्षित किया गया है।

नोट - निजता की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा उठाए गए कदम निजता के महत्व को स्वीकार करते हुए सरकार ने व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक 2019 को संसद में पेश किया है।

37. Which of the following is a valid function of Indian constitution ?/निम्नलिखित में कौन-कौन से भारतीय संविधान के बैध कार्य हैं?

(A) It generated a degree at trust that is required for different kind of people to live together/यह कुछ हद तक विश्वास पैदा करता है जोकि विभिन्न प्रकार के लोगों के साथ-साथ रहने के लिए आवश्यक है।

(B) It specifies how the government will be constituted/यह उल्लेख करता है कि सरकार का गठन कैसे होगा।

(C) It expresses who will practice which faith and how/यह अभिव्यक्त करता है कि कौन, कैसे और किस आस्था का पालन करेगा।

Choose the correct options/सही विकल्प का चयन कीजिए:

(a) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)
(b) Only (B) and (C)/ केवल (B) और (C)
(c) Only (A) and (C)/ केवल (A) और (C)
(d) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)

Ans. (a) : भारतीय संविधान के अनुसार वैध कार्य इस प्रकार है– यह कुछ हदतक विश्वास पैदा करता है जो कि विभिन्न प्रकार के लोगों के साथ-साथ रहने के लिए आवश्यक है और यह उल्लेख करता है कि सरकार का गठन कसे होगा। इस प्रकार विकल्प (a) के अन्तर्गत कथन (A) और (B) सही है। एक अच्छे वैध कानून के लक्षण–
(1) ऐसे कानून का पालन कर पाना सबके लिए संभव होता है। उसका पालन करना या उल्लंघन करना व्यक्तिगत विवेक पर निर्भर होता है।
(2) एक अच्छा वैध कानून व्यक्तिगत हितों के बजाय सामान्य हितों को सदैव वरीयता देता है।
(3) एक अच्छा कानून मानवीय प्रकृति के अनुरूप होता है।
(4) एक अच्छा कानून सामाजिक- सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप होता है।

38. Which among the following is not related to the protection of women from Domestic Violence Act 2005?
निम्नलिखित में से कौन सा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 से सम्बन्धित नहीं है।

(a) Sexual abuse of a women by her husband/महिला का उसके पति द्वारा यौन उत्पीड़न
(b) Verbal and emotional threats within a household/घर के भीतर मौखिक और भावनात्मक धमकियाँ
(c) Economic exploitation of women in a household/घर के भीतर एक महिला का आर्थिक शोषण
(d) Social discrimination on grounds of a women caste/महिला की जाति के आधार पर सामाजिक भेद-भाव

Ans. (d) : महिला की जाति के आधार पर सामाजिक भेद भाव "घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 से संबंधित नहीं है। बल्कि महिला का उसके पति द्वारा यौन उत्पीड़न, घर के भीतर मौखिक और भावनात्मक धमकियाँ और घर के भीतर एक महिला का आर्थिक शोषण घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 से संबंधित है।
UN वुमन (United Nations Entity for Gender equality and the EM powerment of Women-UN Women) के अनुसार विश्व स्तर पर वर्ष 2019-20 में 243 मिलियन लड़कियाँ और महिलाएँ (15-49 वर्ष की आयु) अपने साथ द्वारा यौन या शारीरिक हिंसा की शिकार हुयी है।

39. A law brought in 1989 to prevent atrocities, seeks to protect which of the following?
1989 में लाया गया एक अत्याचार निवारण कानून, निम्नलिखित में से किन्हें संरक्षण प्रदान करने की चेष्टा करता है?

(a) Other backward classes/अन्य पिछड़ा वर्ग
(b) Women/महिलायें
(c) Religions Minorities/धार्मिक अल्पसंख्यक
(d) Scheduled castes and Scheduled tribes/अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियाँ

Ans. (d) : 1989 में लाया गया अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण कानून संरक्षण प्रदान करता है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए तमाम सामाजिक आर्थिक बदलावों के बावजूद सिविल अधिकार कानून 1955 को सही तरीके से संबंधित नहीं कर पा रहे थे, ऐसी परिस्थिति में संसद ने वर्ष 1989 में S.C.S.T. (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 पारित किया।
नोट - हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने S.C. ST (अत्याचार निवारण) संसोधन कानून 2018 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर निर्णय देते हुए इसकी संवैधानिक वैधता को स्वीकार रखा है।

40. Fill in the blank/रिक्त स्थान भरे।
Midday meal scheme helped in reducing _____ prejudices in schools.
मध्याह्न भोजन योजना ने स्कूलों में _____ पूर्वाग्रहों को कम करने में सहायता करें।

(a) Gender/लैंगिक (b) Caste/जातीय
(c) Class/वर्गीय (d) Regional/क्षेत्रीय

Ans. (b) : मध्याह्न भोजन योजना ने स्कूलों में जातीय पूर्वाग्रह को कम करने में सहायता प्रदान की है। मध्याह्न भोजन योजना (शिक्षा मंत्रालय के तहत) एक केन्द्र प्रायोजित योजना है जिसकी शुरूआत वर्ष 1995 में की गयी थी। इस कार्यक्रम के तहत विद्यालय में नामांकित I से VIII तक की कक्षाओं में अध्ययन करने वाले छः से चौदह वर्ष की आयु के हर बच्चे को पका हुआ भोजन प्रदान किया जाता है। हाल ही में वित्त मंत्रालय ने इस योजना के तहत प्रति बच्चा खाना पकाने की लागत में 9.6% की बढ़ोत्तरी को मंजूरी प्रदान की है।
नोट - वर्ष 2021 में मध्याह्न भोजन योजना का नाम बदलकर 'प्रधानमंत्री-पोषण शक्ति निर्माण' योजना (PM पोषण योजना) कर दिया गया है और इसमें पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं के बाल वाटिका (3-5 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चे) के छात्र भी शामिल है।

41. At the upper primary stage the main focus of Social science is to:
उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान का ध्यान मुख्य रूप में केन्द्रित होता है:

(A) Introduce the student to contemporary issues and problems/विद्यार्थियों को समकालीन मामलों एवं समस्याओं से परिचित करने पर

(B) Developing proper perspective related to issues concerning environment, resources and development/पर्यावरण संसाधानों व विकास के मामलों से संबंधित सही दृष्टिकोण को विकसित करने पर

(C) Emplacing the concepts of plurality and change through study of Indian history/भारतीय इतिहास के अध्ययन के माध्यम से बहुल वाद एवं परिवर्तन की संकल्पनाओं पर बल देने पर

Choose the correct option/सही विकल्प चुनें:

(a) (A) and (C)/ (A) और (C)
(b) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(c) (A) and (B)/ (A) और (B)
(d) (C) and (A)/ (C) और (A)

Ans. (b) : उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान का ध्यान मुख्य रूप से विद्यार्थियों को समकालीन मामलों एवं समस्याओं से परिचित करने पर, पर्यावरण संसाधनों व विकास के मामलों से संबंधित सही दृष्टिकोण को विकसित करने पर और भारतीय इतिहास के अध्ययन के माध्यम से बहुल वाद एवं परिवर्तन की संकल्पनाओं पर बल देने पर केन्द्रित होता है। इस प्रकार विल्प (b) के अन्तर्गत दिए गए (A), (B) और (C) तीनों कथन सही है।
सामाजिक विज्ञान महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे लोगों को समझने में मदद करते है कि न केवल अपने स्वयं के व्यवहार बल्कि अपने साथियों के व्यवहार और प्रेरणाओं का भी विश्लेषण कैसे करें।

42. Manuscripts and document provide detailed information to historians but are difficult to be used by the common people because.
पाण्डुलिपियाँ एवं प्रलेख इतिहासकारों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कमाते हैं, परन्तु उन्हें जन साधारण द्वारा उपयोग किया जाना कठिन है क्योंकि:

(A) Decoding the manuscripts is tough/ पाण्डुलिपियों का कूटानुवाद करना कठिन हैं।

(B) Decoding the manuscripts is always an easy task/पाण्डुलिपियों का कूटानुवाद करना हमेशा एक सरल कार्य है।

(C) Challenges of checking the originality of the manuscripts/पाण्डुलिपियों को मौलिकता की परख की चुनौतियाँ

(D) Manuscripts are easy to find and hence to not attract the common people/ पाण्डुलिपियाँ को ढूढ़ना सरल हैं तभी जन-साधारण को आकर्षित नहीं करती।

Choose the correct option/सही विकल्प चुनें:

(a) Only (A) is true/केवल (A) ही सही है।
(b) Only (A) and (B) are true/केवल (A) और (B)सही हैं
(c) Only (A) and (C) are true/केवल (A) और (C) सही है।
(d) Only (C) and (D) are true/केवल (C) और (D) सही हैं।

Ans. (c) : पांडुलिपियाँ एवं प्रलेख इतिहासकारों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते है परन्तु उन्हें जन साधारण द्वारा उपयोग किया जाना कठिन है ऐसा इसलिए है कि पांडुलिपियों का कूटानुवाद करना कठिन है। और पांडुलिपियों को मौलिकता की परख की चुनौतियाँ है। इस प्रकार विकल्प (c) के अन्तर्गत कथन (A) और (C) सही है।
पाण्डुलिपियों अभिलेखों तथा पुरातत्व से ज्ञात जानकारियों के लिए इतिहास कार प्रायः स्रोत शब्द का प्रयोग करते हैं। पाण्डुलिपियाँ लगभग 1000 वर्ष पहले लिखी गयी थी। किताब बनाने के लिए ताड़ के पत्तों को काटकर उनके अलग-2 हिस्सों को एक साथ बांध दिया जाता था। भूर्ज पेड़ की छाल से बनी ऐसी ही एक पाण्डुलिपि मिली है।

43. Students with learning disabilities learn best alongside other learners if the class in:
सीखने से संबंधित अक्षमता (लर्निंग डिसेब्लिटी) वाले विद्यार्थी श्रेष्ठ रूप से दूसरे विद्यार्थियों के साथ सीख सकते हैं।

(a) Exclusive/विशिष्ट (b) Special/विशेष
(c) Inclusive/समावेशी (d) Digital/डिजिटल

Ans. (c) : सीखने से संबंधित अक्षमता (लर्निंग डिसेब्लिटी) वाले विद्यार्थी श्रेष्ठ रूप से दूसरे विद्यार्थियों के साथ समावेशी कक्षा में सीख सकते हैं। समावेशी शिक्षा एक ऐसी शिक्षा होती है जिसमें सामान्य बालक-बालिकाएँ और मानसिक तथा शारीरिक रूप से बाधित बालक एवं बालिकाएँ एक साथ बैठकर एक ही विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करते है। समावेशी शिक्षा सभी नागरिकों के समानता की बात करता है और इसीलिए इसके सभी शैक्षिक कार्यक्रम इस प्रकार तय किए जाते है।
''समावेशी शिक्षा अधिगम के ही नहीं बल्कि विशिष्ट अधिगम के नये आयाम खुलती है।'' - शिक्षा शास्त्रियों के अनुसार

44. Consider the following statements related to Brainstorming.
निम्नलिखित कथन मानसिक उद्दिलत (ब्रेनस्ट्रार्मिंग) से सम्बन्धित है।

Statement (A): Brainstorming is helpful in broadening students thoughts on a topic.
कथन (A) : ब्रेनस्ट्रॉर्मिंग विद्यार्थियों के किसी विषय पर विचारों को विस्तृत करने में मददगार होती है।

Statements (B): Student who practice brainstorming becomes more analytical.
कथन (B): ऐसे छात्र जो ब्रेनस्ट्रॉर्मिंग का अभ्यास करते हैं ज्यादा विश्लेषणात्मक हो जाते हैं।

Choose the correct options/सही विकल्प का चयन करें।

(a) Statement (A) is true (B) is false/कथन (A) सत्य है जबकि कथन (B) गलत है।

(b) Statement (B) is true (A) is false/कथन (B) सत्य है जबकि कथन (A) गलत है।

(c) Both (A) and (B) are true/दोनों (A) और (B) दोनों सत्य हैं।

(d) Only Statement (A) is true/केवल कथन (A) सत्य है।

Ans. (d) : ब्रेनस्ट्रार्मिंग विद्यार्थियों के किसी विषय पर विचारों को विस्तृत करने में मददगार होती है। यह कथन मानसिक उद्वेलित (ब्रेनस्ट्रार्मिंग) से संबंधित है। इस प्रकार विकल्प (d) के अन्तर्गत केवल कथन (A) सही है।

ब्रेनस्ट्रॉर्मिंग या मस्तिष्क उद्वेलन विधि शिक्षण की एक ऐसी विधि है जिसमें अधिगमकर्ता के मस्तिष्क में किसी समस्या के समाधान हेतु विचारों या समाधान का स्फुटन किया जाता है।

45. A teacher divides the students in small group and gives them groups tasks to do. While students are working in the ground, the teacher should:
एक अध्यापक विद्यार्थियों को छोटे-छोटे समूहों में बाँट कर हर समूह को अलग-अलग काम देता हैं। जब तक विद्यार्थी अपने समूह में काम कर रहे हैं अध्यापक को:

(a) rub the blackboard to utilize the time/समय के सदुपयोग करते हुए श्यामपट्ट को साफ कर लेना चाहिए।

(b) prepare for next point to be taught/अगले शिक्षण बिन्दु को पढ़ाने की तैयारी कर लेनी चाहिए।

(c) utilize the time prepare a test/समय का सदुपयोग करते हुए प्रश्न पत्र तैयार कर लेना चाहिए।

(d) visit group to group and clear students doubts and check the progress/एक समूह से दूसरे समूह जाकर में विद्यार्थियों के समस्याओं का निवारण करना चाहिए तथा उसकी प्रगति की जाँच करनी चाहिए।

Ans. (d) : एक अध्यापक विद्यार्थियों को छोटे-2 समूहों में बांट कर हर समूह को अलग-2 काम देता है। जब तक विद्यार्थी अपने समूह में काम कर रहे है। अध्यापक को एक समूह से दूसरे समूह में जाकर विद्यार्थियों के समस्याओं का निवारण करना चाहिए तथा उसकी प्रगति की जांच करनी चाहिए। किसी कार्य को छोटे-2 कार्यों में बांटना कार्य विभाजन कहलाता है। कार्य को जिन 'उपकार्यों में बांटा जाता है उन कार्यों को पूरा करने की अवधि भी निर्धारित होती है।

46. With the help of a model of earth and a lamp which of the following concepts can be taught:
पृथ्वी के मॉडल और एक दीये के साथ कौन से संप्रत्यय पढ़ाये जा सकते हैं?

(A) Day and Night/दिन और रात का होना

(B) Climate change/जलवायु परिवर्तन

(C) Formation of conventional wind/पारंपरिक पवन का बनना

(D) Water cycle/जल चक्र

(E) Change of season/ऋतुओं का बदलना

Choose the correct options/सही विकल्प को चुनें:

(a) Only (A), (B) and (D)/केवल (A), (B) और (D)

(b) Only (A), (B) and (E)/ केवल (A), (B) और (E)

(c) Only (A) and (E)/ केवल (A) और (E)

(d) Only (A), (C) and (E)/ केवल (A), (C) और (E)

Ans. (c) : पृथ्वी के एक मॉडल और एक दीये के साथ दिन और रात का होना, और ऋतुओं का बदलना जैसे संप्रत्यय पढ़ाये जा सकते हैं। पृथ्वी की कक्षा वह कक्ष है जिसमें पृथ्वी सूर्य के चारों ओर यात्रा करती है। सूर्य केन्द्रीयता पहला वैज्ञानिक मॉडल है जिसमें सूर्य को सौर प्रणाली के केन्द्र में रखा गया है। प्रकृति की ऋतुएँ पृथ्वी के अक्षीय झुकाव और पृथ्वी की कक्षा के परिणाम है।

47. In order to introduce the concept of 'axis' and 'movement' of earth in an Elementary class more effectively, a teacher should:
प्रारंभिक कक्षा में पृथ्वी में 'अक्ष' एवं 'गतियों' को प्रभावी रूप से समझाने के लिए शिक्षक को चाहिए:

(A) Ask students to draw a figure of earth and draw a line in its middle to show its axis/छात्रों को पृथ्वी का एक चित्र बनाकर उसके बीच में एक रेखा खींचकर अक्ष को प्रदर्शित करने को कहना।

(B) Demonstrate and discuss using globe/ग्लोब का प्रयोग करके दिखाना और चर्चा करना।

(C) Piercing a big needle through a ball and discuss its similarity/एक बॉल के बीच में एक बड़ी सूई से छेद करके इसकी सादृश्यता पर चर्चा करना।

(D) Use a map to discuss about both the concepts/मानचित्र का प्रयोग करते हुए इन दोनों संप्रत्ययों पर चर्चा करना।

Choose the appropriate options/उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए:

(a) (A) and (B)/ (A) और (B)

(b) (B) and (C)/ (B) और (C)

(c) (C) and (D)/ (C) और (D)

(d) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)

Ans. (b) : प्रारंभिक कक्षा में पृथ्वी में 'अक्ष एवं गतियों' को प्रभावी रूप से समझाने के लिए शिक्षक को चाहिए कि ग्लोब का प्रयोग करके दिखाना और चर्चा करना और एक बॉल के बीच में एक बड़ी सुई से छेद करके इसकी सादृश्यता पर चर्चा करना चाहिए। इस प्रकार विकल्प (b) के अन्तर्गत कथन (B) और (C) सही है।

छात्रों को पृथ्वी का एक चित्र बनाकर उसके बीच में एक सीधी रेखा खींचकर अक्ष को प्रदर्शित करना और दोनों संप्रत्ययों पर चर्चा करना प्रभावी रूप से समझाने की उपयुक्त विधि नहीं है।

48. Following statement are about co-operative learning/निम्नलिखित कथन सहयोगी शिक्षण से संबंधित हैं।

Choose the correct one/सही विकल्प का चयन करें:

Statement (A): Dividing students in groups of 4 or 5 according to their choice and asking them to co-operate on any task is cooperate learning.

कथन (A): कक्षा के सभी छात्रों को 4 या 5 के समूह में उनकी पसंद के अनुसार बॉटना और कहना कि दिये गये लक्षण पर सहयोग करें, यह सहयोगी शिक्षण है।

Statement (B): Cooperative learning enhances student social skill.

कथन (B): सहयोगी शिक्षण विद्यार्थियों के सामाजिक कौशल को बढ़ाता है।

Codde/कूटः

(a) Statement (A) is true and (B) is false/कथन (A) सत्य है जबकि (B) गलत है।

(b) Only statement (A) is true/केवल कथन (A) सत्य है।

(c) Only statement (B) is true/केवल कथन (B)सत्य है।

(d) Both statement (A), (B) are true/दोनों कथन (A) और (B) सत्य है।

Ans. (c) : सहयोगी शिक्षण विद्यार्थियों के सामाजिक कौशल को बढ़ाता है। यह कथन सहयोगी शिक्षण से संबंधित है। इस प्रकार विकल्प (c) के अन्तर्गत केवल कथन (B) सही है। सहयोगी शिक्षण के लाभ –

(1) विविधता का उत्सव : छात्र सभी प्रकार के लोगों के साथ काम करना सीखते है।

(2) अलग-2 मतभेदों की स्वीकृति जब प्रश्न पूछे जाते है तो विभिन्न छात्रों के पास विभिन्न प्रकार की प्रतिक्रियाएँ होगी।

49. Use of e-rickshaws could be considered as step towards sustainable development;

ई-रिक्शा का प्रयोग संधारणीय विकास की ओर एक कदम के रूप में समझा जा सकता हैः

(a) It contributes less towards environmental pollution then ever cycles/साइकिल की तुलना में भी यह पर्यावरण-संबंधी प्रदूषण में कम योगदान देता है।

(b) It used non-renewable sources of energy/यह ऊर्जा के अनवीकरणीय स्त्रोतों का उपयोग करता है।

(c) It used clean energy/यह स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग करता है।

(d) It used physical labour of the rickshaws pullers/यह रिक्शा चालकों को शारीरिक श्रम का उपयोग करता है।

Ans. (c) : ई-रिक्शा का प्रयोग संधारणीय विकास की ओर एक कदम के रूप में समझा जा सकता है यह स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग करता है। पर्यावरण और अर्थव्यवस्था दोनों एक दूसरे पर निर्भर और एक दूसरे के लिए आवश्यक है। अतः पर्यावरण पर होने वाले परिणामों की अवहेलना करने वाला विकास पर्यावरण को प्रभावित करेगा। ई-रिक्शा को आमतौर पर पर्यावरण की सेहत का ध्यान रखने वाला परिवहन का साधन माना जाता है। लेकिन खराब किस्म की बैटरी के इस्तेमाल के चलते ई-रिक्शा भी मुसीबत का कारण बन सकते है।

50. Consider the following statement and choose the appropriate option.

निम्नलिखित कथनों पर विचार करें तथा उपयुक्त विकलप चुनें:

Statement (I): The adjectives and verbs used to describe characters social groups and event ideological assumptions.

कथन (I): विशेषण एवं क्रियाएँ जो पात्रों, सामाजिक समूहों एवं घटनाओं का वर्णन करने के लिए प्रयोग की जाती हैं, वे विचारधारा के पूर्वानुमानों को प्रकट करते हैं।

Statement (II): In a classroom, it is important to portray historical figure as an ideal as children need something to look up to emulate.

कथन (II): एक कक्षा में यह महत्वपूर्ण है कि ऐतिहासिक हस्ती को एक आदर्श के रूप में प्रस्तुत किया जाए क्योंकि बच्चों को आवश्यकता होती है किसी की ओर देखने और उनका अनुकरण करने की।

Code/कूटः

(a) Both statements (I) and (II) are true/कथन (I) और (II) दोनों सही हैं।

(b) Statements (II) is true but (I) is false/कथन (II) सही है परन्तु (I) गलत है।

(c) Both statements (I) and (II) are false/कथन (I) और (II) दोनों गलत हैं।

(d) Statements (I) is true but(II) is false/कथन (I) सही है परन्तु (II) गलत है।

Ans. (d) : विशेषण एवं क्रियाएं जो पात्रों, सामाजिक समूहों एवं घटनाओं का वर्णन करने के लिए प्रयोग की जाती है, वे विचारधारा के पूर्वानुमानों को प्रकट करते है। और एक कक्षा में यह महत्वपूर्ण नहीं है कि एतिहासिक धरोहरो को दिखाए तभी सही अनुकरण कर पाऐंगे बल्कि इसके चित्र के माध्यम से वीडियो के माध्यम से भी दिखाया जा सकता है। इस प्रकार विकल्प (d) के अन्तर्गत कथन (A) सही है और कथन (B) गलत।

51. While discussing the idea of unity in diversity a teacher introduces to students art forms that emerged during freedom struggle from different parts of the country. The teacher is bringing into the class, the following form of diversity:

विविधता में एकता के विचार की परिचर्चा के दौरान, एक शिक्षक उन गीतों के एवं कला के स्वरूपों को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत करता है। जो स्वतंत्रता संग्राम के समय देश के विभिन्न भागों में उभरे थे। शिक्षक कक्षा में निम्नलिखित में विविधता के स्वरूप लाता है:

(a) Cultural diversity/सांस्कृतिक विविधता

(b) Linguistic diversity/भाषाई विविधता

(c) Religious diversity/धार्मिक विविधता

(d) Regional diversity/क्षेत्रीय विविधता

Ans. (a) : विविधता में एकता के विचार की परिचर्चा के दौरान, एक शिक्षक उन गीतों एवं कला के स्वरूपों को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत करता है। जो स्वतंत्रता संग्राम के समय देश के विभिन्न भागों में उभरे थे। शिक्षक कक्षा में सांस्कृतिक विविधता के स्वरूप को दर्शाता है। सांस्कृतिक विविधता का अर्थ किसी भू-भाग में विविध प्रकार की सांस्कृतियों का पाया जाना। अर्थात् जब किसी क्षेत्र विशेष में दो से अधिक संस्कृतियों का सहअस्तित्व पाया जाता है तो उसे सांस्कृतिक विविधता कहते हैं।

52. The misconceptions of learners on 'rotation and revolution' of earth:
पृथ्वी के 'घूर्णन एवं परिक्रमण' पर अधिगमकर्ताओं की गलत अवधारणाएँ :

(a) Is an obstacle to the completion of course/पाठ्यक्रम को पूरा करने में बाधक होती हैं।
(b) Increases with more conformation and questions/प्रश्नों एवं सूचना की अधिकता से बढ़ती हैं।
(c) Is an opportunity of strengthening the teaching learning process/शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के अवसर प्रदान करती है।
(d) prove that abstract geographical concepts develop only in adulthood/प्रमाणित करती हैं कि अमूर्त भौगोलिक संकल्पनाएँ वयस्क होने पर ही विकसित होती है।

Ans. (c) : पृथ्वी के घूर्णन एवं परिक्रमण पर अधिगमकर्ताओं की गलत अवधारणाएँ शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के अवसर प्रदान करती है। पृथ्वी की गति दो प्रकार की है–
(1) घूर्णन - पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना घूर्णन कहलाता है।
(2) परिक्रमण – सूर्य के चारों ओर एक स्थिर कक्ष में पृथ्वी की गति को परिक्रमण कहते हैं।
पृथ्वी का अक्ष एक काल्पनिक रेखा है जो इसके कक्षीय सतह से $66\frac{1}{2}^{0}$ का कोण बनाती है। वह समतल जो कक्ष के द्वारा बनाया जाता है उसे कक्षीय समतल कहते हैं।

53. If there are two primary sources for historical event which differ in many aspect, what could be asked to identify what is correct and what is not?
एक ऐतिहासिक घटना के अगर दो प्राथमिक स्त्रोत हैं जो कई पहलुओं में भिन्न हैं तो क्या सही है और क्या गलत यह पहचान करने के लिए क्या पूछा जा सकता है?

(a) Which source had a legible calligraphy/किस स्त्रोत के पास स्पष्ट सुलेख है?
(b) What are the reasons for the different is the two versions/दो तर्जुमाओं में भिन्नताओं के कारण क्या है।
(c) Which of the two was created on the order of the powerful authority of that time/दोनों में से किसकी रचना तत्कालीन प्रभावशाली अधिकारी के आदेश पर हुई?
(d) Which of the two sources was in written form/दो स्त्रोतों में से कौन-सा लिखित रूप में था।

Ans. (b) : एक ऐतिहासिक घटना के अगर दो प्राथमिक स्त्रोत है जो कई पहलुओं में भिन्न हैं तो क्या सही है और क्या गलत है यह पहचान करने के लिए दो तर्जुमाओं में भिन्नता के कारण क्या है जैसे प्रश्न पूछा जा सकता है।
ऐतिहासिक स्त्रोत उन मूल स्त्रोतों को कहते हैं जिसमें महत्वपूर्ण ऐतिहासिक जानकारी हो। इसे ऐतिहासिक सामाग्री या ऐतिहासिक आंकड़े भी कहते है।

54. The collection of information on weather by using weather instruments is an example of collecting?
मौसम संबंधी उपकरणों के प्रयोग द्वारा मौसम की सूचना को एकत्रित करना, उदाहरण है _____ के संग्रहण का।

(a) Primary data/प्राथमिक डाटा
(b) Secondary date/द्वितीयक डाटा
(c) Tertiary data/तृतीयक डाटा
(d) Generic data/सामान्य डाटा

Ans. (a) : मौसम संबंधी उपकरणों के प्रयोग द्वारा मौसम की सूचना को एकत्रित करना प्राथमिक डाटा के संग्रहण का उदाहरण हैं। प्राथमिक डाटा वह डाटा है जिसे शोधकर्ता सीधे साक्षात्कार सर्वेक्षण, प्रयोग आदि के माध्यम से मूल श्रोतों से एकत्र करते है। प्राथमिक डाटा आमतौर पर सीधे उस स्त्रोत से एकत्र किया जाता है, जहाँ से डाटा उत्पन्न हुआ था और इसे अनुसंधान और अध्ययन में सबसे अच्छा प्रकार का डाटा माना जाता है। प्राथमिक डाटा संग्रह स्त्रोतों में सर्वेक्षण, व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल होता है।

55. To explain about the health sector to your learners, you plan a visit with students it a nearly government hospital because:
अधिगमकर्ताओं को स्वास्थ्य क्षेत्र के बारे में समझने के लिए, अपने विद्यार्थियों के साथ एक पास के सरकारी अस्पताल का भ्रमण करने की योजना बनाई क्योंकि:

(A) it will given first hand experience to students/यह विद्यार्थियों को एकदम नया अनुभव देगा।
(B) it is in close proximity to your school/यह आपके विद्यालय के एकदम निकट है।
(C) it will be an outing for the students/यह विद्यार्थियों के लिए बाहर घूमने जैसा होगा।
(D) it will make students aware about government schemes/यह विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत करायेगा।

Choose the correct options/सही विकल्प चुनें:

(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (A) and (D)/केवल (A) और (D)/
(c) Only (B) and (C)/केवल (B) और (C)
(d) Only (C) and (D)/केवल (C) और (D)

Ans. (b) : अधिगमकर्ताओं को स्वास्थ्य क्षेत्र के बारे में समझने के लिए अपने विद्यार्थियों के साथ एक पास के सरकारी अस्पताल का भ्रमण करने की योजना बनाई, इस योजना से विद्यार्थियों को एकदम

नया अनुभव देगा और यह विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराएगा। यह आपके विद्यालय के निकट या दूर भी हो सकता है। यह विद्यार्थियों के लिए बाहर घूमने जैसा माहौल पैदा नहीं करता है। क्योंकि अस्पताल से संबंधित जानकारी के लिए वहाँ किस प्रकार की समस्या है। वह अन्दर जाने पर ही अवगत हो पाऐगा। इस प्रकार विकल्प (b) के अन्तर्गत कथन (A) और (D) सही है।

56. Assessment of social science learning:
सामाजिक विज्ञान के अधिगम का आंकलनः

(a) is not useful as learners are from diverse backgrounds/उपयोगी नहीं है क्योंकि अधिगमकर्ता विविध पृष्ठभूमियों से होते हैं।

(b) helps find out the progress in learners over a period of time/एक समय-अवधि में अधिगमकर्ताओं में प्रगति का पता लगाने में सहायक होते हैं।

(c) helps find out those with poor social skills/सामाजिक कौशल में कमजोरों का पता लगाने में सहायक होते है।

(d) helps find progress being made in the educational sector/शैक्षिक सेक्टर में प्रगति का पता करने में सहायक है।

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान में अधिगम का आकलन एक समय अवधि में अधिगमकर्ताओं में प्रगति का पता लगाने में सहायक होते हैं। आकलन का उद्देश्य न केवल अधिगम का मूल्यांकन है, बल्कि 'अधिगम के लिए आकलन' पर भी ध्यान केन्द्रित करना है। आकलन शिक्षण अधिगम की प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग है और आवश्यक रूप से यह छात्र अधिगम की निरंतर वृद्धि के लिए एक उपकरण है। अधिगम के लिए आकलन आमतौर पर यह प्रगति में शिक्षकों को अपने छात्रों की प्रगति की निगरानी करने और तद्नुसार निर्देशों को संसोधित करता है।

57. A teacher wants to know the changing pattern of students learning and development. Which kind of assessment is suitable?
एक अध्यापिका छात्रों के सीखने और उनके विकास के बदलते स्वरूप को जानता चाहती है। इसके लिए किस तरह का आंकलन उचित रहेगा?

(a) Term end test/सत्र के अन्त में परीक्षा

(b) Monthly test/मासिक परीक्षा

(c) Weekly test/साप्ताहिक परीक्षा

(d) Portfolios/पोर्टफोलियो

Ans. (d) : एक अध्यापिका छात्रों के सीखने और उनके विकास के बदलते स्वरूप को जानना चाहती है। इसके लिए पोर्टफोलियों नामक का आकलन उचित रहेगा। पोर्टफोलियों एक प्रकार का रिपोर्ट कार्ड या फाइल होता है, जिनमें विद्यार्थी की शैक्षिक और गैर-शैक्षिक सभी तरह की जानकारी को क्रमबद्ध तरीके से एकत्रित करके रखा जाता है। साधारण भाषा में कहा जाए, तो विद्यार्थी की उपलब्धियों और कमियों का रिकॉर्ड पोर्टफोलियो में रखा जाता है। इसमें विद्यार्थी के पूर्व निर्धारित क्रेडिट प्रदान किये जाते है।

58. At which stage of teaching will the teacher decide about the assessment strategy to be used to know the achievement of learning objectives?
शिक्षण की किस अवस्था में अध्यापक शिक्षण के उद्देश्यों की पूर्ति की जानकारी के लिए उपयुक्त मूल्यांकन विधि के चयन संबंधित निर्णय लेगा?

(a) Preactive stage of teaching/शिक्षण की पूर्व सक्रिय अवस्था

(b) Interactive stage of teaching/शिक्षण की अंतः सक्रिय अवस्था

(c) Reflective stage of teaching/शिक्षण की चिंतन की अवस्था

(d) Post active stage of teaching/शिक्षण की उत्तर सक्रिय अवस्था

Ans. (a) : शिक्षण की पूर्व सक्रिय अवस्था में अध्यापक शिक्षण के उद्देश्यों की पूर्ति की जानकारी के लिए उपयुक्त मूल्यांकन विधि के चयन संबंधित निर्णय लेना। शिक्षण पूर्व में मूलत, शिक्षण अधिगम प्रक्रिया की आयोजना से संबंधित क्रियाकलाप समाहित होते है। आयोजना वस्तुतः एक जटिल प्रक्रिया का सरलीकरण है। शिक्षण पूर्व अवस्था निम्न है–
(1) विषय वस्तु का विश्लेषण
(2) विद्यार्थियों का स्तर
(3) विषयवस्तु का कौन-सा अंश चुना जाएगा।
(4) उपलब्ध समय

59. The statement 'textiles may be manufactured where cotton, water sources, a population of workers and transportation networks for shipping are all available,' is an example of the following:
कथन 'कपड़ों को वहाँ बनाया जा सकता है जहाँ कपास जल के स्त्रोत, कामकारों की आबादी एवं नौपरिवहन के लिए परिवहन तंत्र, सभी उपलब्ध हों', निम्नलिखित का उदाहरण हैः

(a) Areal association/क्षेत्रीय संगठन

(b) Location/स्थान

(c) Spatial interaction/स्थानिक अन्योन्यक्रिया

(d) Demography/जनसांख्यिकी

Ans. (c) : कपड़ा बनाने के लिए एक ऐसा स्थान जहाँ कपास, जल के स्त्रोत, कामगारों की संख्या, एव नौपरिवहन के लिए परिवहन तंत्र, सभी उपलब्ध हो ये सभी उदाहरण स्थानिक अन्योन्यक्रिया के है। वे कारक जो उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करते है, कच्चे माल की उपलब्धता भूमि जल श्रम पूंजी और बाजार है। उद्योग उन्हीं स्थानों पर केन्द्रित होते है जहाँ इनमें से कुछ या सभी कारक आसानी से उपलब्ध होते है। औद्योगिक प्रदेश का विकास तब होता है जब कई तरह के उद्योग एक दूसरे के निकट होते है और वे अपनी निकटता का लाभ एक दूसरे में बांटते हैं।

60. Consider the following Cases (I and II) and choose appropriate option.
निम्नलिखित केस (I तथा II) पर विचार करें तथा उपयुक्त विकल्प चुनें:

Case I: Students were given a project with the guidelines that the project be submitted in 15 days and that the folder will be evaluated on content, neatness of preservation and illustration.
केस I: विद्यार्थियों को दिशानिर्देशों के साथ एक प्रायोजना दी गई है प्रायोजना को पंद्रह दिनों में जमा करना है एवं यह कि फोल्डरों का मूल्यांकन प्रस्तुतीकरण एवं चित्रण की अंतर्वस्तु और सुव्यवस्थितता पर होगा।

Cast II: Students were encouraged to discuss and decide the theory of their projects, they are were to meet the teacher to discuss their progress throughout the process, teacher evaluated the project keeping in mind the process carried out
केस (II): विद्यार्थियों को उनके प्रायोजना की विषय-वस्तु का निर्णय एवं चर्चा के लिए प्रोत्साहित किया गया संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान उनकी प्रगति पर चर्चा के लिए उन्हें शिक्षक से मिलना था, शिक्षक ने कार्यान्वित प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए प्रायोजन का मूल्यांकन किया।

(a) Both Case I and Case II are examples of formative assessment/
केस I और केस II दोनों रचनात्मक आंकलन का उदारहण हैं।

(b) Only Case I is an example of formative assessment/
केवल केस I रचनात्मक आंकलन का उदाहरण है।

(c) Only Case II is an example of formation assessment/
केवल केस II रचनात्मक आंकलन का उदाहरण है।

(d) Both Case I and Case II are non-examples of formative assessment/
दोनों केस I और केस II रचनात्मक आंकलन के उदाहरण नहीं हैं।

Ans. (c) : विद्यार्थियों को उनके प्रायोजना की विषयवस्तु का निर्णय एवं चर्चा के लिए प्रोत्साहित किया गया सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान उनकी प्रगति पर चर्चा के लिए उन्हें शिक्षक से मिलना था, शिक्षक ने कार्यान्वित प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए प्रायोजना का मूल्यांकन केवल इसी केस II में रचनात्मक आंकलन हैं। रचनात्मक आंकलन जो शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में बच्चे की प्रगति की निगरानी करने को संदर्भित करता है। यह आंकलन शैक्षिक कार्यक्रम, योजना प्रक्रिया आदि में सहायक है।

HINDI

दिये गये गद्यांश के आधार पूछे गये प्रश्न संख्या (1-9) के उत्तर के सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

12 जनवरी, 2013 को स्वामी विवेकानन्द की 150वीं जन्म-जयंती पूरे देश में मनाई गई। इसे नाम दिया गया सार्धशती। आधे (पचास) के नाम शती (100) यानी डेढ़ सौ साल। स्वामी विवेकानन्द ने केवल उनतालीस वर्ष के अपने जीवन में जैसी अद्भुत काम कर दिखाया है। वैसा विरले लोग ही कर पाते हैं। इसके बचपन का नाम नरेन्द्र था। बंगाली उच्चारण के साथ घर में 'नरेन' बुलाते थे। 'विवेकानन्द' नाम उन्हें उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस ने दिया था। अन्य देशों में भारत को स्वाभिमान के साथ एक नई पहचान दिलाने वालों में विवेकानन्द का नाम बड़ी श्रद्धा से लिया जाता है। वे अत्यंत संवेदनशील थे। कवि थे। प्रकाण्ड विद्वान थे। गंभीर अध्येता थे। चिंतक थे। साधक थे। अद्भुत स्मरणशक्ति के धनी थे। असाधारण वक्ता थे। यायावर थे। दूरदृष्टा थे। परम साहसी थे। दबे-कुचलों की आवाज थे। प्रगतिशील थे। धार्मिक थे, पर धर्मांध नहीं थे। साधुओं के साधु थे, ऋषियों के ऋषि थे। संन्यासियों के संन्यासी थे। स्वामी विवेकानन्द विराट भारत की समग्र पहचान थे।

1. स्वामी विवेकानन्द के अंदर कौन-से गुण है?
(a) चिंतक, दूरदृष्टा, कुशल वक्ता
(b) दूरदृष्टा, कुशल गृहस्थ एवं वक्ता
(c) कुशल गृहस्थ,वक्ता, धार्मिक
(d) धार्मिक धनाढ्य, संवेदनशील

Ans. (a) : स्वामी विवेकानन्द के अन्दर चिंतन, दूर दृष्टा एवं कुशल वक्ता के गुण थे।

2. स्वामी विवेकानन्द जी के गुरु थे -
(a) स्वामी तोतापुरी
(b) स्वामी रामकृष्ण परमहंस
(c) स्वामी रामकृष्ण परमात्मा
(d) स्वामी परमहंस मंडलेश्वर

Ans. (b) : स्वामी विवेकानन्द जी के गुरु स्वामी कृष्ण परमहंस थे।

3. विद्यार्थी वर्ग को स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन में किस गुण को आत्मसात करना चाहिए?
(a) धार्मिकता (b) अध्ययनशीलता
(c) यायावरी (d) संयासी

Ans. (b) : विद्यार्थी वर्ग को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन में अध्ययनशीलता के गुण को आत्मसात करना चाहिए।

4. 'सार्धशती' से तात्पर्य है - स्वामी विवेकानन्द जी की –
(a) साधना के 150 वर्ष की जयंती
(b) साधना के 100 वर्ष की जयंती
(c) 100 वीं जन्म - जयंती
(d) 150 वीं जन्म - जयंती

Ans. (d) : सार्धशती से तात्पर्य है – स्वामी विवेकानन्द जी की 150वीं जन्म जयन्ती।

5. भारत की पहचान किससे हैं?

(a) स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी से
(b) स्वामी विवेकानन्द जी से
(c) साधु-संयासियों से
(d) साधकों एवं धार्मिकों से

Ans. (b) : स्वामी विवेकानन्द विराट भारत के समग्र पहचान थे।

6. गद्यांश के आधार पर कौन सा कथन असत्य है?

(a) स्वामी विवेकानन्द जी बहुत तेजस्वी थे।
(b) स्वामी विवेकानन्द पचास वर्ष भी जीवित नहीं रहे।
(c) स्वामी विवेकानन्द का जीवन अनुकरणीय है।
(d) स्वामी विवेकानन्द जी साधारण वक्ता थे।

Ans. (d) : गद्यांश के आधार पर स्वामी विवेकानन्द जी साधारण वक्ता थे कथन असत्य है।

7. 'वे साधुओं के साथ थे।' वाक्य से आशय है कि स्वामी विवेकानन्द जी –

(a) साधुओं के मुखिया थे। (b)साधुओं के गुरु थे।
(c) सर्वोत्कृष्ट साधु थे। (d) सर्वोत्कृष्ट गुरु थे।

Ans. (c) : 'वे साधुओं के साथ थे।' वाक्य से आशय है कि स्वामी विवेकानन्द सर्वोत्कृष्ट साधु थे।

8. 'यायावर' का अर्थ है –

(a) घुमक्कड़ (b) दोस्त
(c) नेता (d) विद्यार्थी

Ans. (a) : 'यायावार' का अर्थ है - घुमक्कड़। यायावार के पर्यटक तथा भ्रमणशील पर्यायवाची शब्द है–घुमन्तू खानाबदोश।

9. गद्यांश में किस विशेषण शब्द का प्रयोग नहीं किया गया हैं?

(a) विद्वान (b) संवेदनशील
(c) धार्मिक (d) संन्यासी

Ans. (d) : गद्यांश में विशेषण शब्द 'सन्यासी' का प्रयोग नहीं किया गया है जबकि विद्वान, संवेदनशील तथा धार्मिक जैसे विशेषण शब्दों का गद्यांश में प्रयोग किया गया है।

दिये गये काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्न संख्या (10-16) के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

पीकर जिनकी लाल शिखाएँ
उगल रहीं लू-लपट दिशाएँ
जिनके सिंहनाद से सहमी
धरती रही अभी तक डोल।
कलम, आज उनकी जय बोल!

अंधा चकाचौंध का मारा
क्या जाने इतिहास बेचारा?
साक्षी हैं उनकी महिमा के,
सूर्य, चन्द्र, भूगोल, खगोल।
कलम आज उनकी जय बोल!

10. कविता में 'उनकी' सर्वनाम का प्रयोग किनके लिए किया गया है?

(a) वीरों की (b) सिंहों की
(c) लेखकों की (d) दिशाओं की

Ans. (a) : कविता में 'उनकी' सर्वनाम का प्रयोग 'वीरों के लिए' किया गया है।

11. कविता में कौन-सा भाव मुखरित हुआ है?

(a) विद्रोह का (b) वीरता का
(c) करुणा का (d) दया का

Ans. (b) : कविता में 'वीरता' का भाव मुखरित हुआ है।

12. सूर्य चाँद आदि किसके गवाह हैं?

(a) दृष्टिहीनों की करुण स्थिति के
(b) देश पर मर-मिटने वालों के
(c) इतिहास लिखने वालों के
(d) सिंहनाद की वीभत्सता के

Ans. (b) : सूर्य चाँद आदि देश पर मर मिटने वालों के गवाह हैं।

13. लेखक ने किसे बेचारा कहा हैं?

(a) इतिहास ने पढ़ने वालों को
(b) इतिहास न जानने वालों को
(c) इतिहास की चकाचौंध में रहने वालों को
(d) वीरों की वीरता, वीरगति को न जानने वालों को

Ans. (d) : लेखक ने वीरों की वीरता, वीरगति को न जानने वालों को बेचारा कहा है।

14. सूर्य का पर्यायवाची शब्द नहीं है–

(a) रवि (b) दिनकर
(c) प्रभाकर (d) शशि

Ans. (d) : 'शशि' सूर्य का पर्यायवाची शब्द नहीं है। शशि चन्द्रमा का पर्यायवाची शब्द है। जबकि रवि, दिनकर भास्कर, प्रभाकर तथा अंशुमाली सूर्य के पर्यायवाची शब्द है।

15. इतिहास में लगने वाला प्रत्यय हो सकता है–

(a) ई (b) आ
(c) इक (d) इत

Ans. (c) : इतिहास में लगने वाला प्रत्यय 'इक' हो सकता है। इससे बनने वाला शब्द 'ऐतिहासिक' होगा।

16. 'गहन पठन' पठन का एक कौशल है जो _____ की ओर संकेत करता है।

(a) मनोरंजन के लिए पढ़ना
(b) संपादन के लिए पढ़ना
(c) पाठ्य वस्तु की गहरी समझ प्राप्त करने के लिए पढ़ना
(d) पाठ्य वस्तु का सिंहावलोकन प्राप्त करने के लिए पढ़ना

Ans. (c) : 'गहन पठन' पठन का एक कौशल है जो पाठ्यवस्तु की गहरी समझ प्राप्त करने के लिए पढ़ने की ओर संकेत करता है।

17. विस्तृत जानकारी के लिए पाठ्य-वस्तु को पढ़ना _____ है।

(a) विस्तृत पठन (b) आनंद के साथ पठन
(c) पठन-प्रक्रिया (d) गहन-पठन

Ans. (d) : विस्तृत जानकारी के लिए पाठ्य-वस्तु को पढ़ना गहन-पठन है।

18. लेखन प्रक्रिया में मसौदा तैयार करना _____ के बाद आता है।

(a) योजना बनाना (b) समीक्षा करना
(c) संपादन करना (d) पुनर्लेखन करना

Ans. (a) : लेखन प्रक्रिया में मसौदा तैयार करना 'योजना बनाने' के बाद आता है।

19. लेखन प्रक्रिया के चरण -

(a) प्रकाशन पर समाप्त होते है।
(b) मानस मानचित्रण पर समाप्त होते हैं।
(c) मस्तिष्क आलोड़न पर समाप्त होते हैं।
(d) समीक्षा पर समाप्त होते हैं।

Ans. (a) : लेखन प्रक्रिया के चरण प्रकाशन पर समाप्त होते हैं।

20. मुक्त लेखन को उस लेखन की तरह व्याख्यायित किया जा सकता है–

(a) जिसे किसी अन्य स्रोत से लिया जाता है।
(b) जो कविता बन जाती है।
(c) नियमों को ध्यान में रखे बिना जो भी मन में आए उसे लिख देना
(d) जर्नल में एक विस्तृत लेख

Ans. (c) : मुक्त लेखन को उस लेखन की तरह व्यवस्थापित किया जा सकता है, जो नियमों को ध्यान में रखे बिना जो भी मन में आए उसे लिख देना।

21. एक भाषा शिक्षिका अर्थ में समझ की बजाय वाक्यों की संरचना को याद करने पर बल देती है। वे _____ का उपयोग करती हैं।

(a) व्याकरण-अनुवाद पद्धति (b) संप्रेषणपरक उपागम
(c) प्रत्यक्ष पद्धति (d) संरचनात्मक उपागम

Ans. (d) : एक भाषा शिक्षिका अर्थ में समझ की बजाय वाक्यों की संरचना को याद करने बल देती है। वे संरचनात्मक उपागम का उपयोग करती है।

22. भाषा की ध्वनि की सबसे छोटी सार्थक इकाई

(a) रूपिम (b) अर्थ विज्ञान
(c) स्वनिम (d) वाक्य संरचना

Ans. (c) : भाषा की ध्वनि की सबसे सार्थक इकाई स्वनिम है। डोनियल जोन्स के अनुसार स्वनिम किसी भाषा की उन ध्वनियों का परिवार होता है। जो परस्पर अपने ध्वनिगुणों के कारण संबद्ध होते हुए भी इस प्रकार प्रयुक्त किये जाते हैं कि कोई भी सदस्य किसी भी शब्द में कभी भी उसी ध्वन्यात्मक परिवेश में नहीं आता जिसमें की अन्य सदस्य आता है।''

23. एक शिक्षिका का यह विश्वास है कि मानव भाषा भी उसी तरह सीखता है जैसे वह अनुभव के साक्ष्य से कौशल तथा योग्यताएँ सीखता है। वे किस सिद्धान्तवादी के विचार से सहमत हैं?

(a) पियाजे (b) चमस्की
(c) स्किनर (d) वाइगोत्स्की

Ans. (c) : उपर्युक्त के संदर्भ में शिक्षिका स्किनर के विचार से सहमत है।

24. छोटे बच्चों से बात करते समय सरल वाक् उच्च तान और अनुतान में बदलाव _____ के उदाहरण हैं।

(a) अति सामान्यीकरण (b) भाषिक वाक्
(c) बबलाना (d) बाल निर्देशित वाक्

Ans. (d) : छोटे बच्चों से बातें करते समय सरल वाक्य उच्च तान और अनुतान में बदलाव बाल निर्देशित वाक् के उदाहरण है।

25. _____ सीखने की वह अक्षमता है जो वाक् ध्वनियों की पहचान को प्रभावित करता है जिससे समस्या उत्पन्न होती हैं।

(a) डिसाफिया (b) अफ़ेसिया
(c) डिस्लेक्सिया (d) डिस्केलकुलिया

Ans. (c) : 'डिस्लेक्सिया' सीखने की वह अक्षमता है जो वाक् ध्वनियों की पहचान को प्रभावित करता है जिससे समस्या उत्पन्न होती है। जबकि 'डिस्कैल्कुलिया' यह अंकगणितीय त्रुटि से संबंधित है, इसमें बच्चा अंकों को जोड़ने के दौरान लगातार भटक जाता है।

26. कक्षा 6 का शिक्षार्थी उच्चारण में त्रुटियाँ करता है। शिक्षक उसकी मदद कर सकते हैं-

(a) शिकायत लगाने के लिए उसके माता-पिता को बुलाना
(b) जब बच्चा त्रुटि करता है तब उसे रोककर उसकी त्रुटियों को सुधारना
(c) जब बच्चा पढ़ना समाप्त कर दें तब शब्द का सही उच्चारण बताना
(d) सही उच्चारण को दोहराना

Ans. (c) : कक्षा 6 के शिक्षार्थी उच्चारण में त्रुटियाँ करता है। इसमें शिक्षक उसकी मदद कर सकते हैं। शिक्षक को चाहिए कि जब बच्चा पढ़ना समाप्त कर दें तब शब्द का सही उच्चारण उसे बताए।

27. बच्चें के भाषा सीखने में मुद्रित समृद्ध परिवेश को लाभदायक माना जाता है। ऐसे परिवेश के निर्माण का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है–

(a) बच्चों को मुद्रित पुस्तकें उपलब्ध कराकर
(b) रोचक कहानियाँ, कविताएँ एवं बच्चों से संबंधित जानकारी कक्षा और विद्यालय को दीवारों पर लगाना
(c) शिक्षकों को मुद्रित मैनुअल्स, हैंडबुक्स और गाइडबुक्स उपलब्ध कराना
(d) बच्चों को सृजनात्मक कार्य के अवसर उपलब्ध कराना जैसे अंगूठे से छपाई, स्क्रीन प्रिंटिंग एवं अन्य प्रिंटिंग गतिविधियाँ

Ans. (b) : बच्चे के भाषा सीखने में मुद्रित समृद्ध परिवेश को लाभदायक माना जाता है। ऐसे परिवेश के निर्माण का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है - रोचक कहानियाँ, कविताएँ एवं बच्चों से संबंधित जानकारी कक्षा और विद्यालय की दीवारों पर लगाना।

28. निपुण भारत मिशन के अनुसार लक्ष्य जैसे बुनियादी साक्षरता एवं संख्या बोध के सीखने के लक्ष्य सभी राज्य द्वारा प्राप्त किए जाने चाहिए कक्षा एक में समझ के साथ पढ़ने के लक्ष्य इस प्रकार हैं–

(a) प्रति मिनट 40-60 शब्दों को अर्थ के साथ पढ़ता
(b) कम से कम तीन अक्षरों से बनने वाले सरल शब्दों को पढ़ना
(c) आयु उपयुक्त अपरिचित पाठ्य-वस्तु में कम से कम 45 सरल शब्दों में बनने वाले छोटे वाक्य पढ़ना
(d) कम से कम 60 शब्द प्रति मिनट समझ के साथ पढ़ना

Ans. (c) : निपुण भारत मिशन के अनुसार लक्ष्य जैसे बुनियादी साक्षरता एवं संख्या बोध के सीखने के लक्ष्य सभी राज्य द्वारा प्राप्त किये जाने चाहिए कक्षा एक में समझ के साथ पढ़ने के लक्ष्य इस प्रकार हैं– आयु उपयुक्त अपरिचित पाठ्य-वस्तु में कम से कम 45 सरल शब्दों से बनने वाले छोटे वाक्य पढ़ना।

29. परीक्षा के लिए किसी विषय को सीखने के लिए किस पठन तकनीक का उपयोग किया जाता है?

(a) विस्तृत पठन (b) स्कैनिंग
(c) विवरणात्मक पठन (d) स्किमिंग

Ans. (b) : परीक्षा के लिए किसी विषय को सीखने के लिए स्कैनिंग पठन तकनीकि का उपयोग किया जाना चाहिए।

30. एक शिक्षिका अपने शिक्षार्थियों की लेखन योग्यता में प्रगति देखना चाहती है उनके लिए सर्वाधिक विश्वसनीय उपकरण कौन-सा होगा?

(a) साक्षात्कार (b) रूब्रिक्स
(c) पोर्टफोलियो (d) स्व-आंकलन

Ans. (c) : एक शिक्षिका अपने शिक्षार्थियों की लेखन योग्यता में प्रगति देखना चाहती है उनके लिए सर्वाधिक विश्वसनीय उपकरण पोर्टफोलियो होगा।

SANSKRIT

अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानां (1-8) विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः उचिततमम् उत्तरं चित्वा लिखत-

भारविः पितुः सपरिश्रमं पठति स्म। परन्तु पिता तस्य वैदुष्यम् एकवारम् अपि नैव प्रशंसितवान। अनेन खिन्नः भारविः पितरं हन्तुं निलीनः। रात्रौ तस्य मात्रा पृष्ठः पिता कथितवान्- ''भारविः विश्व-विख्यातः एक अजरः अमरः महाकविः भवतु। इदं विचार्य एव अहं तं प्रत्यक्षं नैव प्रशंसामि। प्रशंसा प्रगतौ पूर्ण-विरामं योजयति। इदं श्रुत्वा भारविः स्वाचरणे पश्चातापं कुर्वन् प्रकटोभूय पितृ-पादयो खड्गं निधाय स्वविचारितं सर्वं सत्यं सत्यम् अकथयत्ः तदपराधे च आत्मानं हन्तुं निर्णयं श्रावितवान् पित्रा तु 'आत्महत्या महान् अपराधः' इति सन्दिश्य प्रायश्चित्त-रूपं पत्न्या सह श्वशुरालये कानिचित् वर्षाणि प्रवासं कर्तुं सः निर्दिष्टः। भारविः तथाएव कृतवान्।

कानिचित् दिनानि सः श्वशुरालय। सपत्नीकः सानन्दंः स्थितवान्। किन्तु पश्चात् श्वशुरेण आज्ञप्तः भारवित तस्य गाः चारयितुं प्रवृत्तः। एकतः गावः स्वेच्छया विचरन्त्यः चरन्ति स्म, तर्हि अन्यतः उपविश्य भारविः किरातार्जुनीयं नाम महाकाव्यं रचयितुं प्रावर्त्तत। गवां स्वक्षेत्रे प्रविश्य चरणेन कुपितः तत्क्षेपतिः भारवेः श्वशुरं भारवेः चेष्टितं यदा अश्रावयत् तदा श्वशुरः भारविं स्वकार्यं सावधानता-पूर्वक सम्पादयितुं परुष-वाचा कथितवान् अपि। किन्तु अनेन रुष्टः न भूत्वा भारविः महाकाव्य-विरचनं नैव त्यक्तवान्।

भारविः किरातार्जुनीयस्य कानिचित् सुभाषितानि रात्रौ स्वपत्नीम् अपि श्रवयति स्म। आसात् सा संस्कृतज्ञ विदुषी। स्मरणशक्ति तस्याः तीव्रा आसीत्। एकदा सा गृहदार्सी-

''सहसा विदधीत न क्रियाम्, अविवेकः परमापदां पदम्।
वृणुते हि विमृश्य कारिणुं, गुण-लुब्धा स्वयमेव सम्पदा।।''

इसं श्लोकं श्रावितवती। सा अपि ततः प्रभाविता इमम् एव श्लोकम् अन्यत्र यत्र सा कार्य करोति स्म-तत्रत्यां गृह-स्वामिनीम् अश्रावयत। सा तृ स्व-शयन-कक्षे स्थूल-स्थूलाक्षरेषु इमं लेखयित्वा उपयुक्त-स्थाने-सुरक्षितवती।

द्वितीयास्मिन् एव दिने व्यापाराय दश-पञ्चदश-वर्षेभ्यः विदेशे कृत- प्रवासः तस्याः पतिः रात्रौ प्रतिनिवृत्तः। सः पत्न्याः कक्षे तरुणं हृष्टं पुष्टं युवकं शयानं। दृष्ट्वा पत्नीं च दुराचारिणा मत्वा यावत् एव तं हन्तुं प्रवृत्तः तावत् एवं तस्य दृष्टौ उपर्युक्तः श्लोकः आपतितः। विरम्य सः किञ्चित् विचारयितुं प्रवृत्त;, तावत् एव तस्य पत्नी तं यथार्थतां प्रबोधितवती यत् अयम् आवयोः आत्मजः एव। ''पापात् अहं सुरक्षितः अस्मि अनेन श्लोकेन'' इति उक्त्वा सः तस्य लेखकं भारचितं तदीयम् आवासन् उपगत्य बहु-बहु-धन-मानादि-समर्पणेन अभ्यनन्त्। श्वशुरः अपि अनेन अत्मानं गौरवन्तिवम् अमन्यत। पुनः प्रायश्चितावधौ समाप्ते गृहं प्रत्यावृत्तं भारविं पिता अति प्रवहदानन्दाश्रुपुरः पुनः पुनः समाश्लिष्य भूरि-भूरि मुक्तकण्ठम् अभिनन्दितवान् इति।

1. भारवे पत्न्याः का तीव्रा आसीत्।

(a) गतिः (b) स्मरणशक्तिः
(c) स्वरः (d) दृष्टिः

Ans. (b) : भारवेः पत्न्याः स्मरणशक्तिः तीव्रा आसीत् ।
भारवि की पत्नी की स्मरण शक्ति तेज थी।

2. 'लिखितम्' इत्यस्य पदस्य समानार्थकं पदं गद्यांशे किम् अस्ति?

(a) धावितुम् (b) स्थातुम्
(c) रचियतुम् (d) कर्तुम्

Ans. (c) : 'लिखितम्' इत्यस्य पदस्य समानार्थकं पदं गद्यांशे ''रचयितुम् अस्ति। अर्थात् ''लिखितम्'' इस पद का समानार्थक पद गद्य में 'रचयितुम्'' है।
धावितुम् - धा + तुमुन्
स्थातुम् - स्था + तुमुन्
कर्तुम् - कृ + तुमुन्

3. भारविः सपत्नीकः कुत्र अवसत्?

(a) अरण्ये (b) देवालये
(c) भवने (d) श्वशुरालये

Ans. (d) : भारविः सपत्नीकः श्वसुरालये अवसत् भारवि सपत्नीक (पत्नी के साथ) श्वसुरालय (ससुराल) में रहने लगे। भारवि प्रायश्चित करने के लिए श्वसुराल में जाकर रहने लगे।
(1) अरण्ये - वन में।
(2) देवालये - मन्दिर में
(3) भवने - घर में

4. प्रशंसा प्रगतौ किं योजयति?

(a) पूर्णविरामम् (b) अर्धविरामम्
(c) तीव्रता (d) गम्भीर्यम्

Ans. (a) : प्रशंसा प्रगतौ पूर्णविरामम् योजयति।
'प्रशंसा' प्रगति में पूर्ण विराम लगाता है।

5. भारविः किं न त्यक्तवान्?

(a) गृहम् (b) महाकाव्यविरचनम्
(c) वेदाध्ययनम् (d) सङ्गीतवादनम्

Ans. (b) : भारविः महाकाव्य विरचनं न त्यक्तवान् अर्थात्
भारवि ने महाकाव्य की रचना करना नहीं छोड़ा भारवि संस्कृत साहित्य के वृहत्त्रयी परम्परा के पहले कवि है। इन्होंने 18 सर्गों में किरातार्जुनीयम् महाकाव्य की रचना की है इन्हें आतपत्र भारवि कहा जाता है।

6. 'पापात्' इति अस्मिन् पदे का विभक्तिः ?

(a) षष्ठी (b) चतुर्थी
(c) द्वितीया (d) पञ्चमी

Ans. (d) : 'पापात्'' इति अस्मिन् पदे पञ्चमी विभक्ति एकवचनः अस्ति, पापात् इस पद में पञ्चमी विभत्ति एक वचन है।
पापात् पापाभ्याम् पापेभ्यः

7. गृहस्वामी कस्मात् सुरक्षितः अभवत् ?

(a) सर्पात् (b) पापात्
(c) सिंहात् (d) चौरात्

Ans. (b) : गृहस्वामी पापात् सुरक्षितः अभवत् ।
गृहस्वामी पाप से बच गया।
सर्पात् - पंचमी विभक्ति एकवचन।
सिंहात् - पंचमी विभत्तिः एकवचन।
चौरात् - पंचमी विभक्ति एकवचन।

8. 'अभ्यनन्दत्' इत्यस्य पदस्य शुद्धःविच्छेदः अस्ति?

(a) अभ्यन् + अन्दत् (b) अभ्यन + न्दत्
(c) अभि +अनन्दत् (d) अभ्य + नन्दत्

Ans. (c) : ''अभ्यनन्दत्'' इत्यस्य पदस्य शुद्ध विच्छेदः,
अभि + अनन्दत् अस्ति।
अभ्यनन्दत् इस पद का शुद्ध विच्छेद
अभि + अनन्दत् होगा।
↓
इ + अ = इ को य = अभ्यनन्दत्
यहाँ 'इको यणचि'' सूत्र से यण् सन्धि है।

अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानां (9-15) विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः उचिततमम् उत्तरं चित्वा लिखत–

एकः धार्मिकः सत्सङ्गानुरागी राजा आसीत्। सः दूर-दूरात् साधून् महात्मनः आहूय तेभ्यः ज्ञानोपदेशं शृणोति तानि धनादि-प्रदानेन सम्मानयति स्म।

एकदा एकः महात्मा ततः दान दक्षिणाम् आदाय परावर्तमानः कैश्चित् दस्युभिः दृष्टिः। ते दस्यवः तस्य साधोः हस्तौ कर्तयित्वा दान-दक्षिणाम् अच्छिद्य च पलायितवन्तः।

कतिपय-मासान्तरं सः एव महात्मा राज्ञा पुनरपि भगवच्चर्चायै आहूतः। अस्मिन् वारे दस्तवः अति साधु-वेषं धृत्वा तस्मिन् राजकीये सत्सङ्गे समुपस्थिताः। तान् दृष्ट्वा कृत्त-हस्तः महात्मा राजानं कथितवान् – ''महाराज! इमे साधवः मम ज्ञानिनः सुहृदः सन्ति। इमे अवश्यं सम्माननीयाः।'' राजा तान् अपूजयतु, एकां बृहर्ती धन-पेटिकां च तेषाम् आवासे प्रापयितुं स्वकीयम् एकं कर्मचारिणं प्रेषितवान्।

मार्गे कर्मचारी तान् साधून् अपृच्छत् – ''कथ्यताम् महात्मा कथं जनाति? कथम् असौ भवद्भ्यः इदं धनम् अदापयत् ?'' साधवः उदतरन् -''सः मृत्युमुखे आसीत्। वयम् एव तं मृत्योः अमोचयाम। हस्तौ एक तस्य कर्त्तितौ अभवताम्। अतः एव उपकारकान् अस्मान् सः महाराजेन सममानयत्।''

पृथ्वी माता तेषाम् इमां निराधार-वार्त्तां न असहत। सा व्यदीर्यत। तत्र एव ते व्यलीयन्त। विस्मितः कर्मचारी राजानम् उपगत्य सर्वां घटनाम् अश्रावयत्। कृत्त-हस्तः महात्मा अपि तदा तत्र एव आसीत्। सः अपि तैः साधुभिः सह दुर्घटितां घटनाम् आकर्ण्य अतीव दुःखितः अभवत्, उच्चैः उच्चैः रोदितुं प्रावर्त्तत च।

किन्तु आश्चर्यं! महत् आश्चर्यम् !! तदा एवं सः महात्मा पुनः उत्पन्न-हस्तः अजायत। राजा तद् एतद् दृष्ट्वा रहस्यम् एतस्य कथयितुं महात्मानं प्रार्थितवान्। महात्मा अकथयत्- ''राजन्! सत्यम् एव ते साधवः मम सुहृदः सन्ति। भवद्भ्यः धन-ग्रहीतारौ हस्तौ छित्वा ते माम् उपकृतवन्तः एव। किन्तु भगवत्कृपया तो पुनर् अपित उत्पन्नौ। मम एव कारणने ते पृथिव्यां व्यलीयन्त। मम एव कारणेन तेषां सुहृदां वियोगेन अहम् इदानीं भृशं दुःखी सञ्जातः विलयामि च'' इति।

9. सत्सङ्गानुसारी राजा किं करोति स्म?

(a) आखेटाय गच्छति स्म। (b) संगीतं शृणोति स्म।
(c) ज्ञानोपदेशं शृणोति स्म। (d) युद्धं करोति स्म।

Ans. (c) : सत्सङ्गानुसारी राजा ''ज्ञानोपदेशं शृणोति स्म।
सत्सङ्गानुसारी राजा ज्ञानरूपी उपदेश को सुनता था।
ज्ञानस्य उपदेशः = ज्ञानोपदेश ष0 तत्पुरुष समास ज्ञानोपदेशः में गुण सन्धि है।
ज्ञान + उपदेश
↓ ↓
अ + उ
ओ = ज्ञान् + ओ + पदेश = ज्ञानोपदेश

10. महात्मा कै दृष्टः ?

(a) दस्युभिः (b) नाविकैः
(c) साधुभिः (d) सैनिकैः

Ans. (a) : महात्मा दस्युभिः दृष्टः। महात्मा दस्युओं (डाकुओं) के द्वारा लूट लिया गया,
(1) दस्युभिः - तृ0 एकवचन, डाकूओं से,
(2) नाविकैः = तृ0 एकवचन, नाविकों से
(3) साधुभिः = तृ0 एकवचन, सैनिको से

11. पृथ्वीमाता किं न असहत्?

(a) वृष्टिम्
(b) अपमानम्
(c) नाट्यम्
(d) दस्यूनाम् निराधारवार्ताम्

Ans. (d) : पृथ्वीमाता दस्यूनाम निराधार वार्ताम् न असहत् पृथ्वीमाता दस्युओं के निराधार वार्ता को न सह सकी।

12. साधुभिः इति अस्मिन् पदे का विभक्तिः?

(a) षष्ठी (b) तृतीया
(c) सप्तमी (d) द्वितीया

Ans. (b) : साधुभिः इति अस्मिन् पदे तृतीया विभक्तिः बहुवचनः अस्ति।
'साधुभिः'' इस पद में तृतीया विभक्ति बहुवचन है।

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र0वि0	साधुः	साधू	साधवः
द्वि0वि0	साधुम्	साधू	साधून्
तृ0वि0	साधुना	साधुभ्याम्	साधुभिः
च0वि0	साधवे	साधुभ्याम्	साधुभ्यः
प0वि0	साधोः	साधुभ्याम्	साधुभ्यः
ष0वि0	साधोः	साध्वोः	साधूनाम्
स0वि0	साधौ	साध्वोः	साधुसु
सम्बोधन	हे साधे!	हे साधू!	हे साधवः!

13. 'सुखी' इति अस्य पदस्य विपरीतार्थकम् पदं गद्यांशे किम् अस्ति?
(a) दुःखी (b) भयभीतः
(c) प्रसन्नः (d) व्याकुलः

Ans. (a) : सुखी इति अस्य विपरीतार्थकं पदम् दुःखी अस्ति।
गद्यांशानुसार 'सुखी' इस पद का विपरीतार्थक पद दुःखी है।
(1) भयभीतः - निर्भीकः
(2) प्रसन्नः - अप्रसन्नः
(3) व्याकुलः शान्तः

14. राजा साधुभ्यः किं अयच्छत् ?
(a) रत्नानि (b) भोजनं
(c) बृहती धनपेटिका (d) गृहम्

Ans. (c) : राजा साधुभ्यः बृहतीधनपेटिका अयच्छत् ।
राजा साधुओं को बड़े धन की पेटिका दिया।
राजा ने महात्मा के कहने पर उन साधुओं को धन की पेटिका दिया।

ज्ञा धातु लट्लकार

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम	जानाति	जानीतः	जानन्ति
मध्यम	जानासि	जानीथः	जानीथ
उत्तम	जानामि	जानीवः	जानीमः

8. 'चमत्कृति' इत्यस्मिन् पदे कः प्रत्ययः-

(a) क्तिन् (b) तिन्

(c) ति (d) वितिन्

Ans. (a) : 'चमत्कृति' इत्यस्मिन् पदे क्तिन् प्रत्ययः।
'चमत्कृति' पद में क्तिन् प्रत्यय है।
स्त्रीलिंग भाववाचक शब्द धातुओं में क्तिन् (ति) जोड़कर बनाये जाते हैं। जैसे कृतिः, धृतिः, मतिः, स्तुतिः, चितिः।

निम्नलिखितगद्यांशं पठित्वा प्रश्नाम् उत्तराणि देयानि-

अस्ति विन्ध्याटव्यां महातपा नाम मुनिः। तेनैकदा उटजद्वारे काकमुखाद् भ्रष्टो मूषकशावको दृष्टः। ततो जातकारुण्येन तेन मुनिना स नीवारकणैः परिवर्धितः।

एकदा तं मूषकं खादितुमनुधावन् कश्चित् बिडालो मुनिना दृष्टः। तदा तपःप्रभावात् तेन मुनिना मूषको बलिष्ठो बिडालः कृतः। अथ कदाचित् कुक्कुरात् भीतः स विडालः धावित्वा मुनिः समीपमागच्छत्। बिडालोऽयं कुक्कुरात् विभेति इत्यवगम्य असौ मुनिना कुक्कुरः कृतः। ततः प्रभृति स कुक्कुरः इतस्ततः निर्भयं भ्रमति स्म। अथैकदा व्याघ्रात् भीतः कुक्कुरः मुनेः समीपमागच्छत्। कुक्कुरस्य व्याघ्रात् महत्भयम् इति मत्वा तेन स व्याघ्रः कृतः। परं व्याघ्रमपि मूषकनिर्विशेषं एव पश्यति स मुनिः। अतः सर्वेऽपि तत्रत्याः जनास्तं व्याघ्र दृष्ट्वा वदन्ति-

''अनेन मुनिना मूषकोऽयं व्याघ्रतां नीतः।'' एतच्छ्रुत्वा सः व्याघ्रः सव्यथोऽचिन्तयत्- ''यावदवं मुनिर्जीवति तावदिदं मम स्वंरूपाख्यानम् अपकीर्तितम् एव स्थास्यति। ''इत्थं विचिन्त्य स मुनिम् एव हन्तुम् उद्यतोऽभवत्। मुनिःतस्य दुर्मतेः मनोभावम् अभीष्टं च ज्ञात्वा कमण्डलोः जलमादाय मंत्रपाठं कृत्वा तम् एवं शशाप-

यस्मादेवमपापं मां
पाप हिंसितुमिच्छसि।
तस्मात् स्वयोनिमापन्नो
मूषकस्त्वं भविष्यसि।।

इत्थं शप्त्वा मुनिस्त पुनर्मूषकं चकार।

9. मुनिः मूषकशावंक कथम् पोषितवान्?

(a) वन्यफलैः

(b) सरोवरजलेन

(c) नीवारकणैः

(d) तन्दुलैः

Ans. (c) : मुनिः मूषक शावकं नीवारकणैः पोषितवान् ।
मुनि ने चूहे के बच्चे को निवारकण (तिन्नी का चावल) से पोषित किया। अर्थात् तिन्नी के दाने को खिला-खिला कर चूहे के बच्चे का पालन-पोषण किया।

10. मूषकः कथं मुनेराश्रमे समागतः-

(a) विडालमुखात् पतितः

(b) वायसमुखात् पतितः

(c) कपोतमुखात् पतितः

(d) कुक्कुरमुखात्पतितः

Ans. (b) : मूषकः वायसमुखात् पतितः मुनेराश्रमे समागतः। चूहा कौआ के मुख से मुनि के आश्रम के समीप आ गिरा।

11. दृष्ट्वा इत्यत्र कः प्रत्ययः?

(a) कत्वा (b) क्त

(c) ल्यप् (d) कोऽपि नः

Ans. (a) : दृष्ट्वा इत्यत्र 'कत्वा' प्रत्ययः अस्ति अर्थात् 'दृष्ट्वा' इस पद में कत्वा प्रत्यय है।

12. 'मूषकनिर्विशेषम्' इत्यस्य शब्दस्य गद्यांशे कोऽर्थः

(a) मूषकाद् भिन्नम् (b) मूषकाद् अभिन्नम्

(c) मूषकवत् (d) मूषकतुल्यम्

Ans. (b) : 'मूषकनिर्विशेषम्' इत्यस्य शब्दस्य गद्यांशे मूषकाद् अभिन्नम् अर्थात् इस गद्यांश में मूषकनिर्विशेष का अर्थ मूषक से अभिन्न नहीं है।

13. गद्यांशे 'निर्भयं भ्रमति' इत्यस्मिन् वाक्ये 'निर्भयं' शब्दः कीदृशः-

(a) क्रियाविशेषणम् (b) विशेषणम!

(c) सर्वनामः (d) संज्ञा

Ans. (a) : गद्यांशे निर्भयं भ्रमति इत्यस्मिन् वाक्ये 'निर्भयं' शब्दः क्रियाविशेषणम् ।
गद्यांश में 'निर्भयं भ्रमति' इस वाक्य में 'निर्भयं' शब्द क्रिया-विशेषण है।
क्रियाविशेषणम् - क्रिया की विशेषता बतलाने वाले शब्द को क्रियाविशेषण कहते हैं। निर्भयं भ्रमति' में 'निर्भयं' शब्द 'भ्रमति' क्रिया की विशेषता बता रहा है।
निर्भयं भ्रमति - निडर हो के घूमना।

14. 'अनुधावन्' इत्यस्मिन् निम्नलिखितेषु कः प्रत्ययः प्रयुक्तः-

(a) ल्युट् (b) शतृ

(c) अन् (d) न्

Ans. (b) : 'अनुधावन्' इत्यस्मिन् पदे शतृ प्रत्ययः प्रयुक्तः।
'अनुधावन्' पद में शतृ प्रत्यय प्रयुक्त है।
शतृ और शानच् को 'सत्' कहा जाता है। 'सत्' का अर्थ है 'विद्यमान' 'वर्तमान'। ये दोनों प्रत्यय किसी धातु में जुड़कर उस धातु द्वारा सूचित वर्तमान काल की क्रिया का बोध विशेषणरूप से कराते है। जैसे - सः पठन् ।

15. अनया कथया का शिक्षा दीयते?

(a) मुनीनाम् अपमानः न कर्त्तव्यः।

(b) मुनीनाम् शापाद् भेतव्यम्।

(c) मिथ्या गर्वः न कर्त्तव्यः।

(d) मनुयः कृपालवः भवन्ति।

Ans. (c) : अनया मिथ्या गर्वः न कर्त्तव्यः शिक्षा दीयते। इस गद्यांश में यह शिक्षा दिया गया है कि 'मिथ्या गर्व नहीं करना चाहिए।'

16. मातृभाषाधारित-बहुभाषावादः नाम किम् ?

(a) केवलं मातृभाषायाः अधिगमः

(b) मातृभाषामाध्यमेन अधिगमः

(c) प्रथमं मातृभाषायाः अधिगमः तदनन्तरम् अधिकानां भाषाणां योगः

(d) अनेकभाषाणां विदेशिभाषाणां च मातृभाषारूपेण अध्ययनम् ।

Ans. (c) : मातृभाषाधारित-बहुभाषावादः नाम प्रथमं मातृभाषायाः अधिगमः तदनन्तरम् अधिकानां भाषाणां योगः।

मातृभाषा पर आधारित बहुभाषावाद का तात्पर्य है कि पहले बालक को मातृभाषा में शिक्षा दी जानी चाहिए इसके बाद अधिक भाषाओं का योग सिखाना चाहिए। बालक किसी भी बात को अपनी मातृभाषा में समुचित रूप से समझता है।

17. विद्यालयिभाषा शिक्षानीतिः ज्ञायते----

(a) बहुभाषिशिक्षा इति।
(b) शिक्षायां भाषा इति।
(c) मातृभाषा धारित-बहुभाषावादः इति
(d) त्रिभाषासूत्रम् इति

Ans. (d) : विद्यालयिभाषा शिक्षानीतिः त्रिभाषासूत्रम् इति ज्ञायते।

विद्यालयिभाषा की शिक्षा नीति त्रिभाषा सूत्र के अनुसार होनी चाहिए। त्रिभाषा सूत्र के अन्तर्गत तीन भाषाएँ आती हैं। मातृभाषा, प्रान्तीय भाषा, अंग्रेजी भाषा।

18. समुच्चयभाषा-उपागमः अस्ति----

(a) विद्यार्थिनां भाषाधिगमः भवति अक्षरध्वनिज्ञानानन्तरं शब्दानां, शब्दसमूहानां, वाक्यानां च ज्ञानेन इति अवधारणा।
(b) विद्यार्थिनां भाषाधिगमः भवति भाषिकखण्डेभ्यः अनन्तरं ते वर्णानाम् अक्षराणां च बोधं कुर्वन्ति इति अवधारणा।
(c) भाषाधिगमस्य आरम्भः भवति लघुतमेन एककेन वर्णमालायाः अक्षरेण इति अवधारणा।
(d) सर्वाः भाषाः समानमार्गेण एव अधिगम्यन्ते इति अवधारणा।

Ans. (b) : विद्यार्थिनां भाषाधिगमः भवति भाषिकखण्डेभ्यः अनन्तरं ते वर्णानाम् अक्षराणां च बोधं कुर्वन्ति इति अवधारणा समुच्चयभाषा-उपागमः अस्ति।

विद्यार्थियों में भाषा अधिगम होता है भाषा को खण्डों में विभक्त करने के बाद वे वर्णों और अक्षरों को जानते हैं यही अवधारणा समुच्चय भाषा-उपागम है।

19. भाषाधिगमार्थं कण्ठस्थीकरणम् अङ्गरूपेण भाषाशिक्षणस्य कः उपागम स्वीकरोति?

(a) संरचनात्मकोपागमः
(b) व्याकरणानुवादपद्धतिः
(c) सम्प्रेषणात्मकोपागमः
(d) सम्पूर्णशारीरिकप्रतिक्रिया

Ans. (b) : भाषाधिगमार्थं कण्ठस्थीकरणम् अङ्गरूपेण भाषा शिक्षणस्य व्याकरणानुवादपद्धतिः उपागम स्वीकरोति।

भाषाअधिगम के अर्थ में कण्ठस्थीकरण के अंग के रूप में भाषाशिक्षण में व्याकरण अनुवाद पद्धति को स्वीकार किया गया है। व्याकरण भाषा की आत्मा है। वेदाङ्गों में व्याकरण की प्रधानता विद्यमान है। व्याकरण वेद पुरुष का मुख है। इसीलिए कहा भी गया है-''मुखं व्याकरणम् स्मृतम्।'

20. काव्या एका भाषाशिक्षिका अस्ति । सा विषयानुगुणं शब्दानाम् आहरणं कर्तुं तेषां सहगामिशब्दानां च आहरणं कर्तुं छात्रान् निर्दिशति। एषा योजना/पद्धतिः ज्ञायते----

(a) विन्यासः इति
(b) शब्दजालः इति
(c) शब्दक्रीडा इति
(d) शब्दनिर्माणः इति

Ans. (a) : काव्या एका भाषाशिक्षिका अस्ति। सा विषयानुगुणं शब्दानाम् आहरणं कर्तुं तेषां सहगामिशब्दानां च आहरणं कर्तुं छात्रान् निर्दिशति। एषा योजना विन्यासः पद्धति इति ज्ञायते।

काव्या एक भाषाशिक्षिका है। वह विषयानुसार शब्दों का आहरण करके उससे सम्बन्धित शब्दों का आहरण करने के लिए छात्रों को निर्देशित करती है। यह योजना विन्यास पद्धति कहलाती है।

21. छात्राणां भाषादक्षतायाः परीक्षणं कर्तुं शिक्षिका एकं प्रश्नपत्रं प्रस्तौति। तस्मिन् सा प्रत्येकं पञ्चमं पदं प्रत्याहृत्य एकं परिच्छेदं ददाति छात्रान् पञ्चमं तत् रिक्तस्थानं पूरयितुं छात्रान् निर्दिशति। एवम्प्रकारकः परीक्षाविधिः ज्ञायते------

(a) अवबोधपूर्वकं पठनम् इति
(b) शब्दज्ञानपरीक्षा इति
(c) शून्यस्थानपूरणम् इति
(d) क्लोज़परीक्षा इति

Ans. (d) : छात्राणां भाषादक्षतायाः परीक्षणं कर्तुं शिक्षिका एकं प्रश्नपत्रं प्रस्तौति। तस्मिन् सा प्रत्येकं पञ्चमं पदं प्रत्याहृत्य एकं परिच्छेदं ददाति छात्रान् पञ्चमं तत् रिक्तस्थानं पूरयितुं छात्रान् निर्दिशति। एवम्प्रकारकः परीक्षाविधिः क्लोजपरीक्षा इति ज्ञायते।

22. सम्भाषणसमये उचितेन उच्चारणेन सह समुचितशब्दानां समुचितक्रमेण प्रयोगः।

(a) सङ्केतभाषा
(b) सम्भाषणप्रक्रिया
(c) भाषाव्यापारः
(d) प्रयोगाधारितभाषा

Ans. (b) : सम्भाषणसमये उचितेन उच्चारणेन सह समुचित शब्दानां समुचितक्रमेण प्रयोगः सम्भाषणप्रक्रिया।

सम्भाषण के समय उचित उच्चारण के साथ समुचित शब्दों का समुचितक्रम में प्रयोग सम्भाषणप्रक्रिया कहलाता है।

सम्भाषण के समय किसी भी शब्दों का स्पष्ट उच्चारण करके उसको यथाक्रम में रखना चाहिए।

23. काचिद् अध्यापिका द्वयोः विषययोः शब्दान् छात्रेभ्यो ददाति। द्वौ विषयौ स्तः - गृहम् च विद्यालयश्च। स स्वछात्रान् द्वौ शब्दसमूहौ निर्मातुं कथयति। एतत् किं कः?

(a) विषयसम्बद्धशब्दकोशः
(b) विषयसम्बद्ध शिक्षणम्
(c) विचारनिर्माणम्
(d) संज्ञानात्मकशिक्षणम्

Ans. (a) : काचिद् अध्यापिका द्वयौः विषयोः शब्दान् छात्रेभ्यो ददाति। द्वौ विषयौ स्तः - गृहम् च विद्यालयश्च । स स्वछात्रान् द्वौ शब्दसमूहौ निर्मातुं कथयति। एतत् विषयसम्बद्धशब्दकोशः कथयति कोई अध्यापिका दो विषय के शब्दों को छात्रों को देती है। दो विषय हैं - गृह और विद्यालय। वह अपने छात्रों को दो शब्द समूहों का निर्माण करने के लिए कहती है। यह विषय सम्बद्धशब्दकोश है। अध्यापिका अपने बालकों में शब्दकोश की वृद्धि करना चाहती है।

24. कथाकथनम् एकं शिक्षणशास्त्रीयम् उपकरणम् अस्ति। तस्य उपयोगः क्रियते----

(a) श्रवणकतिविधौ छात्रान् नियोजयितुम्।

(b) छात्राणां सम्भाषणकौशलस्य विकासार्थम् ।

(c) भाषासाहित्यकौशलस्य विकासार्थम् ।

(d) कक्षायाम् अनुशासनं पालयितुम् ।

Ans. (c) : कथाकथनम् एकं शिक्षणशास्त्रीयम् उपकरणम् अस्ति। तस्य उपयोगः भाषासाहित्यकौशलस्य विकासार्थं क्रियते।

'कथाकथन' एक शिक्षण शास्त्रीय उपकरण है इसके उपयोग से भाषासाहित्य का विकास होता है।

25. निम्नलिखितेषु किं 'सोपाननिर्माणपरिकल्पना' (Scafolding hypothesis) कथ्यते-

(a) प्रत्येकं छात्रः स्वतन्त्रः अस्ति तथा व्यक्तिशः शिक्षणम् अपेक्षते।

(b) विषयाणां सम्मिश्रणं परस्परं सम्पर्कश्च।

(c) सर्वशिक्षणानां प्रेरणा परस्परसम्पर्कः अस्तिः

(d) शिक्षणं छात्रस्य व्यक्तिशः प्रयत्नफलम् अस्ति।

Ans. (c) : निम्नलिखित सर्वशिक्षणानां प्रेरणा परस्परसम्पर्कः अस्ति श्यम् 'सोपाननिर्माणपरिकल्पना' कथ्यते।

सर्वशिक्षा की प्रेरणा परस्पर सम्पर्क है यह सोपान निर्माण परिकल्पना कहलाती है। परिकल्पनाएँ शोधकर्ता की आँखे होती हैं जिनके द्वारा वह समस्यागत अव्यवस्था (अव्यवस्थित तथ्यों) में झाँककर देखता है तथा उनमें समस्या का समाधान खोजता है।

26. ससन्दर्भं व्याकरणम् नाम–

(a) पुनः पुनः अभ्यासबलेन व्याकरणस्य अधिगमनम् ।

(b) पूर्वम् रूपाणाम् ज्ञानम् अनन्तरं प्रयोगं इति प्रवृत्तिः

(c) स्वाभाविकभाषायाः उदाहरणेषु रूपाणां परिचयः तथा च सन्दर्भे तेषाम् अध्ययनम्

(d) व्यवस्थित संरचनामाध्यमेन रूपाणाम् अधिगमनम् येन विद्यार्थी क्रमशः विकास प्राप्नोति।

Ans. (c) : ससन्दर्भं व्याकरणम् नाम स्वाभाविकभाषायाः उदाहरणेषु रूपाणां परिचयः तथा च सन्दर्भे तेषाम् अध्ययनम्।

27. काचिद् अष्टमीकक्षायाः अध्यापिका वर्षपर्यन्तं छात्राणां शिक्षणस्य विवरणं एकत्रीकरोति। सा प्रत्येकं छात्रं प्रतिसत्रं निरीक्षते मूल्याङ्कनार्थंच विवरणलेखं सज्जीकरोति। एषा मूल्याङ्कनपद्धतिः किं कथ्यते?

(a) परम्परावादी मूल्याङ्कनम्

(b) पत्राधान (Protfolio) मूल्याङ्कनम्

(c) सोद्देश्यं मूल्याङ्कनम्

(d) सततं मूल्याङ्कनम्

Ans. (b) : काचिद् अष्टमी कक्षायाः अध्यापिका वर्षपर्यन्तं छात्राणां शिक्षणस्य विवरणं एकत्रीकरोति। सा प्रत्येकं छात्रं प्रतिसत्रं निरीक्षते। मूल्याङ्कन पद्धतिः पत्राधान (Protfolio) मूल्याङ्कनम् कथ्यते।

कोई आठवीं कक्षा की अध्यापिका वर्षपर्यन्त छात्रों के शिक्षण विवरण को एकत्र करती है। वह प्रत्येक छात्र का प्रतिवर्ष निरीक्षण करती है। मूल्याङ्कन की यह पद्धति 'पत्राधान' (Protfolio) मूल्याङ्कन कहलाती है।

बच्चों द्वारा पूरे वर्ष के दौरान किए गए विभिन्न कार्यों का संग्रहण, जिसका लक्ष्य उनके प्रदर्शन का विवरण रखना 'पोर्टफोलियो' कहलाता है। यह एक शिक्षार्थी की क्षमताओं विचारों और दृष्टिकोणों का प्रमाण प्रदान करता है। एक पोर्टफोलियो बच्चों की क्रमिक प्रगति को दर्शाता है और विकास का मार्ग प्रशस्त करता है।

28. अधोलिखितेषु कस्य कौशलविकासार्थं लेखनम् इत्यस्मिन् ग्रहणं न भवेत् ?

(a) व्याख्यानसमये टिप्पणीसङ्कलनम्

(b) पठनसमये टिप्पणीलेखनम्

(c) सारांशलेखनम्

(d) कस्यचित् कार्यक्रमस्य कृते योजनापत्रलेखनम्

Ans. (d) : अधोलिखितेषु कस्यचित् कार्यक्रमस्य कृते योजनापत्रलेखनम् कौशलविकासार्थं लेखनम् इत्यस्मिन् ग्रहणं न भवेत्।

29. निम्नलिखितेषु किं भाषाशिक्षणसम्बन्धितं कार्यं नास्ति?

(a) छात्राः चतुर्णां समूहे पाठ्यविषयं पठन्ति तदनुसारं च कार्यं कुर्वन्ति।

(b) छात्राः लोकेभ्यः स्कार्यविषये ज्ञातुं ग्रामे गच्छन्ति।

(c) छात्राः स्वकार्याणाम् अनुभवानां च विवरणं एकं सप्ताहं 'यावत्' दैनन्दिन्यां लिखन्ति।

(d) छात्रा अध्यापकं अनुवृत्य कवितां पठन्ति।

Ans. (d) : छात्रा अध्यापकं अनुवृत्य कविता पठन्ति भाषा शिक्षण सम्बन्धितं कार्यं नास्ति।

छात्र अध्यापक का अनुसरण करके कविता पढ़ते हैं यह भाषा शिक्षण से सम्बन्धित कार्य नहीं है। यदि छात्र अध्यापक का अनुसरण करके कविता पढ़ेगा तो बच्चे में नकल की प्रवृत्ति बढ़ेगी और स्वतः सोचने का चिन्तन स्तर कम होगा।

30. निपुणभारतकार्यक्रमस्य उद्देश्यं किम् अस्ति?

(a) 2025 वर्षावधिं यावत् प्राथमिकविद्यालये वैश्विक-आधारभूत-साक्षरतां संख्याज्ञानं प्राप्तुम्।

(b) 2028 वर्षं यावत् दशमीकक्षापर्यन्तं, तदधिकामपि कक्षापर्यन्तं छात्रैः तेभ्यश्य हितायपठनम्।

(c) विद्यालये छात्रेषु साक्षरतां संख्याज्ञानञ्च प्रापणाय प्रयासः

(d) प्रारम्भिकबालविद्यालये गुणवत्तापरक-शिक्षावाय प्रोत्साहनम्।

Ans. (a) : निपुणभारतकार्यक्रमस्य उद्देश्यं अस्ति–

2025 वर्षावधिं यावत् प्राथमिकविद्यालये वैश्विक आधारभूत साक्षरतां संख्याज्ञानं प्राप्तुम् ।

निपुण भारत कार्यक्रम का उद्देश्य है - 2025 वर्ष तक प्राथमिक विद्यालय में वैश्विक आधार भूत साक्षरता का संख्या ज्ञान प्राप्त करना।

NIPUN – National Initiative for proficiency in Reading with Understanding and Numeracy, अर्थात् संख्यात्मक ज्ञान के साथ, पठन में निपुणता के लिए राष्ट्रीय पहल।

Central Teacher Eligibility Test (CTET) 2022
Social Science (VI-VIII)
Solved Paper with Explanation

(Exam Date : 28-12-2022) **(Time : 2.30)**

CHILD DEVELOPMENT PEDAGOGY

1. Assertion (A): The physical development of children is important as it also influences a child's social and cognitive development.
कथन (A): बच्चों का शारीरिक विकास महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बच्चों के सामाजिक व संज्ञानात्मक विकास को भी प्रभावित करता है।

Reason (R): All aspects of development are inter related in childhood and greatly influence each other/तर्क (R): बचपन में विकास के सभी आयाम एक दूसरे से जुड़े हुए हैं तथा एक दूसरे को बेहद प्रभावित करते हैं।

Choose the correct option/
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है
(c) (A) is true but (R) is false/
(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false/
(A) और (R) दोनों गलत है

Ans. (a) : विकास के कुछ सिद्धांत है, जिसमें से एक सिद्धांत इस प्रकार है :-

- **परस्पर संबंध का सिद्धांत :-** किसी व्यक्ति का विकास जीवन में सभी पहलुओं के संतुलित परस्पर से परिलक्षित होता हैं। किसी भी पहलू में विकास दूसरे पहलू को भी प्रभावित करता है।
- परस्पर संबंध के सिद्धांत के अनुसार, बच्चों का संज्ञानात्मक व सामाजिक विकास उनके शारीरिक स्वास्थ्य, क्षमताओं और अक्षमताओं पर निर्भर करता हैं।
- यदि बच्चा कुपोषित है तो यह उसके मानसिक स्वास्थ्य, संज्ञानात्मक क्षमताओं, उसके प्रदर्शन आदि को प्रभावित कर सकता है।
- अतः इस सिद्धांत से हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि विकास से संबंधित सभी पहलू परस्पर सम्बन्धित है और एक दूसरे को प्रभावित करते हैं। अतः (A) और (R) दोनों सही है और (A) की (R) सही व्याख्या करता हैं।

2. The principle that suggests growth follows a pattern beginning from head and then proceeding to the rest of the body is/:
विकास का कौन-सा सिद्धांत यह सुझाता है कि विकास सिर से शुरू होता है और फिर शरीर के बाकी हिस्सों में आगे बढ़ता है:

(a) Proximodistal principle/समीपदूराभिमुख सिद्धांत
(b) Cephalocaudal principle/शीर्षगामी सिद्धांत
(c) Principle of individuality/
व्यक्तिगत भिन्नताओं का सिद्धांत
(d) Principle of uniformity/एकरूपता का सिद्धांत

Ans. (b) : बाल विकास दो दिशाओं में होता है, एक सिर से पैर की दिशा (शीर्षगामी) से होता है और दूसरा निकट से दूर (समीपोदूरस्थ) की ओर होता हैं। दोनों सिद्धांत गामक विकास के क्षेत्र में लागू होते हैं :

- **शीर्षगामी सिद्धांत** $\Rightarrow$ यह दर्शाता है कि विकास अनुदैर्ध्य दिशा में आगे बढ़ता है अर्थात् ऊपर से नीचे या सिर से पैर तक आगे बढ़ता है। यही कारण है कि बच्चा चलने से पहले सबसे पहले सिर पर नियंत्रण हासिल करता हैं।
- **समीपोदूरस्थ सिद्धांत** $\Rightarrow$ यह केंद्र से बाहर की ओर या दूर की ओर जाती हैं और शरीर के केंद्र के पास के हिस्से से पहले विकसित होती है फिर छोर विकसित होती है इसलिए, विकास के शुरूआती चरणों में बच्चा छोटी मांसपेशियों या सकल गामक कौशल के बजाय मौलिक मांसपेशियों का विकास करना शुरू कर देता हैं।

3. _____ refers to the process of predetermined unfolding of genetic dispositions/
..... आनुवंशिक स्वभाव के पूर्व निर्धारित प्रकटीकरण की प्रक्रिया को संदर्भित करता है

(a) Maturation/परिपक्वता
(b) Scaffolding/पाड़
(c) Adaptation/अनुकूलन
(d) Socalisation/सामाजीकरण

Ans. (a) : प्रकृति किसी के आनुवंशिक शृंगार को संदर्भित करती है। यह उन लक्षणों, क्षमताओं और योग्यताओं को संदर्भित करती है जो किसी के माता-पिता से विरासत में मिली है। यह किसी भी कारक को शामिल करती है जो आनुवंशिक जानकारी के पूर्व-निर्धारित प्रकटीकरण द्वारा उत्पन्न होता है- इस प्रक्रिया को परिपक्वता के रूप में जाना जाता हैं। परिपक्वता का तात्पर्य आनुवांशिक वंशानुक्रम के कारण किसी व्यक्ति में मौजूद लक्षणों या संभावनाओं के प्रकट होने या क्रमिक रूप से खुलने से हैं। यह आनुवंशिक रूप से जो कुछ भी हैं उसका शुद्ध परिणाम हैं।

4. According to Jean Piaget which of the following factors are influential in determining the course of cognitive development/जीन पियाजे के अनुसार निम्न में से कौन से कारक संज्ञानात्मक विकास की दिशा निर्धारित करते हैं?

(i) Maturation/परिपक्वता

(ii) Conditioning/अनुबंधन

(iii) Punishment/सजा

(iv) Activity/क्रिया

(v) Social experience/सामाजिक अनुभव

(a) (i), (ii), (iv), (v) (b) (ii), (iii), (iv)
(c) (iii), (iv), (v) (d) (i), (ii), (iii) (iv), (v)

Ans. (*) : संज्ञानात्मक विकास जानकारी के मौजूदा भंडार में नए तथ्यों और विचारों को जोड़ने से कहीं अधिक है। पियाजे के अनुसार, हमारी चिंतन प्रक्रिया मौलिक रूप से बदलती है, हालांकि धीरे-धीरे, जन्म से परिपक्वता तक, क्योंकि हम लगातार विश्व (समाज) को समझने का प्रयास करते हैं।

पियाजे ने बच्चे के विकास को प्रभावित करने वाले चार कारकों की पहचान की -

✶ **परिपक्वता (Maturation)⇒** बच्चा बड़ा होता है और जैविक प्रक्रियाएँ चिंतन स्वरूप को बदल देती हैं।

✶ **क्रियाशीलता (Activity)⇒** बच्चे पर्यावरण पर क्रिया करते हैं क्योंकि वे अन्वेषण, परीक्षण और निरीक्षण करते हैं।

✶ **सामाजिक अनुभव (Social Experience)⇒** बच्चे संचरण के माध्यम से दूसरों से सीखते हैं।

✶ **संतुलन (Equillibration)⇒** चिंतन में बुनियादी प्रवृत्तियों के बीच संतुलन की खोज करने की प्रवृत्ति।

Note⇒इस प्रश्न के उत्तर पर बोर्ड ने सबको बोनस मार्क दिये हैं।

5. According to Jean Piaget a child who believes that water when poured from one container to another, gains or looses in quantity depending on the shape of the second container/:
जीन पियाजे के अनुसार उस बच्चे की सोच के बारे में क्या कहा जा सकता हैं जो मानता है कि जब पानी को एक बर्तन से दूसरे में डाला जाता है तब पानी की मात्रा बर्तन के आकार अनुसार कम या बढ़ जाती है?

(a) has not attained conservation/
बच्चे में संरक्षण के कौशल नहीं है।

(b) has not mastered object permanence/
बच्चे ने वस्तु स्थायित्वता नहीं हासिल की है।

(c) is limited in thinking due to animism/
जीववादी सोच बच्चे के विचारों को सीमित करती है।

(d) is unable to perform seriation/
बच्चा क्रमबद्धता की प्रक्रिया करने में अक्षम है।

Ans. (a) : पूर्व संक्रियात्मक अवस्था में, बच्चे को विचार की अपरिवर्तनीयता, संरक्षण की अवधारणा के साथ समस्याओं का सामना करना पड़ता है तथा विचारों के केन्द्रीयकरण से संघर्ष करना पड़ता हैं। संरक्षण इस विचार को संदर्भित करता है कि आकार में परिवर्तन के बावजूद मात्रा समान रहती हैं। उदाहरण के लिए - जीन पियाजे के अनुसार उस बच्चे की सोच में संरक्षण कौशल नहीं हो सकता हैं जो मानता है कि जब पानी को एक बर्तन से दूसरे में डाला जाता हैं तब पानी की मात्रा बर्तन के आकार अनुसार कम या बढ़ जाती हैं।

6. The correct sequence of stages of cognitive development given by Piaget is/पियाजे द्वारा दिए गए संज्ञानात्मक विकास के चरणों का सही क्रम क्या है?

(a) Sensorimotor stage, Pre-Operational stage, Concrete Operational stage and Formal Operational stage/संवेदी चालक चरण, पूर्व-संक्रियात्मक चरण, मूर्त संक्रियात्मक चरण और अमूर्त संक्रियात्मक चरण

(b) Pre-Operational stage, Concrete Operational stage, Sensorimotor stage and Formal Operational stage/पूर्व-संक्रियात्मक चरण, मूर्त संक्रियात्मक चरण, संवेदी चालक चरण और अमूर्त संक्रियात्मक चरण

(c) Formal Operational stage, Concrete Operational stage, Pre-Operational stage, and Sensorimotor stage/अमूर्त संक्रियात्मक चरण, मूर्त संक्रियात्मक चरण, पूर्व-संक्रियात्मक चरण और संवेदी चालक चरण

(d) Sensorimotor stage, Concrete Operational stage, Pre-Operational stage and Formal Operational stage/संवेदी चालक चरण, मूर्त संक्रियात्मक चरण, पूर्व-संक्रियात्मक चरण और अमूर्त संक्रियात्मक चरण

Ans. (a) : जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत के अनुसारः

✶ संज्ञानात्मक विकास, विकास के विभिन्न चरणों में विभिन्न दरों पर होता है।

✶ बच्चे और पर्यावरण के बीच परस्पर क्रिया के माध्यम से संज्ञान विकसित होता हैं।

✶ पियाजे का सिद्धांत न केवल यह समझने पर केंद्रित है कि बच्चे कैसे ज्ञान प्राप्त करते हैं बल्कि बच्चे की बुद्धि की प्रकृति को भी समझने पर केन्द्रित हैं।

✶ पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के चार चरण निम्न हैं–

(1) संवेदी गामक/चालक चरण (जन्म से 2 वर्ष)
(2) पूर्व-संक्रियात्मक चरण (2 -7 वर्ष)
(3) मूर्त संक्रियात्मक चरण (7-11 वर्ष)
(4) अमूर्त संक्रियात्मक चरण (11 वर्ष और उससे अधिक)

7. Neha resists eating sweets her mother has got for guests because she might get caught. According to Kohlberg's theory Neha is at which stage of moral development/नेहा खुद को अपनी माँ द्वारा लाई मिठाई जो मेहमानों के लिए है, खाने से रोकती है यह सोचकर कि खाने से वह पकड़ी जा सकती है। कोहलबर्ग के सिद्धांत के अनुसार नेहा नैतिक विकास की किस अवस्था में हैं?

(a) Instrumental purpose orientation/
यांत्रिक सापेक्षता अभिविन्यास

(b) Punishment and obedience orientation/
सजा और आज्ञाकारिता अभिविन्यास

(c) Universal ethical principles/
सार्वभौमिक नैतिक सिद्धांत अभिविन्यास

(d) Good boy-good girl orientation/
अच्छा लड़का-अच्छी लड़की अभिविन्यास

Ans. (b) : कोहलबर्ग ने तीन चरणों या नैतिक तर्क के स्तरों की पहचान की -

(1) Pre-Coventional (पूर्व-पारंपरिक)

(2) Conventional (पारंपरिक)

(3) Post-Conventional (उत्तर-पारंपरिक)

जिसमें प्रत्येक को दो चरणों में विभाजित किया गया हैं। दिये गये प्रश्न में, नेहा खुद को अपनी माँ द्वारा लाई मिठाई जो मेहमानों के लिए है, खाने से रोकती है यह सोचकर कि खाने से वह पकड़ी जा सकती हैं। कोहलबर्ग के सिद्धांत के अनुसार नेहा नैतिक विकास की सजा और आज्ञाकारिता अभिविन्यास अवस्था में हैं।

सजा और अज्ञाकारिता अभिविन्यास, पूर्व-पारंपरिक स्तर के नैतिक विकास के किसी के भीतर परिणामों से निर्धारित होता है चाहे वह अच्छा हो या बुरा। दंड से बचना और प्राधिकारी के सामने झुकना सकारात्मक रूप से मूल्यवान हैं।

8. As per _____ theory children learn through interaction with more knowledgeable peers and adults/किसके सिद्धांतों के अनुसार बच्चे अपने से ज्यादा ज्ञान वाले समकक्षी व वयस्कों से अंतःक्रिया करके सीखते हैं?

(a) Lev Vygotsky's/लेव व्यागोत्सकी

(b) Jean Piaget's/जीन पियाजे

(c) Howard Gardner's/हॉवर्ड गार्डनर

(d) Lawhrence Kohlberg/लॉरेंस कोहलबर्ग

Ans. (a) : सोवियत संघ मनोवैज्ञानिक, लेव वायगोत्स्की ने 'सामाजिक- सांस्कृतिक सिद्धांत' प्रतिपादित किया हैं। इस सिद्धांत का तात्पर्य है कि सामाजिक संपर्क शिक्षार्थी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं।

- ✶ लेव वायगोत्स्की के अनुसार, बच्चों के विकास और सीखने में अपने समकक्षी व समवयस्कों के साथ बातचीत का महत्वपूर्ण महत्व है क्योंकि उनका सिद्धांत इस बात पर जोर देता है कि बच्चे कुशल और जानकार लोगों के साथ बातचीत और सहयोग के माध्यम से सीखते हैं।
- ✶ लेव वाइगोत्स्की ने अपने सिद्धांत में अंतःक्रिया के महत्व पर तीन अवधारणाओं को प्रस्तुत किया है जो इस प्रकार हैः (1) अधिक जानकार अन्य (2) मचान/पाड़ (3) समीपस्थ विकास का क्षेत्र

9. What plays an important role in cognitive development according to Lev Vygotsky/ लेव व्यागोत्सकी के अनुसार निम्न में से किसकी संज्ञानात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है?

(a) Conditioning/अनुकूलन

(b) Reinforcement/पुर्नबलन

(c) Cultural context/सांस्कृतिक परिवेश

(d) Heredity/अनुवांशिकता

Ans. (c) : बच्चे विशिष्ट शारीरिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और ऐतिहासिक परिस्थितियों (उनके सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ या परिवेश) में बड़े होते हैं, जो सभी उनके बचपन को प्रभावित करेंगे। शोध से पता चला है कि बच्चों के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश का उनके विकास पर बड़ा प्रभाव हो सकता हैं। लेव वायगोत्स्की के अनुसार, सांस्कृतिक परिवेश में संज्ञानात्मक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका हैं। सांस्कृतिक संदर्भ उस समाज से संबंधित है जहाँ बच्चों का पालन-पोषण होता है और संस्कृति व्यवहार को कैसे प्रभावित करती है। इसमें सीखे हुए मूल्य और लोगों के समूहों के बीच साझा किए जाने वाले दृष्टिकोण शामिल हैं। इसमें विश्वास, अर्थ, रीति-रिवाज, विचार, भाषा, मानदंड शामिल हैं।

10. In Howard Gardner's theory of intelligence, the ability to manipulate both the body and objects is referred to as/हावर्ड गार्डनर के बुद्धि के सिद्धांत में शरीर और वस्तुओं दोनों को कुशलतापूर्वक उपयोग करने की क्षमता को कौन सी बुद्धि कहा जाता है?

(a) Logico-mathematical intelligence/ तर्क-गणितीय बुद्धिमता

(b) Bodily-kinaesthetic intelligence/ शारीरिक-गति संवेदनात्मक बुद्धि

(c) Interpersonal intelligence/ अंतर्वैयक्तिक बुद्धि

(d) Linguistic intelligence/ भाषाई बुद्धि

Ans. (b) : मनोवैज्ञानिक हॉवर्ड गार्डनर ने बहुबुद्धि के सिद्धांत को विकसित किया जिसमें उन्होनें निर्धारित किया कि बुद्धि के आठ विशिष्ट प्रकार हैं। हावर्ड गार्डनर के बुद्धि के सिद्धांत में शरीर और वस्तुओं दोनों को कुशलतापूर्वक उपयोग करने की क्षमता को शारीरिक-गतिक संवेदनात्मक बुद्धि कहा जाता हैं। शारीरिक-गतिक संवेदनात्मक बुद्धि वस्तुओं मे हेरफेर करने और विभिन्न प्रकार के शारीरिक कौशल का उपयोग करने की क्षमता है। इस बुद्धिमत्ता में मन-शरीर मिलन के माध्यम से समय की भावना और कौशल की पूर्णता भी शामिल हैं। एथलीट, नर्तक, सर्जन और शिल्पकार अच्छी तरह से विकसित शारीरिक गतिज बुद्धि का प्रदर्शन करते हैं।

11. Visual-spatial intelligence includes/दृश्य-स्थानिक बुद्धि में क्या शामिल हैं?

(a) The capacity to think in images and pictures, to visualise accurately and abstractly/ छवियों और चित्रों में सोचने की क्षमता, सटीक और अमूर्त रूप से कल्पना करने की क्षमता

(b) Sensitivity to rhythm, pitch, meter, tone, melody/लय, ताल, मीटर, स्वर, माधुर्य के प्रति संवेदनशीलता

(c) Ability to comprehend and create stories and poems/कहानियों व कविताओं को समझने व गढ़ने की क्षमता

(d) Ability to classify natural forms such as animal and plant species and rocks and Mountain types/प्राकृतिक रूपों जैसे जानवरों और पौधों की प्रजातियों और चट्टानों और पर्वत प्रकारों को वर्गीकृत करने की क्षमता

Ans. (a) : बहु-बुद्धि (मल्टीपल इंटेलिजेंस) का सिद्धांत जिसमें आठ अलग-अलग प्रकार की बुद्धि शामिल हैं, एक अमेरिकी मनोवैज्ञानिक 'हावर्ड गार्डनर' द्वारा प्रतिपादित किया गया है। उन्हीं में से एक दृश्य-स्थानिक बुद्धि में छवियों और चित्रों में सोचने की क्षमता, सटीक और अमूर्त रूप से कल्पना करने की क्षमता शामिल हैं। ऐसे लोग स्थानिक अभिविन्यास में अच्छे होते हैं, दृश्य चित्र और पैटर्न बनाते हैं।

✶ ये मन की आंखों से दुनिया की आसानी से कल्पना कर सकते हैं, अपनी धारणा के आधार पर परिवेश को संशोधित कर सकते हैं और अपने दृश्य अनुभवों के पहलुओं को फिर से बना सकते हैं।

✶ ये छवियों, आकृतियों, चेहरों बारीक विवरणों को याद रखने और विभिन्न कोणों से चीजों की कल्पना करने में अच्छे हैं।

✶ उच्च दृश्य/स्थानिक बुद्धि वाले लोग आर्किटेक्ट, चित्रकार, इंटीरियर डिजाइनर, पायलट, नाविक आदि होने की संभावना रखते हैं।

12. A teacher's remark to boys in a co-education class, "Be strong and don't behave meekly like girls" would encourage/सह-शिक्षा कक्षा में लड़कों के लिए एक शिक्षक की टिप्पणी, ''मजबूत बनो और लड़कियों की तरह नम्र व्यवहार मत करो'' किसको बढ़ाना देगा?

(a) gender equity/जेंडर समता
(b) gender stereotyping/जेंडर रूढ़िवादिता
(c) gender role flexibility/जेंडर भूमिका में लचीलापन
(d) gender equality/जेंडर समानता

Ans. (b) : जेंडर रूढ़िवादिता किसी व्यक्ति के बारे में उसके लिंग के आधर पर बनायी गई धारणा है, जो समाज में उसकी विशेषताओं, व्यवहारों और जिम्मेदारियों को लिंग के अनुसार परिभाषित करती हैं। उदाहरण के लिए - सह-शिक्षा कक्षा में लड़कों के लिए एक शिक्षक की टिप्पणी, ''मजबूत बनों और लड़कियों की तरह नम्र व्यवहार मत करो'' यह जेंडर रूढ़िवादिता को बढ़ावा देगा।

13. What should be the pedagogical strategies in a classroom with diverse learners/विविध शिक्षार्थियों वाली कक्षा में शैक्षणिक रणनीतियाँ क्या होनी चाहिए?

(a) Reasonable accommodation/ उचित समावेशन
(b) Standardized assessment/ मानकीकृत मूल्यांकन
(c) Decontextualized curriculum/ गैर-प्रासंगिक पाठ्यक्रम
(d) Inflexibility in approach/ दृष्टिकोण में अनम्यता

Ans. (a) : विविध शिक्षार्थियों वाली कक्षा में शैक्षणिक रणनीतियाँ उचित समावेशन में होनी चाहिए। समावेशी कक्षा उस शिक्षा प्रणाली को संदर्भित करता है जिसमें शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक, भाषाई या अन्य विकलांग स्थितियों की परवाह किये बिना सभी बच्चों को शामिल किया जाता हैं। विविध शिक्षार्थियों के साथ एक समावेशी कक्षा में, सहकर्मी-स्वीकृति की सुविधा के लिए सहयोगी अधिगम और समवयस्कों को सीखने को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि उचित समावेशन द्वारा कक्षा में सहयोगी अधिगम से सीख सकें।

14. Which of the following is an important aspect related to assessment for learning/सीखने के लिए मूल्यांकन का एक महत्वपूर्ण पहलू क्या है?

(a) Single strategy of assessment can provide complete information about a child's progress and learning/मूल्यांकन की किसी एक ही रणनीति से बच्चे की प्रगति व अधिगम की सम्पूर्ण जानकारी का पता किया जा सकता है
(b) It serves to observe changes in learning progress over time/यह सीखने में होने वाले बदलाव का अवलोकन करता है
(c) It does not identify individual and specific needs of all children/यह बच्चों की व्यक्तिगत व विशिष्ट जरूरतों को नहीं पहचानता
(d) It helps teachers to identify children who are mentally retarded/यह शिक्षकों को मानसिक मंदबुद्धि वाले बच्चों को पहचानने में मदद करता है

Ans. (b) : मूल्यांकन सीखने की प्रक्रिया में सुधार के उद्देश्य के लिए जानकारी एकत्र करने, प्राप्त करने और उपयोग करने की एक प्रक्रिया हैं।

✶ मूल्यांकन छात्र के सीखने की क्षमता का निर्णय लेने के लिए जानकारी एकत्र करने का एक व्यवस्थित तरीका हैं।

✶ सीखने के लिए मूल्यांकन का एक महत्वपूर्ण पहलू सीखने में होने वाले बदलाव का अवलोकन करने से हैं।

✶ इस मूल्यांकन में, शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया के दौरान बच्चे की प्रगति की निगरानी करें।

✶ उनकी सीखने की जरूरतों को जानने और उचित रणनीति का चयन करके अंतर को भरने में मदद करता हैं।

15. Aim of Assessment should be to/ मूल्यांकन का उद्देश्य क्या होना चाहिए?

(a) Induce fear and stress in the students/ छात्रों में भय और तनाव पैदा करना
(b) Create feeling of insecurity and inferiority/ असुरक्षा और हीनता की भावना पैदा करना
(c) Enable comparison among students/ छात्रों के बीच तुलना करना
(d) Aid in the process of teaching learning/ सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में सहायता करना

Ans. (d) : मूल्यांकन का उद्देश्य छात्रों के सीखने में अंतराल की पहचान करके अधिगम की प्रक्रिया में अभ्यर्थियों का समर्थन करने के तरीकों का पता लगाना हैं और छात्रों के सीखने के अंतराल को कम करने के लिए कौन से उपचारात्मक उपाय उपयुक्त होने चाहिए, जिन्हें जारी रखने या सुधारने की आवश्यकता हैं। मूल्यांकन का उद्देश्य सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में सहायता करना होना चाहिए।

16. Assertion (A): Only special children benefit from inclusive education/
कथन (A): समावेशी शिक्षा से केवल 'विशेष' बच्चे ही लाभान्वित होते हैं।

Reason (R): The concept of inclusive education is based on the philosophy of addressing only learners with some impairment/
तर्क (R): समावेशी शिक्षा की अवधारणा इस दर्शन पर आधारित है कि केवल कुछ बाधिता वाले शिक्षार्थियों की जरूरतों को ही पोषित किया जाए

Choose the correct option/सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या नही करता है (A) की

(c) (A) is true but (R) is false/
(A) सही है लेकिन (R) गलत है

(d) Both (A) and (R) are false/
(A) और (R) दोनों गलत है

Ans. (d) : समावेशी शिक्षा का अर्थ सामान्य कक्षा में व्यक्तिगत भिन्नताओं का समागम करना है न कि केवल विशेष बच्चों को क्योंकि यह सभी बच्चों को शिक्षा प्रणाली में शामिल करने के लिए संदर्भित करती है, चाहे उनके भिन्नता और अक्षमता कुछ भी हों। इस प्रकार कथन (A) गलत है तथा समावेशन का दर्शन इस आधार पर बनाया गया है कि सभी छात्रों को उनकी अद्वितीय क्षमताओं के लिए महत्व दिया जाना चाहिए। यह एक ऐसी शिक्षा प्रणाली को संदर्भित करती है जो सभी बच्चों को उनकी शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक, भावनात्मक, भाषाई या अन्य स्थितियों की परवाह किए बिना समायोजित करती हैं। इस प्रकार यह तर्क भी गलत है अतः, हम यह कह सकते हैं कि (A) और (R) दोनों गलत हैं।

17. To cater to students from disadvantaged backgrounds teachers should practise/
वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों का समायोजन करने के लिए शिक्षकों को किसका पालन करना चाहिए?

(a) Social exclusion/सामाजिक बहिष्कार

(b) Social marginalization/सामाजिक हाशिकरण

(c) Standardized curriculum/मानकीकृत पाठ्यक्रम

(d) Differentiated instruction/विभेदित निर्देश

Ans. (d) : वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों का समायोजन करने के लिए शिक्षकों को विभेदित निर्देश का पालन करना चाहिए।
एक समावेशी कक्षा में, विभिन्न योग्यताओं, संस्कृतियों, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य और अक्षमताओं वाले कई शिक्षार्थी होते हैं। उनका सम्मान करते हुए एक शिक्षक को –

✶ चुनौतीपूर्ण, पिछड़े दिव्यांग बच्चों सहित सभी के लिए समान शिक्षा देना होता हैं।

✶ विभेदित निर्देशात्मक रणनीतियों का उपयोग करना और व्यक्तिगत छात्रों की सीखने की गति का सम्मान करना होता हैं।

✶ इस प्रकार हम विचार कर सकते हैं कि विभिन्न शिक्षण शैलियाँ विविध कक्षाओं में छात्रों के सीखने की सुविधा प्रदान करती हैं।

18. _____ is an example of assistive technology to aid mobility for students with locomotor disability/निम्नलिखित में से कौन-सा शारीरिक-गतिक विकलांगता से जूझते विद्यार्थियों के लिए गतिशीलता सहायक तकनीक का उदाहरण है?

(a) Wheelchair/पहिया कुर्सी

(b) Large print books/बड़ी मुद्रणवाली किताबें

(c) Word prediction software/
शब्द भविष्यवाणी वाला सॉफ्टवेयर

(d) Tactile materials/स्पर्श सामग्री

Ans. (a) : सामान्य अर्थों में शारीरिक-गतिक विकलांगता ऐसी शारीरिक एवं मानसिक अक्षमता है जिसके चलते कोई व्यक्ति सामान्य व्यक्तियों की तरह किसी कार्य को करने में अक्षम होता हैं। शारीरिक गतिक विकलांगता से जूझते विद्यार्थियों के लिए गतिशीलता सहायक तकनीक का उदाहरण पहिया कुर्सी (Wheel chair) हैं। शारीरिक गतिक विकलांगता वाले छात्रों के सफल समावेश के लिए एक सुलभ बुनियादी ढाँचे की आवश्यकता होती है क्योंकि समावेश तभी सफल होता है जब विद्यालय बच्चे की सीखने की जरूरतों के लिए उचित रूप से प्रतिक्रिया करते हैं।

✶ भूतल पर कक्षाएँ आवंटित करने का प्रावधान उन्हें विभिन्न शिक्षण गतिविधियों में आसानी से भाग लेने और स्वतंत्र रूप से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचने में मदद करेगा।

19. Difficulties in mathematical concepts and computation are typical characteristics of students with/गणितीय अवधारणाओं और गणना में कठिनाइयाँ किन छात्रों की विशिष्ट विशेषताएँ हैं?

(a) Dyscalculia/गुणज वैकल्य

(b) Dyslexia/पठन वैकल्य

(c) Dysgraphia/लेखन वैकल्य

(d) Autism/स्वलीनता

Ans. (a) : गणितीय अवधारणाओं और गणना में कठिनाईयाँ गुणज वैकल्य वाले छात्रों की विशिष्ट विशेषताएँ हैं।
डिसकैलकुलिया (गुणाज वैकल्य) एक गणितीय अक्षमता है। इसमें शिक्षार्थी को गुणज वैकल्य हो सकता है, ये हैं :

✶ गिनने में कठिनाई होती हैं।

✶ चीजों को क्रम में व्यवस्थित करने में कठिनाई होती हैं।

✶ मात्रा, स्थानीयमान और सकारात्मक और नकारात्मक मानों की अवधारणाओं को समझने में कठिनाई होती हैं।

20. Typical identifying characteristics of creative children include/रचनात्मक बच्चों की विशिष्ट पहचान विशेषताओं में शामिल हैं:

(a) Rigidity for ideas/विचारों की अनम्यता

(b) High tolerance for boredom/
ऊब के लिए उच्च सहिष्णुता

(c) Preference for complexity/
जटिलता के लिए वरीयता

(d) Convergent thinking/अभिसारी सोच

Ans. (c) : रचनात्मक बच्चे वे हैं जों कई क्षेत्रों में उच्च प्रदर्शन क्षमता दिखाते हैं जैसे कि कलात्मक और रचनात्मक कार्य, नेतृत्व की गुणवत्ता, अवलोकन की उत्सुकता आदि।

✶ मौलिक विचार और अभिव्यक्ति का होना।

✶ असंभव चीजों के बीच संबंध का होना।

✶ जिज्ञासा, बर्हिमुखी और स्वभाव में महत्वाकांक्षी होना।

✶ जल्दी से सोचने और समस्याओं को नए नवीन तरीके से हल करने की रुचि का होना

✶ जटिलता के लिए वरीयता का होना।

21. Meaningful learning involves/
अर्थपूर्ण अधिगम में क्या सम्मिलित है?

(a) Provisions of rewards and punishment/ पुरस्कार और दंड का प्रावधान
(b) Opportunities to interact with each other/ एक दूसरे के साथ बातचीत करने के अवसर
(c) Reflections on learning how to learn/ सीखने के तरीके पर विचार
(d) Opportunities for competition with peers/ साथियों के साथ प्रतिस्पर्धा के अवसर

Ans. (b) and (c) : अर्थपूर्ण अधिगम यह महसूस करना है कि किसी अवधारणा, विचार, सिद्धांत, सूत्र या तर्क के सभी भाग एक साथ हैं। इसमें विश्लेषण, गहन, चिंतन और समस्या-समाधान की प्रक्रिया शामिल हैं। अधिगम के दौरान शिक्षक को सूचना का विश्लेषण करने में मदद करनी चाहिए ताकि छात्र उसके बारे में सोच सकें और गहन चिंतन विकसित कर सकें। जब बच्चे गहन चिंतन करने लगेंगे तो समस्या समाधान में उनका उपयोग कर सकेंगे। अर्थपूर्ण अधिगम में सम्मिलित हैं :

✶ एक दूसरे के साथ बातचीत करने के अवसर
✶ सीखने के तरीके पर विचार

22. Assertion (A): Learner-centred approach is one where textbook is the centre of all learning/
कथन (A): शिक्षार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण वह है जहाँ पाठ्यपुस्तक सभी सीखने का केंद्र है

Reason (R): Students in middle school learn best when asked to reproduce the textbook as it is/तर्क (R): माध्यमिक विद्यालय में छात्र सबसे अच्छा सीखते हैं जब पाठ्यपुस्तक को पुनः पेश करने के लिए कहा जाता है

Choose the correct option/सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है और (A) की (R) सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) दोनों सही है लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है
(c) (A) is true but (R) is false/ (A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false/ (A) और (R) दोनों गलत है

Ans. (d) : शिक्षार्थी केंद्रित दृष्टिकोण में शिक्षार्थी या 'बच्चे' शैक्षिक कार्यक्रम का मुख्य केन्द्र बिन्दु होते हैं न कि पाठ्यपुस्तक। इसका समग्र लक्ष्य, बच्चे का सर्वांगीण विकास है, न कि केवल ज्ञान प्राप्त करना हैं। इस प्रकार कथन गलत है तथा माध्यमिक विद्यालय में छात्र सबसे अच्छा सीखते हैं जब पाठ्यपुस्तक को पुनः पेश करने के लिए कहा जाता है यह तर्क भी गलत हैं क्योंकि वर्ष 2005 में NCF ने यह स्पष्ट कर दिया था कि विद्यार्थियों की सीखने की क्रिया में उनकी भागीदारी, सीखने के श्रेष्ठतम परिणाम पाने की कुंजी हैं। अतः (A) और (R) दोनों गलत हैं।

23. In a socio-constructivist classroom, learning/
एक सामाजिक-रचनात्मक कक्षा में, अधिगमः

(a) is a permanent measurable change in the child's behaviour/बच्चे के व्यवहार में स्थायी रूप से मापने योग्य परिवर्तन है
(b) is a process of co-construction of knowledge/ ज्ञान के सह-निर्माण की एक प्रक्रिया है
(c) Happens by pairing of a stimulus and response/एक उद्दीपन और प्रतिक्रिया के युग्म से होता है
(d) Takes place when the students are offered positive reinforcement/तब होता है जब छात्रों को सकारात्मक पुनर्बलन पेशकश की जाती है

Ans. (b) : एक सामाजिक-रचनात्मक कक्षा में, अधिगम ज्ञान के सह-निर्माण की एक प्रक्रिया हैं। सामाजिक-रचनात्मक परिप्रेक्ष्य की विशेषताएं इस प्रकार हैं -

✶ ज्ञान पूरी तरह से ज्ञात और निश्चित नहीं है।
✶ अधिगमकर्ता अनुभवों के माध्यम से ज्ञान के व्यक्तिगत निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाता हैं।
✶ अधिगम एक सामाजिक प्रक्रिया है जिसमें अधिगमकर्ता ऐसे अर्थ का निर्माण करता हैं जो पूर्व ज्ञान और नवीन अधिगम की घटनाओं की अंतःक्रिया या शिक्षकों की मदद से प्रभावित होता है।
✶ यह अधिगमकर्ता की विशिष्टता और जटिलता को स्वीकार करता है।

24. _____ should be the basis for a conducive classroom environment for learning/
..... अधिगम के लिए उचित कक्षा वातावरण का आधार होने चाहिए

(a) Principles of conditioning and reinforcement/ अनुकूलन और पुनर्बलन के सिद्धांत
(b) Competition and individualism/ प्रतिस्पर्धा और व्यक्तिवाद
(c) Cooperation and collaboration/ सहयोग और सहकारात्मकता
(d) Segregation and labelling/ पृथक्कीकरण व नामीकरण

Ans. (c) : कक्षा का वातावरण उन महत्वपूर्ण कारकों में से एक हैं जो अर्थपूर्ण अधिगम के लिए उत्तरदायी हैं। कक्षा का वातावरण अधिगम और अवधारणा के प्रति छात्र की रूचि और जिज्ञासा को तय करता हैं।

⇒ **कक्षा का वातावरण :**

✶ सहयोग और सहकारात्मकता अधिगम के लिए उचित कक्षा वातावरण का आधार होने चाहिए।
✶ उच्च छात्र सहभागिता और भागीदारी पर ध्यान केंद्रित करने वाला होना चाहिए।
✶ सहभागी एवं सहयोगी होना चाहिए।
✶ शिक्षार्थी एवं सहयोगी होना चाहिए।
✶ शिक्षार्थी यह भी जानते हैं कि कक्षा का वातावरण सकारात्मक होने पर उन्हें व्यक्तिगत रूप से महत्व दिया जाता हैं।

25. Assertion (A): Encouraging middle school children to make intuitive guesses and prompting them to look for different ways is an effective strategy to promote problem-solving skills/कथन (A): मध्य विद्यालय के बच्चों को सहज अनुमान लगाने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें विभिन्न तरीकों की तलाश करने के लिए प्रोत्साहित करना समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी रणनीति है

Reason (R): Children learn through the processes of discussion and thinking of multiple perspectives/तर्क (R): बच्चे विभिन्न दृष्टिकोणों की चर्चा और सोच की प्रक्रियाओं के माध्यम से सीखते है।

Choose the correct option/सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है और (A) की (R) सही व्याख्या करता है

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है

(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है

(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है

Ans. (a) : मध्य विद्यालय के बच्चों को सहज अनुमान लगाने के लिये प्रोत्साहित करना और उन्हें विभिन्न तरीकों की तलाश करने के लिए प्रोत्साहित करना समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी रणनीति है क्योंकि बच्चे विभिन्न दृष्टिकोण की चर्चा और सोच की प्रक्रियाओं के माध्यम से सीखते हैं। समस्या-समाधान उचित कौशलों को व्यवस्थित रूप से लागू करके समस्याओं को पहचानने और हल करने की क्षमता है जिसमें हम जो जानते है उसे जो नहीं जानते है उसे खोजने के लिये लेते हैं। अतः (A) और (R) दोनों हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

26. Questions in the classrooms/कक्षा में प्रश्नः

(a) Should be asked by the students and answered by the teacher only/केवल छात्रों द्वारा पूछे जाने चाहिए और सिर्फ शिक्षक द्वारा ही उत्तर दिया जाने चाहिए

(b) Should be asked by the teacher and answered by the students only/केवल शिक्षक द्वारा पूछे जाने चाहिए और सिर्फ छात्रों द्वारा ही उत्तर दिया जाने चाहिए

(c) Should not be asked or responded by anyone/ किसी के भी द्वारा नहीं पूछे और नहीं जवाब दिए जाने चाहिए

(d) Should be asked and answered both by the students and teachers/छात्रों और शिक्षकों दोनों द्वारा पूछे और उत्तर दिये जाने चाहिए

Ans. (d) : कक्षा में प्रश्न छात्रों और शिक्षकों दोनों द्वारा पूछे और उत्तर दिये जाने चाहिए। प्रश्न पूछना जिज्ञासा और कौतूहल को भी उत्पन्न करने के लिए सबसे प्रभावी रणनीति को संदर्भित करता हैं। प्रश्न पूछना कक्षा के माहौल को अधिक परस्पर संवादात्मक बनाता हैं। जैसे ही बच्चा पूछता है एक शिक्षक को छात्रों के संदेहों और प्रश्नों को स्पष्ट करना चाहिए। इससे छात्रों में प्रश्न पूछने का कौशल तथा अधिक जानने की जिज्ञासा विकसित होगी।

27. Intrinsic motivation amongst students can be increased by/विद्यार्थियों में आंतरिक अभिप्रेरणा को कैसे बढ़ाया जा सकता है?

(a) Offering materialist rewards/ भौतिकवादी पुरस्कार प्रदान करके

(b) Negative reinforcement/ नकारात्मक सुदृढ़ीकरण द्वारा

(c) Fear of punishment/ दंड के भय द्वारा

(d) Focusing on the joy of learning/ सीखने की खुशी पर ध्यान केंद्रित करके

Ans. (d) : आंतरिक प्रेरणा वह है जो किसी व्यक्ति को किसी गतिविधि को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती हैं, बाहरी पुरस्कारों के लिए नहीं, बल्कि इसलिए कि कार्रवाई स्वयं सुखद हैं। विद्यार्थियों में आंतरिक अभिप्रेरणा को सीखने की खुशी पर ध्यान केन्द्रित करके बढ़ाया जा सकता हैं। गतिविधि करने में अनुभव किए गए आनंद के तत्व वास्तव में गतिविधि को बनाए रखते हैं। हमारे शौक जो हमें खुशी देते हैं, उनको बार-बार करना भी आंतरिक अभिप्रेरणा का उदाहरण हैं।

28. Students in middle school construct knowledge and make meaning through/मध्य विद्यालय के छात्र किन प्रक्रियाओं के द्वारा ज्ञान का निर्माण करते हैं और अर्थ निकालते हैं?

(i) Active exploration/सक्रिय अन्वेषण

(ii) Working on abstract problems/ अमूर्त समस्याओं पर काम करना

(iii) Enquiry and experimentation/ पूछताछ और प्रयोग

(iv) Interaction with teachers and peers/ शिक्षकों और साथियों के साथ बातचीत

(a) (i) (iii) (b) (i) (ii) (iv)
(c) (ii) (iii) (iv) (d) (i) (ii) (iii) (iv)

Ans. (d) : मध्य विद्यालय के छात्र के रूप में ज्ञान संग्रह को एक ऐसी प्रक्रिया के रूप में परिभाषित कर सकते हैं जिसमें शिक्षक और शिक्षार्थी की सक्रिय भागीदारी शामिल होती है जो कुछ नया सीखने की जिज्ञासा और प्रेरणा से प्रेरित होती हैं और अर्थ निकालते हैं :

- ✶ सक्रिय अन्वेषण
- ✶ अमूर्त समस्याओं पर काम करना
- ✶ पूछताछ और प्रयोग
- ✶ शिक्षकों और साथियों के साथ बातचीत

29. Teacher should encourage children to think of ability as _____ and failure as _____
शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों की योग्यता को ..... और असफलता को ..... रूप में सोचने के लिए प्रोत्साहित करें।

(a) Fixed; shameful and humiliating/
स्थायी; शर्मनाक और अपमानजनक

(b) Incremental; an opportunity for improvement/
वृद्धिशील; सुधार के अवसर के

(c) Fixed; an opportunity for improvement/
स्थायी; सुधार के अवसर के

(d) Incremental; shameful and humiliating/
वृद्धिशील; शर्मनाक और अपमानजनक

Ans. (b) : अध्यापन का लाभ अधिकतम तब होता है जब शिक्षक छात्रों के लिए एक सुविधा के रूप में कार्य करता हैं।

- ✶ एक शिक्षक को विद्यार्थियों का प्रदर्शन लक्ष्यों के बजाय सीखने के लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
- ✶ शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों की योग्यता को वृद्धिशील और असफलता को सुधार के अवसर के रूप में सोचने के लिए प्रोत्साहित करें।
- ✶ शिक्षकों की भूमिका को शिक्षार्थियों को उनके सीखने में सक्रिय प्रतिभागियों के रूप में देखने के लिए माना जाता है न कि ज्ञान के प्राप्तकर्ता के रूप में।

30. _____ would be a contributing factor for children's academic failure/अकादमिक निम्न में से कौन-सा कारक विफलता के लिए जिम्मेदार है?

(a) Collaborative learning/सहयोगात्मक शिक्षा

(b) Inclusive classroom/समावेशी कक्षाएं

(c) Decontextualised curriculum/
गैर-प्रासंगिक पाठ्यक्रम

(d) Meaningful learning/सार्थक अधिगम

Ans. (c) : शैक्षणिक उपलब्धि में छात्रों की विफलता के कई कारण है जैसे रूचि की कमी, कम ध्यान आदि। इसके प्रमुख कारणों में से एक गैर-प्रासंगिक पाठ्यक्रम हैं। गैर प्रासंगिक, किसी चीज की जाँच या व्याख्या करने की प्रक्रिया हैं जो उस संदर्भ से अलग है जिसमें वह अंतर्निहित हैं। यह सचेत या अवचेतन रूप से होता हैं। गैर-प्रासंगिक पाठ्यक्रम छात्रों की विफलता के लिए जिम्मेदार हो सकता हैं क्योंकि वे उस पाठ्यक्रम के समाधान में सक्षम नहीं होंगे जो उनकी वास्तविकता दुनिया के साथ प्रासंगिक नही हैं।

SOCIAL SCIENCE

1. Match the following in the context of rulers of Delhi during medieval period and choose the appropriate option/मध्यकाल में दिल्ली के शासकों के संदर्भ में निम्नलिखित का मिलान कीजिए, और उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए।

	A		B
(a)	**Tomaras/ तोमर**	**(i)**	**1175-1192**
(b)	**Ananga Pala/ अनंगपाल**	**(ii)**	**1165-1192**
(c)	**Chauhans/ चौहान**	**(iii)**	**Early 12th century -1165/आरंभिक 12वीं शताब्दी 1165**
(d)	**Prithviraj Chauhan/ पृथ्वीराज चौहान**	**(iv)**	**1130-1145**

(a) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(iii), (d)-(i)

(b) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)

(c) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(ii)

(d) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(iii)

Ans. (b) : मध्यकाल में दिल्ली के शासकों के सन्दर्भ में सही सुमेलन निम्न प्रकार है –

1- तोमर – आरंभिक 12वीं शताब्दी 1165

2- अनंगपाल – 1130 – 1145

3- चौहान – 1165 – 1192

4- पृथ्वीराज चौहान – 1175 – 1192

2. In the ancient Tamil Nadu the settlement of _____ were called Ur./ प्राचीन तमिलनाडु में ..... की बस्तियों को उर (Ur) कहते थे।

(a) merchants/व्यापारियों

(b) nobles/कुलीनों/अभिजातों

(c) peasants/खेतिहरों/किसानों

(d) craftsmen/शिल्पकारों

Ans. (c) : प्राचीन तमिलनाडु में खेतिहरों/किसानों की बस्तियों को उर (Ur) कहते थे। उर राज्य की सबसे छोट इकाई थी सम्पूर्ण राज्य को मंडलों में विभक्त किया गया था। प्रान्तों का प्रशासन मुख्यतः चोल राजकुमारों के अधीन था मंडल को विशाल भू- क्षेत्रों में बाटा गया था जिन्हें कोट्टम कहा जाता था। प्रत्येक कोट्टम को अनेक नाडुओं अथवा जनपद में निभक्त किया गया था प्रत्येक नाडु में अनेक कुर्रम अथवा ग्राम समूह सम्मिलित थे। ग्राम या उर प्रशासन की सबसे छोटी इकाई थी।

3. Match the following in the context of rulers of the fall of Mughal empire/मुगल साम्राज्य के पतन के संदर्भ में निम्नलिखित का मिलान कीजिए।

	A		B
(a)	**Farrukh Siyar/ फर्रुखसियर**	**(i)**	**1759-1816**
(b)	**Shah Alam II/ शाह आलम द्वितीय**	**(ii)**	**1713-1719**
(c)	**Ahmad Shah/ अहमद शाह**	**(iii)**	**1754-1759**
(d)	**Alamgir II/ आलमगीर द्वितीय**	**(iv)**	**1748-1754**

(a) (a)-(i), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(ii)

(b) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iii)

(c) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii)

(d) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)

Ans. (c) : मुगल साम्राज्य के पतन के सन्दर्भ में सही सुमेलन निम्न प्रकार है –

A. फर्रुखशियार – 1713 - 1719

B. शाह आलम द्वितीय – 1759 - 1816

C. अहमद शाह – 1748 – 1754

D. आलमगीर द्वितीय – 1754 – 1759

4. **'Coparcenary inheritance' means_____/ 'उत्तराधिकार की सहदायाद' प्रथा का अर्थ है .....है।**

(a) favourite son inheriting his father's estate/ पसंदीदा पुत्र को अपने पिता की संपत्ति विरासत में मिलना

(b) eldest son inheriting his father's estate/ ज्येष्ठ पुत्र को अपने पिता की संपत्ति विरासत में मिलना

(c) division of the inheritance among all the sons and daughters/सभी पुत्रों व पुत्रियों के बीच विरासत का विभाजन

(d) division of the inheritance among all the sons/ सभी पुत्रों के बीच विरासत का विभाजन

